ॐ

श्रीअभय जैन ग्रन्थमाला पुष्प ८ वां

ऐतिहासिक जैन-काव्य संग्रह

सम्पादक—

अगरचन्द्र नाहटा

भँवरलाल नाहटा

प्रकाशक—

शङ्करदान शुभैराज नाहटा

नं० ५-६ आरमेनियन स्ट्रीट,

कलकत्ता।

प्रथमावृत्ति १०००] वि० सं० १९९४ [मूल्य ३)

शंकरदानजी नाहटा

(ग्रन्थ प्रकाशक)

परम सहृदय, उदार एवं धर्मनिष्ठ
पूज्य ज्येष्ठ भ्राताजी

श्रीमान् दानमलजी नाहटा

की

स्वर्गस्थ आत्माको

सादर समर्पित ।

—शङ्करदान नाहटा
(ग्रन्थ प्रकाशक)

प्राक्कथन

जैनोंका प्राचीन इतिहास अस्तव्यस्त बिखरा हुआ है। ताम्र-पत्र और शिलालेखोंके अतिरिक्त संस्कृत, प्राकृत और लोकभाषाके काव्योंमें भी प्रचुर इतिहाससामग्री उपलब्ध होती है, उन सबको संग्रहकर प्रकाशित करना नितान्त आवश्यक है। आर्य्यसंस्कृतिमें गुरुका पद बहुत ऊंचा माना गया है उनकी भक्तिका महात्म्य अति विशाल है। धर्माचार्य्योंका इतिवृत्ति या जीवनचरित्र उनके भक्त शिष्यगुणानुवादरूप काव्योंमें लिखा करते हैं, ऐसे काव्य जैन-साहित्यमें हजारोंकी संख्यामें हैं परन्तु खेद है कि शोधके अभावसे अधिकांश (अमुद्रित काव्य) प्राचीन ज्ञानभण्डारोंमें पड़े-पड़े नष्ट हो रहे हैं और अद्यावधि जैसा चाहिए वैसा इस दिशामें प्रयत्न हुआ ज्ञात नहीं होता।

अद्यावधि प्रकाशित ऐ० काव्यसंग्रह

ऐतिहासिक भाषा काव्योंके संग्रहरूपसे अद्यावधि प्रकाशित ग्रन्थ हमारे समक्ष केवल ७ ही हैं। जिनमें "ऐतिहासिक राससंग्रह" नामक ४ भाग और "ऐतिहासिक सज्झायमाला भा० १" श्रीविजय-धर्मसूरिजी और उनके शिष्य श्री विद्याविजयजी सम्पादित एवं श्री जिनविजयजी सम्पादित "जैन ऐतिहासिक गूर्जर काव्य संचय" और मोहनलाल दलीचंद देसाई B. A. L. L. B. संशोधित "जैन ऐतिहासिक रासमाला" नामसे प्रकाशित हुए हैं।

इनके अतिरिक्त कई ऐतिहासिक काव्य स्वतन्त्र-ग्रन्थ १ रूपमें २ मासिकपत्रोंमें और कतिपय ३रास-संग्रहोंमें भी प्रकाशित हुए हैं।

ऐसे रास अभी तक बहुत अधिक प्रमाणमें अप्रकाशित हैं उन्हें शीघ्र प्रकाशित करना आवश्यक है जिससे ऐतिहासिक क्षेत्रमें नया प्रकाश पड़े। आचार्यों एवं विद्वानोंके अतिरिक्त कतिपय सुश्रावकोंके ऐ० काव्य भी उपरोक्त संग्रहोंमें प्रकाशित हुए हैं। तीर्थोंके सम्बन्धमें भी ऐसे अनेकों काव्य उपलब्ध हैं जिनका संग्रह भी मुनिराज श्रीविद्याविजयजी सम्पादित "प्राचीन तीर्थमाला" और "पाटणचैत्य परिपाटी" आदि पुस्तकोंमें छपा है एवं "जैनयुग" के अंकोंमें भी कई स्थानोंको चैत्यपरिपाटियाँ और तीर्थमालाएं प्रकाशित हुई हैं। हमारे संग्रहमें भी ऐसे अप्रकाशित अनेकों ऐतिहासिक काव्य हैं जिन्हें यथावकाश प्रकाशित किया जायगा।

आवश्यकीय स्पष्टीकरण

प्रस्तुत सग्रहमें अधिकांश काव्य खरतरगच्छीय ही हैं, इससे कोई यह समझनेकी भूल न कर बैठे कि सम्पादकोंको अन्यगच्छीय काव्य प्रकाशित करना इष्ट नहीं था। हमने तपागच्छीय खोज-शोधप्रेमी विद्वान् मुनिवर्योंको तपागच्छीय अप्रकाशित काव्य भेजनेको विज्ञप्ति भी की थी, पर खेद है कि किसीकी ओरसे कोई सामग्री नहीं मिली। तब यथोपलब्ध सामग्रीको ही प्रकाशित करना पड़ा।

---

१ यशोविजयरास, कल्याणसागरसूरिरास, देवविलास। २ जैनयुगके अङ्कोंमें। ३ प्राचीन गूर्जरकाव्यसंग्रहमें, रास संग्रहमें।

राजपूताना प्रान्त बीकानेरमें विशेषकर खरतरगच्छका ही प्रचार और प्रभाव रहा है। अतएव हमें अधिकांश काव्य इसी गच्छके प्राप्त हुए हैं। तपागच्छीय काव्य एकमात्र "श्रीविजय सिंह सूरि विजयप्रकाश रास" उपलब्ध हुआ था वह और तत्पश्चात् उपाध्यायजी श्रीसुखसागरजी महाराजने पालीतानेसे "शिवचूला गणिनी विज्ञप्तिगीत" भेजा था उन दोनोंको भी प्रस्तुत ग्रन्थमें प्रकाशित कर दिया है। हमारे संग्रहमें कतिपय पार्श्वचंदगच्छीय ऐ० काव्य हैं, जिन्हें प्रकाशनार्थ मुनिवर्य्य जगत्‌चंद्रजी कनकचंद्रजीने नकल करली है अतः हमने इस संग्रहमें देना अनावश्यक समझा।

प्रस्तुत ग्रन्थमें अधिकांश खरतरगच्छीय भिन्न-भिन्न शाखाओंके काव्योंका संग्रह है, एकही ग्रन्थमें एक विषयकी प्रचुर सामग्री मिलनेसे इतिहास लेखकको सामग्री जुटानेमें समय और परिश्रमकी बड़ी भारी बचत होती है। इस विशेषताकी ओर लक्ष्य देकर हमने अद्यावधि उपलब्ध सारे खरतरगच्छीय ऐ० काव्य प्रस्तुत संग्रहमें प्रकाशित कर दिये हैं, जिससे प्रस्तुत विषयमें यह ग्रन्थ पूर्ण सहायक हो गया है। मूल पुस्तक छप जानेके पश्चात् श्रीजिनकुशलसूरि कृत श्रीजिनचन्द्रसूरि चतुःसप्ततिका और श्रीसूरचन्द्रगणि कृत श्रीजिन-सिंहसूरिरास उपलब्ध हुए हैं, ग्रन्थके बड़े हो जानेके कारण उनको मूल प्रकाशित न करके ऐतिहासिकसार यथास्थान दे दिया है। संग्रहकी दृष्टिसे और शुद्ध प्रतियें मिल जानेसे पाठान्तर भेद सहित कतिपय अन्यत्र प्रकाशित काव्य भी इस ग्रन्थमें प्रकाशित किये हैं।*

---

* देखें प्रति-परिचय।

कई महत्वपूर्ण त्रुटक और अपूर्ण कृतिएं १ भी जो हमें उपलब्ध हुईं प्रकाशित कर दी गई हैं, यदि किसी सज्जनको उनकी पूर्ण प्रतियां मिलें तो हमें अवश्य सूचित करें।

ऐ० काव्योंकी प्रचुरता

जैसलमेर भण्डारकी सूची २ से ज्ञात होता है कि वहां भी एक त्रु० प्रति ३ में श्रीजिनपतिसूरि, जिनवल्लभसूरिके अपभ्रंश गाहामें वर्णन, जिनप्रबोध मुनिवर्णन, जिनकुशलसूरि वर्णन (प्रति नं० ५२२ में) शेष श्रीजिनपतिसूरि स्तूपकलश (नं० ३५८ के अन्तमें) और श्रीजिनलब्धिसूरि गुरुगीत (पत्र २ नं० १५८६ में) विद्यमान हैं, परन्तु अद्यावधि हमें ये उपलब्ध नहीं हुए, सम्भव है कि कुछ कृतिएं वेही हों जो इस ग्रन्थमें प्रकाशित हैं*।

खरतरगच्छका काव्य—साहित्य बहुत विशाल है। अपनी-अपनी शाखाका साहित्य उनके श्रीपूज्योंके पास है आद्यपक्षीय

---

१ श्रीजिनराजसूरिरास आदिकी गा० ९ (पृ० १५०), श्रीजिनदत्तसूरि छप्पय आदि अन्त विहीन (पृ० ३७३), श्रीकीर्तिरत्नसूरिफाग आदिकी गा० २७ (पृ० ४०१), श्रीजिनचन्द्रसूरिगीत अपूर्ण (पृ० १०१), विद्यासिद्धिगीत आदि त्रुटक (पृ० २१४)।

२ जेसलमेरके यतिवर्य लक्ष्मीचंदजो प्रेषित।

३ खरतरगच्छके आचार्योंके ऐतिहासिक—गुण वर्णनात्मक काव्योंकी अन्य एक महत्वपूर्ण प्रति अजीमगंजके भंडारमें थी, पर खेद है कि बहुत खोजनेपर भी वह उपलब्ध नहीं हुई।

* देखें—"जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास" पृ० ९३७ से ९४६।

(पाली), लघु आचार्य, भावहर्षी और लखनऊ वालोंके पास खर-तरगच्छका बहुतसा ऐतिहासिक साहित्य प्राप्त होनेकी सम्भावना है।

हमारे संग्रहमें इधरमें और भी कई ऐतिहासिक काव्य उपलब्ध हुए हैं जो यथावकाश प्रकट किये जायँगे।

प्रस्तुत ग्रन्थकी उपयोगिता

यह ग्रन्थ दृष्टिकोणद्वयसे विशेष उपयोगी है। एक तो ऐतिहासिक और दूसरा भाषासाहित्य। कतिपय साधारण काव्योंके अतिरिक्त प्रायः सभी काव्य ऐतिहासिक दृष्टिसे संग्रह किये हैं, गुण वर्ण-नात्मक अनेक गीत, गहूंलियें, अष्टक प्रभृति हमारे संग्रहमें है, परन्तु उनमेंसे ऐतिहासिक काव्योंको ही चुन चुनकर प्रस्तुत संग्रहमें स्थान दिया गया है। अद्यावधि प्रकाशित संग्रहोंसे भाषा साहित्य-की दृष्टिसे यह संग्रह सर्वाधिक उपयोगी है; क्योंकि इसमें बारहवीं शताब्दीसे लेकर बीसवीं शताब्दी तक लगभग ८०० वर्षोंके, प्रत्येक शताब्दीके थोड़े बहुत काव्य अवश्य संग्रहीत हैं।* जिनसे भाषा-विज्ञानके अभ्यासियोंको शताब्दीवार भाषाओंके अतिरिक्त कई प्रान्तीय भाषाओंका भी अच्छा ज्ञान हो सकता है। कतिपय काव्य हिन्दी, कई राजस्थानी और कुछ गुजराती प्रभृति हैं। अपभ्रंश भाषाके लिये तो यह संग्रह विशेष महत्वका ही है, किन्तु नमूनेके तौरपर कुछ संस्कृत और प्राकृतके काव्य भी दे दिये गये हैं।

काव्यकी दृष्टिसे जिनेश्वरसूरि, जिनोदयसूरि, जिनकुशलसूरि, जिनपतिसूरि, जिनराजसूरि, विजयसिंहसूरि आदिके रास, विवाहला

---

* शताब्दीवार काव्योंका संक्षिप्त वर्गीकरण अन्य स्थानमें मुद्रित है।

बड़े सुन्दर और अलङ्कारिक भाषामें है। जिनको पढ़नेसे प्राचीन काव्योंके स्रजन, सौष्ठव, सुन्दर शब्द-विन्यास और फबती हुई उपमाओंके साथ साथ अनेक शब्दोंका अनुभव होता है।

इस संग्रहमें प्रकाशित प्रायः सभी काव्य समसामयिक लिपिबद्ध प्रतियोंसे ही सम्पादित किये गये हैं। इसका विशेष स्पष्टीकरण प्रति-परिचयमें कर दिया गया है।

शृङ्खलामें अव्यवस्थाका कारण

लगभग २॥ वर्ष पूर्व जब इस ग्रन्थको छपाना प्रारम्भ किया था तब जितने काव्य हमारे पास थे, सबको रचनाकालकी शृङ्खलानुसार ही प्रकाशित करना प्रारम्भ किया था, परन्तु उसके पश्चात् ज्यों-ज्यों नवीन सामग्री मिलती गई त्यों-त्यों इसमें शामिल करते गये। अतः जैसा चाहिये काव्योंका अनुक्रम ठीक न रह सका। फिर भी हमने पीछेसे ग्रन्थको चार विभागोंमें विभक्त कर चतुर्थ विभाग-में अवशेष प्राचीन काव्योंको दे दिया है। रचना समयकी अपेक्षासे काव्य जिस शृङ्खलासे सम्पादन होने चाहिये उनकी स्वतन्त्र तालिका दे दी है, ताकि पाठकोंको शताब्दीवार भाषाओंका अभ्यास करनेमें सुगमता और अनुकूलता मिले। ऐतिहासिक सार-लेखन (शाखा वार) क्रमिक पद्धतिसे ही हुआ है।

प्रस्तुत ग्रन्थको सर्वाङ्ग सुन्दर और विशेष उपयोगी बनानेका भरसक प्रयत्न किया गया है। जो लोग प्राचीन राजस्थानी और अपभ्रंश भाषासे अनभिज्ञ हों उनके लिये "कठिन शब्दकोश" और शृङ्खलाबद्ध ऐतिहासिकसार दे दिया है। इसके अतिरिक्त स्थान-

स्थानपर प्राचीन सुन्दर चित्र, विशेष नाम सूची, अनेक आवश्यक बातोंका स्पष्टीकरण (प्रति परिचय, कवि परिचय, चित्र परिचय आदि) कर दिया गया है।

अशुद्धियोंका आधिक्य

काव्योंको यथाशक्ति संशोधन पूर्वक प्रकाशित करनेपर भी इस ग्रन्थमें अशुद्धियोंका आधिक्य है। इसका प्रधान कारण अधिकांश काव्योंकी एक-एक प्रतिका ही उपलब्ध होना है। जिनकी एकसे अधिक प्रतियें प्राप्त हुई हैं वे पाठान्तर भेदोंके साथ-साथ प्रायः शुद्ध ही छपे हैं। खेद है कि कतिपय अशुद्धियां प्रेस दोष और दृष्टि दोषसे भी रह गयी हैं। शुद्धिपत्र पीछे दे दिया गया है, पाठकोंसे अनुरोध है कि उससे सुधारकर पढ़ें। अधिकांश शुद्धिपत्र जालौरसे पुरातत्त्व-वेत्ता मुनिराज श्री कल्याणविजयजीने बनाकर भेजा था। अतएव हम पूज्यश्रीके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

रास-सार

काव्योंका ऐतिहासिक सार अति संक्षिप्त और सारगर्भित लिखा गया है। पहले हमारा यह विचार था कि काव्योंके अतिरिक्त इतर सामग्रीका सम्पूर्ण उपयोग कर सार-परिचय विस्तृत लिखा जाय, परन्तु ग्रन्थ बहुत बड़ा हो जानेके कारण ऐसा न करके संक्षेपसे ही लिखना पड़ा।

अयोग्यता

यह ग्रन्थ किसी विद्वानके सम्पादकत्वमें प्रकट होता तो विशेष

सुन्दर होता, क्योंकि हमारेमें एतद् विषयक ज्ञान और अनुभवका अभाव है, परन्तु अनुभवी विद्वानका सहयोग प्राप्त न होनेपर हमने अपनी अत्यधिक साहित्यरुचि और अदम्य उत्साहसे प्रेरित हो यथासाध्य सम्पादन किया है। इस कार्यमें हमें कहां तक सफलता मिली है, यह निर्णय विद्वान पाठकों पर ही निर्भर है। हम विद्वान नहीं हैं, अभ्यासी हैं, अतः भूलोंका होना अनिवार्य है। अतएव अनुभवी विद्वानोंसे योग्य सूचना चाहते हुए क्षमा प्रार्थना करते हैं।

प्रकाशनमें विलम्ब

प्रस्तुत ग्रंथका "युगप्रधान जिनचंद्रसूरि" ग्रंथके साथ ही मुद्रण प्रारम्भ हुआ था परन्तु हमारे व्यापारिक कार्यों में व्यस्त रहने व अन्यान्य असुविधाओंके कारण प्रकाशनमें विलम्ब हुआ है। अपने व्यवसायिक कार्यों से समय कम मिलनेसे हम इसका सम्पादन मनोज्ञ और सुचारु नहीं कर सके। यदि इसकी द्वितीयावृत्तिका अवसर मिला तो ग्रंथकी सुसम्पादित व्यवस्थित आवृत्ति की जायगी।

आभार प्रदर्शन

इसकी प्रस्तावना श्रीयुक्त हीरालालजी जैन M. A. L. L. B. (प्रोफेसर एडवर्ड कालेज, अमरावती) महोदयने लिख भेजनेकी कृपा की है, अतएव हम आपके विशेप आभारी हैं।

इस ग्रन्थके "कठिन शब्द कोप" का निर्माण करनेमें माननीय ठाकुर साहेब रामसिंहजी M. A. विशारद और स्वामी नरोत्तम दासजी M.A. विशारदसे पूर्ण सहायता मिली है। सोलहवीं शताब्दी-के पहलेके काव्योंका अन्तिम प्रूफ संशोधन श्रीमान् पं० हरगोविन्द

दासजी सेठ "न्याय व्याकरणतीर्थ" ने कर देनेकी कृपा की है। श्रीयुक्त मिश्रीलालजी पालरेचा महोदयसे भी हमें संशोधनमें पूर्ण सहायता मिली है। श्रीयुक्त मोहनलाल दलीचन्द देसाई B.A.L.L.B. (वकील हाईकोर्ट, बम्बई) ने भी समय समयपर सत्परामर्श द्वारा सहायता पहुंचाई है। इसी प्रकार कतिपय काव्य उ० सुखसागरजी, मुनिवर्य रत्नमुनिजी, लब्धिमुनिजी एवं जैसलमेरवाले यतिवर्य लक्ष्मीचन्दजीने और कतिपय चित्र-ब्लाक विजयसिंहजी नाहर, साराभाइ नवाब, मुनि पुण्यविजयजी आदिकी कृपासे प्राप्त हुए हैं, एतदर्थ उन सभी, जिनके द्वारा यत्किञ्चित भी सहायता मिली हो, सहायक पूज्यों व मित्रोंके चिर कृतज्ञ हैं।

निवेदक—

अगरचन्द नाहटा,

भंवरलाल नाहटा।

काव्यरचनाकालका संक्षिप्त शताब्दी अनुक्रम*

१२ वींका शेषार्द्ध ।

कवि पाल्ह कृत खरतर पट्टावली (पृष्ठ ३६५ से ३६८) ।

१३ वींका शेषार्द्ध ।

जिनवल्लभसूरिगुणवर्णन (पृष्ठ ३६९ से ३७२),

जिनपतिसूरिधवल गीतादि (पृष्ठ ६ से १०) ।

१४ वींका पूर्वार्द्ध ।

जिनेश्वरसूरिरास (पृष्ठ ३७७ से ३८३), गुरुगुणषट्पद (पृष्ठ १ से ३) ।

शेषार्द्ध :—

जिनकुशलसूरिरास (पृष्ठ १५ से १८), जिनपद्मसूरिरास (पृष्ठ २० से २३), जिनप्रभसूरि—जिनदेवसूरिगीत (पृष्ठ ११ से १४) ।

१५ वींका पूर्वार्द्ध ।

जिनोदयसूरिगुणवर्णन (पृष्ठ ३९ से ४०), जिनोदयसूरि रासद्वय (पृ० ३८४ से ३८९), जिनप्रभसूरि गुर्वावली (पृ० ४१-४२) ।

शेषार्द्ध :—

खरतरगुरुगुणछप्पय (पृ० २४ से ३८), खरतरगच्छगुर्वावली (पृ० ४३ से ४८), कीर्तिरत्नसूरि फाग (पृ० ४०१-२),भाव-

---

* कई कृतियोंका रचनाकाल अनुमानिक है ।

प्रभसूरिगीत (पृ० ४६-५०), शिवचूला विज्ञप्ति (पृ० ३३६), वेगड़पट्टावली (पृ० ३१२) ।

१६ वींका पूर्वार्द्ध ।

क्षेमराजगीत (पृ० १३४) ।

१६ वीं का शेषार्द्ध—

जिनदत्त स्तुति (पृ० ४), जिनचंद्र अष्टक (पृ० ५), कीर्त्तिरत्नसूरि चौ० (पृ० ५१), जिनहंससूरि गीत (पृ० ५३), क्षेमहंस कृत गुर्वावली (पृ० २१५ से २१७)

१७ वीं का पूर्वार्द्ध—

देवतिलकोपाध्याय चौ० (पृ० ५५), भावहर्ष गीत (पृ० १३५), पुण्यसागर गीत (पृ० ६७), पूज्यवाहण गीतादि (पृ० ८६, ६४, ११० से ११७), जयतपदवेलि आदि साधुकीर्त्ति गीत (पृ० ३७ से ४५), खरतर गुर्वावलि (पृ० २१८ से २२७), कीर्त्तिरत्न सूरि गीत (पृ० ४०३), दयातिलक (पृ० ४१६), यशकुशल, करमसी गीतादि (पृ० १४६, २०४), आदि ।

शेषार्द्ध—

जिनचंद्रसूरि, जिनसिंह, जिनराज, जिनसागर सूरि गीत रासादि (पृ० ५८ से १३२, १५० से २३०, ३३४, ४१७), खरतर गुर्वावलि (पृ० २२८), पि० खर० पट्टावली (पृ० ३१६), गुणप्रभ सूरि प्रबन्ध (पृ० ४२३), विजयसिंह सूरि रास (पृ० ३४१), पद्महेम (पृ० ४२), समयसुन्द गीत (पृ० १४६), छप्पय (पृ० ३७३ आदि ।

१८ वीं का पूर्वार्द्ध—

जिनरंग (पृ० २३१), जिनरत्नसूरि (२३४ से २४४, ४१८), जिनचंदसूरि गीत (पृ० २४५), जिनेश्वर सूरि (पृ० ३१४), कीर्त्तिरत्न सूरि छन्द (पृ० ४०७),. जिनचंद्र (पृ० ४३०), जिनधर्म (पृ० ३३५), भावप्रमोद (पृ० २५८), सुखसागर (पृ० २५३), समयसुन्दर गीत (पृ० १४८) आदि ।

शेषार्द्ध—

जिनसुख-जिनहर्षसूरि (पृ० २६१ से २६३), शिवचंद्रसूरि रास (पृ० ३२१), जिनचंद्र (पृ० ३३७), कीर्त्तिरत्न सूरि (पृ० ४१३) आदि ।

१६ वीं का पूर्वार्द्ध—

देवविलास (पृ० २६४ से २९२), जिनलाभ-जिनचंद्र (पृ० २९३ से २९९ तथा ४१४ से ४१६) जयमाणिक्य छंद (पृ० ३१०) आदि ।

शेषार्द्ध—

जिनहर्ष, जिनसौभाग्य, जिनमहेन्द्रसूरि गीत (पृ० ३०० से ३०४); ज्ञानसार (पृ० ४३३) आदि ।

ऐतिहासिक जैन-काव्य संग्रह

—की—

प्रस्तावना

——**——

जैन-धर्म भारतवर्षका एक प्राचीनतम धर्म है। इस धर्मके अनुयायियोंने देशके ज्ञान-विज्ञान, समाज, कला-कौशलआदि वैशिष्ट्यके विकासमें बड़ा भाग लिया है। मनुष्यमात्र, नहीं-नहीं प्राणीमात्र में परमात्मत्वकी योग्यता रखनेवाला जीव विद्यमान है। और प्रत्येक प्राणी, गिरते-उठते उसी परमात्मत्वकी ओर अग्रसर हो रहा है। इस उदार सिद्धान्तपर इस धर्मका विश्वप्रेम और विश्वबन्धुत्व स्थिर है। भिन्न-भिन्न धर्मोंके विरोधी मतों और सिद्धांतोंके बीच यह धर्म अपने स्याद्वाद नयके द्वारा सामञ्जस्य उपस्थित कर देता है। यह भौतिक और आध्यात्मिक उन्नतिमें सब जीवोंके समान अधिकारका पक्षपाती है तथा सांसारिक लाभोंके लिये कलह और विद्वेपको उसने पारलौकिक सुखकी श्रेष्ठता द्वारा मिटानेका प्रयत्न किया है।

जैन-धर्मकी यह विशेषता केवल सिद्धान्तोंमें ही सीमित नहीं रही। जैन आचार्योंने उच्च-नीच, जाति-पांतका भेद न करके अपना उदार उपदेश सब मनुष्योंको सुनाया और 'अहिंसा परमो

धर्मः' के मन्त्र द्वारा उन्हें इतर प्राणियोंकी भी रक्षाके लिये तत्पर बना दिया। स्याद्वाद नयकी उदारता द्वारा जैनियोंने सभीकी सहानुभूति प्राप्त कर ली। अनेक राजाओं और सम्राटोंने इस धर्मको स्वीकार किया और उसकी उदार नीतिको व्यवहारमें उतारकर चरितार्थ कर दिखाया। इन्हीं कारणोंसे अनेक संकट आनेपर भी यह धर्म आज भी प्रतिष्ठित है।

किन्तु दुखकी बात है कि धार्मिक विचारोंमें उदारता और धर्म प्रचारमें तत्परताके लिये जैनी कभी इतने प्रसिद्ध थे, वे ही आज इन बातोंमें सबसे अधिक पिछड़े हुए हैं। विश्वभरमें बन्धुत्व और प्रेम स्थापित करनेका दावा रखनेवाले जैनी आज अपने ही समाजके भीतर प्रेम और मेल नहीं रख सकते। मनुष्यमात्रको अपनेमें मिलाकर मोक्षका मार्ग दिखानेवाले जैनी आज जात-पांतकी तंग कोठरियोंमें अलग-अलग बैठ गये हैं, एक दूसरेको अपनाना पाप समझते हैं। अन्य धर्मोंके विरोधोंको भी दूर कर उनमें सामञ्जस्य उपस्थित करनेवाले आज एक ही सिद्धान्तको मानते हुए भी छोटी-छोटी-सी बातोंमें परस्पर लड़-भिड़कर अपनी अपरिमित हानि करा रहे हैं।

ऐसी परिस्थितिमें यह स्वाभाविक है कि जैन-धर्मकी कुछ अनुपम निधियां भी दृष्टिके ओझल हो जावें और उनपर किसीका ध्यान न जावे। जैनियोंका प्राचीन साहित्य बहुत विशाल, अनेकांगपूर्ण ओर उत्तम है। दर्शन और सदाचारके अतिरिक्त, इतिहासकी दृष्टिसे भी जैन-साहित्य कम महत्वका नहीं है। भारतके न जाने

कितने अन्धकारपूर्ण ऐतिहासिक कालोंपर जैन-कथा साहित्य, पट्टावलियों आदि द्वारा प्रकाश पड़ता है। लोक-प्रचारकी दृष्टिसे जैन-साहित्य कभी किसी एक ही भाषामें सीमित नहीं रहा। भिन्न-भिन्न समयकी, भिन्न-भिन्न प्रान्तकी भिन्न-भिन्न भाषाओं-में यह साहित्य खूब प्रचुर प्रमाणमें मिलता है। अर्धमागधी, शौर-सेनी, महाराष्ट्री आदि प्राकृत भाषाओंका जैसा सजीव और विशाल रूप जैन-साहित्यमें मिलता है वैसा अन्यत्र नहीं। किन्तु आज स्वयं जैनी भी इस बातको अच्छी तरह नहीं जानते कि उन-का साहित्य कितना महत्वपूर्ण है। उसका पठन-पाठन व परिशीलन उतना नहीं हो रहा है, जितना होना चाहिये। इस अज्ञान और उपेक्षाके फलस्वरूप उसका अधिकांश भाग अभीतक प्रकाशमें ही नहीं आया।

वर्तमान संग्रह जैन-गीति काव्यका है। इसमें सैकड़ों गीत-संग्रह हैं, जो किसी समय कहीं-कहीं अवश्य लोकप्रिय रहे हैं और शायद घर-घरमें या तीर्थ-यात्राओंके समय गाये जाते रहे हैं। विशेषता यह है कि इन गीतोंका विषय-शृङ्गार नहीं, भक्ति है; प्रिय-प्रेयसी-चिन्तन नहीं, महापुरुष-कीर्ति-स्मरण है और इसलिये पाप-बन्धका कारण नहीं, पुण्य-निबन्ध हेतु है। ये गीत भिन्न-भिन्न सरस मनोहर राग-रागणियोंके रसास्वादके साथ-साथ परमार्थ और सदाचारमें मनकी गतिको ले जानेवाले हैं। इस संग्रहको सम्पादकोंने 'ऐतिहासिक जैन-काव्य संग्रह' नाम दिया है, जो सर्वथा सार्थक है, क्योंकि इन गीतोंमें जिन सत्पुरुषोंका स्मरण किया गया

है, वे सब ऐतिहासिक हैं। जो घटनायें वर्णन की गयी हैं, वे सत्य हैं और हमारी ऐतिहासिक दृष्टिके भीतरकी हैं। जैन गुरुओं और मुनियोंने समय-समयपर जो धर्म प्रभावना की, राजाओं-महाराजाओं और सम्राटोंपर अपने धर्मकी उत्तमताकी धाक बैठायी और समाजके लिये अनेक धार्मिक अधिकार प्राप्त किये उनके उल्लेख इन गीतोंमें पद-पदपर मिलते हैं। विशेष ध्यान देने योग्य वे उल्लेख हैं. जिनमें मुसलमानी बादशाहोंपर प्रभाव पड़नेकी बात कही गयी है। उदाहरणार्थ—

जिनप्रभसूरिके विषयमें कहा गया है कि उन्होंने अश्वपति (असपति) कुतुबुद्दीनके चित्तको प्रसन्न किया था। कुतुबुद्दीनने उनसे जैन-शासनके विषयमें अनेक प्रश्न किये थे और फिर सन्तुष्ट होकर सुल्तानने गांव और हाथियोंकी भेंट देकर उनका सम्मान करना चाहा था, पर सूरिजीने इन्हें स्वीकार नहीं किया। (पृष्ट १२, पद्य ४, ५)।

इन्हीं सूरीश्वरने संवत् १३८५ (ईस्वी सन् १३२८) की पौष सुदी ८ शनिवारको दिल्लीमें अश्वपति मुहम्मद शाहसे भेंट की थी। सुल्तानने इन्हें अपने समीप आसन दिया और नमस्कार किया। इन्होंने अपने व्याख्यान द्वारा सुल्तानका मन मोह लिया। सुल्तानने भी ग्राम, हाथी, घोड़े व धन तथा यथेच्छ वस्तु देकर सूरीश्वरका सम्मान करना चाहा, पर उन्होंने स्वीकार नहीं किया। सुल्तानने उनको वड़ी भक्ति की, फरमान निकाला और जलूस निकाला तथा 'वसति' निर्माण कराई। (पृ० १३, पद्य २-६) ऐसे ही उल्लेख पृ० १४ पद्य २, व पृ० १६ पद्य ६, ७ में भी हैं।

उपर्युक्त दोनों बादशाह खिजली वंशका कुतुबुद्दीन मुबारिकशाह और तुगलक वंशका मुहम्मद तुगलक होना चाहिये। जो क्रमशः सन् १३१६ और १३२५ ईस्वीमें गद्दीपर बैठे थे। इसी समयके बीच खिलजी वंशका पतन और तुगलक वंशका उत्थान हुआ था। सूरीश्वरके प्रभावसे दोनों राजवंशोंमें जैन-धर्मकी प्रभावना रही।

एक दूसरे गीतमें उल्लेख है कि जिनदत्तसूरिने बादशाह सिकन्दरशाहको अपनी करामात दिखाई और ५०० बन्दियोंको मुक्त कराया (पृ० ५४, पद्य ११ आदि)। ये सम्भवतः बहलोल लोधीके उत्तराधिकारी पुत्र सिकन्दरशाह लोधी थे, जो सन् १४८९ ईस्वीमें दिल्लीके तख्तपर बैठे और जिन्होंने पहले-पहल आगराको राजधानी बनाया।

श्री जिनचंद्रसूरिके दर्शनकी सुप्रसिद्ध मुगल-सम्राट् अकबरको बड़ी अभिलाषा हुई। उन्होंने सूरीश्वरको गुजरातसे बड़े आग्रह और सन्मानसे बुलवाया। सूरिजीने आकर उन्हें उपदेश दिया और सम्राट्ने उनकी बड़ी आव-भगत की। (पृ० ५८) यह रास संवत १६२८ में अहमदाबादमें लिखा गया।

बादशाह सलेमशाह 'दरसणिया' दीवानपर बहुत कुपित हो गये थे, तब फिर इन्हीं सूरीश्वरने गुजरातसे आकर बादशाहका क्रोध शान्त कराया और धर्मकी महिमा बढ़ाई। (पृ० ८१-८२) ये सूरीश्वर मुलतान भी गये और वहांके खान मलिकने उनका बड़ा सत्कार किया (पृ० ९६, पद्य ४)

इस प्रकारके अनेक उल्लेख इन गीतोंमें पाये जाते हैं, जो इतिहासके लिये बहुत ही उपयोगी हैं।

पर इससे भी अधिक महत्व इस संग्रहका भाषाकी दृष्टिसे है। इन कविताओंसे हिन्दीकी उत्पत्ति और क्रमविकासके इतिहासमें बहुत बड़ी सहायता मिल सकती है। इसमें बारहवीं-तेरहवीं शताब्दिसे लगाकर उन्नीसवीं सदीतक अर्थात् सात-आठ सौ वर्ष की रचनायें हैं, जो भिन्न-भिन्न समयके व्याकरणके रूपोंपर प्रकाश डालती हैं। प्राचीन हिन्दी साहित्य अभीतक बहुत कम प्रकाशित हुआ है। हिन्दीकी उत्पत्ति अपभ्रंश भाषासे मानी जाती है। इस अपभ्रंश भाषाका अबसे बीस वर्ष पूर्व कोई साहित्य ही उपलब्ध नहीं था। जब सन् १९१४ में जर्मनीके सुप्रसिद्ध विद्वान् डा० हर्मन याकोबी इस देशमें आये, तब उन्होंने इस भाषाके ग्रंथ प्राप्त करनेका बहुत प्रयत्न किया। सुदैवसे उन्हें एक पूर्ण स्वतन्त्र ग्रन्थ मिल गया। वह था 'भविसत्तकहा' (भविष्यदत्त कथा), जिसको उन्होंने बड़े परिश्रमसे सम्पादित करके १९१९ में जर्मनीमें ही छपाया। उसके पठन-पाठनसे हिन्दी और गुजराती आदि प्रचलित भाषाओंके पूर्व इतिहासपर बहुत कुछ प्रकाश पड़ा। यही एक स्वतंत्र और पूर्ण ग्रन्थ इस भाषाके प्रचारमें आ सका था। सन् १९२४ में मुझे मध्यप्रान्तीय संस्कृत प्राकृत और हस्तलिखित ग्रन्थोंकी सूची तैयार करनेके सम्बन्धमें बरार प्रांतान्तर्गत कारंजाके दिगम्बर जैनशास्त्र भण्डारोंको देखनेका अवसर मिला। यहां मुझे अपभ्रंश भापा के लगभग एक दर्जन ग्रंथ बड़े और छोटे देखने

को मिले, जिनका सविस्तर वर्णन अवतरणों सहित मैंने उस सूची में दिया जो Catalogue of Sanskrit and Prakrit MSS. in C. P. & Berar के नाम से सन् १९२६ में मध्य प्रान्तीय सरकार द्वारा प्रकाशित हुई। उस परिचय से विद्वत् संसार की दृष्टि इस साहित्य की ओर विशेष रूपसे आकर्षित हुई। इससे प्रोत्साहित होकर मैंने इस साहित्यको प्रकाशित करने तथा और साहित्यकी खोज लगानेका खूब प्रयत्न किया। हर्षका विषय है कि उस प्रयत्नके फलस्वरूप कारंजा जैन सीरीज द्वारा इस साहित्यके अब तक पांच ग्रंथ दशवीं ग्यारहवीं शताब्दिके बने हुए उत्तम रीतिसे प्रकाशित हो चुके हैं। तथा जयपुर, दिल्ली, आगरा, जसवंतनगर आदि स्थानोंके शास्त्र-भण्डारोंसे इसी अपभ्रंश भाषाके कोई ४०-५० अन्य ग्रंथोंका पता चल गया है। यह साहित्य उसकी धार्मिक व ऐतिहासिक सामग्रीके अतिरिक्त भाषाकी दृष्टिसे बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। यह भाषा प्रचीन मागधी, अर्द्धमागधी, शौरसेनी आदि प्राकृतों तथा आधुनिक हिन्दी, गुजराती, मराठी, बंगाली आदि प्रांतीय भाषाओंके बीचकी कड़ी है। यह साहित्य जैनियोंके शास्त्र-भण्डारोंमें बहुत संगृहीत है। यथार्थमें यह जैनियोंकी एक अनुपम निधि है, क्योंकि जैन साहित्यके अतिरिक्त अन्यत्र इस भाषाके ग्रंथ बहुत ही कम पाये जाते हैं। भाषा विज्ञानके अध्येताओंको इन ग्रन्थोंका अवलोकन अनिवार्य है। पर जैनियोंका इस ओर अभी तक भी दुर्लक्ष्य है। यह साहित्य गुजरात, राज-

पूताना और मालवामें विशेष रूपसे पाया जाता है। इसमें हिन्दी और गुजराती दोनों भाषाओंका पूर्वरूप गुंथा हुआ है। इस भाषाके अध्ययनसे पता चल जाता है कि ये दोनों भाषायें तो मूलतः एक ही हैं।

प्रस्तुत संग्रहमें अपभ्रंशका और भी विकसित रूप पाया जाता है और उसका सिलसिला प्रायः वर्तमान कालकी भाषासे आ जुड़ता है। ये उदाहरण डिंगल भाषाके विकास पर बहुत प्रकाश डालते हैं। भाषाकी दृष्टिसे इन अवतरणोंका संशोधन और भी अधिक सावधानीसे हो सकता तो अच्छा था। किन्तु अधिकांश संग्रह शायद एक-एक ही मूल प्रति परसे किये गये हैं। अब इस ग्रंथकी ऐतिहासिक व भाषा सम्बन्धी सामग्रीका विशेष रूपसे अध्ययन किये जानेकी आवश्यकता है। आशा है नाहटाजीका यह संग्रह एक नये पथ-प्रदर्शकका काम देगा। ऐसे ऐसे अनेक संग्रह अब प्रकाशमें आवेंगे और उनके द्वारा देशके इतिहास और भाषा विकासका मुख उज्ज्वल होगा। यह प्रयत्न अत्यन्त स्तुत्य है।

किंग एडवर्ड कालेज,
अमरावती।
२१-४-३७

हीरालाल जैन
एम० ए०, एल० एल० बी०,
प्रोफेसर आफ संस्कृत।

प्रति परिचय

प्रस्तुत ग्रन्थमें प्रकाशित काव्योंकी मूल प्रतियां कबकी लिखी हुई और कहांपर हैं ? इसका उल्लेख कई कृतियोंके अन्तमें यथा स्थान मुद्रित हो. चुका है। अवशेष काव्योंके प्रतियोंका परिचय इस प्रकार है :—

(अ) १ गुरुगुण षट्पद, २ जिनपति सूरि धवलगीत, ३ जिनपति-सूरि स्तूप कलश, ४ जिनकुशलसूरि पट्टाभिषेकरास, ५ जिन-पद्मसूरिपट्टाभिषेकरास, ६ खरतर गुरुगुण वर्णन छप्पय, ७ जिनेश्वरसूरि विवाहलो, ८ जिनोदयसूरि विवाहलो, ६ जिनोदयसूरि पट्टाभिषेक रास, १० जिनोदयसूरि गुण वर्णन छप्पय, ये कृतियां हमारे संग्रहकी सं० १४६३ लि० शिव-कुञ्जरके स्वाध्याय पुस्तक* (पत्र ५२१) की प्रतिसे नकल की गयी है।

(आ) १ जिनपति सूरिणाम् गीतम् , २ भावप्रभसूरि गीत, ये दो कृतियें हमारे संग्रहकी १६ वीं शताब्दीके. पूर्वार्द्धकी लिखित प्रतिसे नकल की गयी हैं।

(इ) जिनप्रभसूरि गीत नं० १, २, ३, जिनदेवसूरि गीत और

---

* ॥९०॥ संवत् १४९३ वर्षे वैशाख मासे प्रथम पक्षे ८ दिने सोमे श्री वृहत् खरतर गच्छे श्रीजिनभद्रसूरि गुरौ विजयमाने श्रीकीर्तिरत्नसूरीणां शिष्येण शिवकुंजर मुनिना निज पुण्यार्थं स्वाध्याय पुस्तिका लिखिता चिरंनन्दतात् ॥ श्री योगिनीपुरे ॥ श्री ॥

जिनप्रभसूरि परम्परा गुर्वावलीकी मूल प्रति बीकानेर वृहत् ज्ञानभण्डारमें (१५ वीं शताब्दीके पूर्वार्धकी लि०) है।

(ई) खरतर-गुरु-गुण-वर्णन-छप्पयकी द्वितीय प्रति, १७ वीं शताब्दी लि० हमारे संग्रहमें है।

(उ) पृ० ४३ में मुद्रित खरतरगच्छ पट्टावलीकी मूल प्रति तत्कालीन लि०, पत्र १ हमारे संग्रहमें है। यह पत्र कहीं कहीं उदेइ भक्षित है, अतः कहीं कहीं पाठ त्रुटक था, उसे जिनकृपाचन्द्र-सूरि ज्ञानभण्डारस्थ गुटकाकार प्रतिसे पूर्ण किया गया है। हमारे संग्रहका पत्र, सुन्दर और शुद्ध लिखा हुआ है।

(ऊ) देवतिलकोपाध्याय चौ०, क्षेमराजगीत; राजसोम, अमृत धर्म क्षमाकल्याण अष्टक-स्तव, जिनरंगसूरि युगप्रधान पद प्राप्ति गीतकी प्रतियें तत्कालीन लि० बीकानेर वृहत् ज्ञानभण्डारमें विद्यमान है।

(ए) अकबर प्रतिबोध रासकी प्रति जयचन्द्रजीके भण्डारमें सुरक्षित है।

(ऐ) कीर्तिरत्नसूरि गीत नं० २ से ६, कृपाचन्द्रसूरि ज्ञान भण्डा-रस्थ गुटकाकार प्रतिसे नकल किये गये हैं।

(ओ) अन्य प्रेषित प्रतियोंकी नकलें :—

(a) गुणप्रभसूरि प्रवन्ध, जिनचन्द्रसूरि, जिनसमुद्रसूरि गीत (४२३ से ४३२), जैसलमेरके भण्डारसे नकल-कर यतिवर्य लक्ष्मीचन्द्रजीने भेजी है।

(b) जिनहंससूरिगीत, समयसुन्दर कृत ३६ रागिणी गर्भित

जिनचन्द्रसूरिगीत, जिनमहेन्द्रसूरि और गणिनी शिवचूला विज्ञप्तिगीतकी नकल पालीताणेसे उ० सुखसागर जीने भेजी थी।

(c) जिनवल्लभसूरि गुणवर्णनकी नकल रत्नमुनिजी, शिवचन्द्र सूरिरासकी प्रति लब्धि मुनिजी (यह प्रति अभी हमारे संग्रहमें है), रत्ननिधान कृत जिनचन्द्र-सूरि गीतकी नकल (पृ० १०२), सूरत भण्डारसे पं० केशर मुनिजीने भेजी है।

(d) जिनहर्ष गीतद्वय, पाटणसे साहित्य प्रेमी मुनि यशविजयजीसे प्राप्त हुए हैं।

(औ) नीचे लिखी हुई कृतियोंके सम्पादनमें मुद्रित ग्रन्थोंकी सहायता ली गयी है।

(a) देवविलास तो अध्यात्म ज्ञानप्रसारक मण्डलकी ओर से प्रकाशित ग्रन्थसे ही सम्पादन किया गया है।

(b) पल्ह कृत जिनदत्तसूरि स्तुति, अपभ्रंश काव्यत्रयी और गणधर सार्द्धशतक भाषान्तर ग्रन्थ द्वयसे पाठान्तर नोंधकर प्रकाशित की गई है।

(c) बेगड़ गुर्वावली आदि (पृ० ३१२ से ३१८) की जैन श्वेताम्बर कॉन्फरेन्स हेरल्डसे नकल की गई है।

(d) पिप्पलक खरतर पट्टावली, जै० गु० क० भा० २ और देवकुल पाटक दोनों ग्रन्थोंसे मिलान कर प्रकाशित की गई है।

(अं) "श्रीजिनोदयसूरि वीवाहलउ" की ४ प्रतियां प्राप्त हुई हैं। जिनके समस्त पाठान्तर नीचे लिखे संकेतोंसे लिखे गये हैं।

(a) प्रति—जैन ऐतिहासिक गूर्जर काव्य सञ्चय (पृ० २३३)

(b) प्रति—प्राचीन प्रति (सं० १४९३ लि० शिवकुञ्जर स्वाध्याय पुस्तकात्) हमारे संग्रहमें।

(c) प्रति—बीकानेर स्टेट लाइब्रेरी नं० ४९८७ पत्र ३, प्राचीन प्रति

(d) प्रति—ऐतिहासिक रास संग्रह भा० ३ + (पृ० ७९)

(e) प्रति—के अन्तमें निम्नोक्त श्लोक लिखा है :—

वर्षे वाण मुनि त्रिचन्द्र गणिते, येषां प्रभूणां जनिः,
पक्षाष्टे प्रमिते व्रतं गुरुपदं पंचैक वेदैकके
स्वर्गं श्री चरणं१ च नेत्र शिवदृक् संख्ये बभूवाद्भुतं।
ते श्री सूरि जिनोदयाः सुगुरवः कुर्वंतु मे मङ्गलम् ॥१॥

श्रीजिनोदयसूरि पट्टाभिषेक रासकी २ प्रतियां—

(a) प्रति—उपरोक्त (सं० १४९३ लि०)

(b) प्रति—जैन ऐतिहासिक गूर्जर काव्य सञ्चय (पृ०२२८)

श्रीजिनेश्वरसूरि वीवाहलउ की ३ प्रतें—

(a) प्रति—उपरोक्त (सं० १४९३ लि०)

(b) प्रति—प्राचीन प्रति (हमारे संग्रहमें)

(c) प्रति—जैन ऐतिहासिक गूर्जर काव्य सञ्चय (पृ० २२४)

(अः) इनके अतिरिक्त और सभी काव्योंकी प्रतियां जिनके अन्तमें अन्य स्थानका उल्लेख नहीं है, वे सब प्रतियां हमारे संग्रहमें (तत्कालीन लिखित) हैं।

———

चित्र परिचय

१—ग्रन्थ प्रकाशक श्री शंकरदानजी नाहटा—सम्पादकके पितामह हैं।

२—खरतरपट्टावली:—इसी संग्रहमें पृ० ३६५से ६८में सं० ११७०-७१ के लि० प्रतिसे मुद्रित की गई है। इसमें सं० ११७१ लि० प्रतिके फोटु वड़ौदेसे उ० सुखसागरजीने भिजवाये थे उसमें खरतर विरुद प्राप्ति सम्बन्धी उल्लेखवाले पत्रका ब्लोक बनवाकर प्रस्तुत संग्रहमें दिया गया है। खरतर विरुद प्राप्तिके प्रश्नपर यह पट्टावली बहुत महत्वपूर्ण प्रकाश डालती है।

३-४-जिन वल्लभसूरी और जिनदत्तसूरीजीके प्रस्तुत चित्र, जैसलमेर भंडारके प्राचीन ताड़पत्रीय प्रतिके काष्टफलक पर चित्रित थे, उसके ब्लाक बनवाकर (अपभंश काव्यत्रयीमें मुद्रित) दिये गये हैं।

५—जिनेश्वरसूरिजीका चित्र खंभातके शांतिनाथ भंडारकी ताड़पत्रीय पर्युसणाकल्प (पत्र ८७) की प्रति, जोकि लिपि आदिके देखनेसे १३ वीं शताब्दी लि० प्रतीत होती है, के आधारसे जैन चित्र कल्पद्रुम (चित्र नं० १०४) में मुद्रित हुआ है। श्री साराभाई नवाबके सौजन्यसे हमें इसको प्रकाशित करनेका सुअवसर मिला एतदर्थ उनके आभारी हैं। उक्त ग्रंथमें इस चित्रका परिचय पृ० १४३ में इस प्रकार दिया है :—

"प्रस्तुत चित्रसे बीजा जिनेश्वरसूरिके जेओ श्री जिनपति सूरिना शिष्य हता, तेओनो होय एम लागे छे। श्रीजिनेश्वरसूरि सिंहासन उपर वेठेलाछे तेओना जमणा हाथ मां मुहपति छे अने डाबो हाथ अभय मुद्राए छे। जमणी बाजुनो तेओश्रीनो खभो खुलो छे। ऊपरना छतनां भागमां चंदरवो बांधेलो छे सिंहासन नी पाछल एक शिष्य उभो छे अने तेओनी सन्मुख एक शिष्य वाचना लेतो बेठो छे। चित्रनी जमणीबाजूए एक भक्त श्रावक वे हाथनी अंजलि जोड़ीने गुरुमहाराजनो उपदेश सांभलतो होय एम लागे छे।

६—योगविधि पत्र १३ की प्रति (सं० १५११ लि०)के अन्तिम पत्रसे ब्लाक बनाया गया है। प्रशस्ति इस प्रकार है:—'सं वत् १५११ वर्ष अषाढ़ वदी १४ चतुर्दश्यां बुधे श्री खरतर गच्छेश श्री श्री जिनभद्र सूरिभिर्लिखितमिदं ॥१॥ वा० साधुतिलक गणि-भ्यो वाचनाय प्रसादी कृतेयं प्रति।

७ - जिनचन्द्रसूरि मूर्ति:—बीकानेरके ऋषभ जिनालयमें युगप्रधान आचार्यश्रीकी सं० १६८६ जिनराजसूरि प्रतिष्ठित मूर्ति है उसीका यह ब्लोक हैं, लेख नकल देखें—युग प्रधान जिन चन्द्रसूरि पृ० १५७।५८।

८—जिनचंदसूरि हस्तलिपि :—स्व० बाबू पूरणचन्द्रजी नाहरके संग्रह (गुलाव कुमारी लाइब्रेरी) की नः ११८ कर्मस्तववृत्तिकी प्रतिसे ब्लाक बनवाया गया है, पुस्तिका लेख इस प्रकार है:—

संवत् १६११ वर्षे श्री जेसलमेरू महादुर्गे। राउल श्री

मालदेवे विजयिनि । श्री वृहत् खरतर गच्छे। श्रीजिनमाक्यि सूरि पुरंदराणां विनेय सुमतिधीरेण* लेखि स्ववाचनाय ।। श्रावण सुदि त्रयोदश्यां । शनिवारे ।।श्रीस्तात्।। ।।कल्याणंबोभोतु ।। छ० ।।

९—जिनराज सूरि-जिनरंग सूरि:—यतिवर्य्य श्री सूर्यमलजीके संग्रह (कलकत्ते)में शालिभद्र चौपई पत्र २४ की सचित्र प्रतिके अन्तिम पत्रमें यह चित्र है । लिपि लेखककी प्रशस्ति इस प्रकार है—

सं० १८५२ मि० फाल्गुण कृष्ण १२ रविवारे श्री वृहत्खरतर गच्छे उपाध्यायजी श्री विद्याधीरजी गणि शिष्य मुख्य वा० मति कुमार ग० । शिष्य लि । पं० किस्तूरचन्द मु ।

प्रति यद्यपि समकालीन नहीं है तोभी इसकी मूल आधार भूत प्रतिका समकालीन होना विशेष संभव है ।

१०--जिनहर्ष हस्तलिपि:—पाटण भंडारमें कविवरके रचित एवं स्वयं लि० स्तवनादिकी पत्र ८० की प्रतिके फोटु मुनिवर्य पुण्य विजयजीने भेजे थे उसीसे ब्लाक बनवाकर मुद्रित की गई है। मुनिश्रीने हमें उक्त प्रतिकी नकल करा भेजनेकी भी कृपा की है।

११--ज्ञानसार हस्तलिपि:—हमारे संग्रहके एक पत्रका ब्लोक बनवाकर दिया गया है।

खरतर गच्छके आचार्यों एवं विद्वानोंके और भी वहुत चित्र उपलब्ध हैं, जिन्हें हो सका तो खरतरगच्छ इतिहासमें प्रकट करनेकी इच्छा है।

---

* आचार्य पद प्राप्तिके पूर्व मुनि अवस्थाका नाम। देखे यु० जिनचंद्रसूरि पृ० २३ ।

ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह

रास सार सूची ।

—※※—

चित्र सूची ।

—*—

———

चित्र-सूचीमें परिवर्तन

चित्रोंको प्रथम रास-सारमें देनेका विचार था, पर फिर मूलमें देना उचित समझ वैसा किया गया है, तथा चित्रोंकी संख्या पूर्व १२ थी पर फिर कई अन्य आवश्यक चित्र प्राप्त हो जानेसे ६ और बढ़ा दिये गये हैं। कुल १८ चित्रोंकी सूची इस प्रकार है :—

छ चित्रोंके बढ़ जानेसे मूल्यमें भी १।) के स्थानमें १॥) करना पड़ा पुस्तकके अन्तमें भी दो नीचे लिखी बातें और जोड़ दी गइ है:—

ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह (द्वितीय विभाग)

ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह (तृतीय विभाग)

ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह (चतुर्थ विभाग)

परिशिष्ट

खरतरगच्छ पट्टावली

(जैसलमेर भाण्डागारीय सं० ११७१
लि० ताडपत्रीय प्रतिका द्वितीय पृष्ठ)

ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह

काव्योंका ऐतिहासिक सार

प्रस्तुत ग्रन्थमें प्रकाशित (पृ० १२८ से २२६ में) खरतर गच्छ गुर्वावलियोंमें भगवान महावीरसे पट्ट—परम्परा इस प्रकार दी गयी है :—

गुर्वावलि नं० २	गुर्वावलि नं० ५	गुर्वावलि नं० २	गुर्वावलि नं० ५
÷	१ वर्द्धमान १	आर्यशान्ति	११ सुस्थित
गौतम	२ गौतम	हरिभद्र	१२ इंद्र दिन्न
सुधर्म्मा	३ सुधर्म्मा	श्यामाचार्य	१३ दिन्न सूरि
जम्बू	४ जम्बू	आर्य संडिल्ल	१४ सिंहगिरि
प्रभव	५ प्रभव	रेवती मित्र	१५ वयर स्वामी
शय्यम्भव	६ शय्यम्भव	आर्य धर्म	१६ वज्रसेन
यशोभद्र	७ यशोभद्र	आर्य गुप्त	१७ चंद्र सूरि
संभूति विजय	८ संभूतिविजय	आर्य समुद्र	१८ समंतभद्रसूरि
भद्रबाहु	÷	आर्यमंगु	१९ वृद्धदेव सूरि
स्थूलिभद्र	९ स्थूलिभद्र	आर्य सोहम	२० प्रद्योतन सूरि
आर्यमहागिरी	÷	हरिवल	२१ मानदेवसूरि
आर्यसुहस्ति*	१० आर्यसुहस्ति	भद्रगुप्त	२२ देवेन्द्र सूरि

* यहांतक दोनों गुर्वावलियोंके नामोंमें साम्य है। नं०२में भद्रबाहु और आर्यमहागिरिके नाम अधिक है, इसका कारण नं० २ युगप्रधान परम्परा और नं० ५ गुरु शिष्य परम्पराकी दृष्टिसे रचित है। इससे आगेका क्रम दोनोंमें भिन्न २ है, इसका कारण सम्भवतः नं० २ के प्राचीन अव्यवस्थित पट्टावलियोंका अनुकरण, और नं० ५ के संशोधित होनेका है।

सिंहगिरि	२३	मानतुंग	नागार्जुन	३३	रविप्रभ
वयर स्वामी	२४	वीर सूरि	गोविन्दवाचक	३४	यशोभद्र
आर्य रक्षित	२५	जयदेव सूरि	संभूतिदिन्न	३५	जिनभद्र
दुर्वलिकापुष्य	२६	देवानन्द	लोकहित	३६	हरिभद्र
आर्य नंदि	२७	विक्रमसूरि	दूष्यगणि	३७	देवचन्द
नागहस्ति	२८	नरसिंह सूरि	उमास्वाति	३८	नेमिचंद्र
रेवंत	२९	समुद्र सूरि	जिनभद्र	३९	उद्योतन
ब्रह्मदीपी	३०	मानदेव	हरिभद्र		
संडिल्ल	३१	विबुधप्रभ	देवाचार्य *		
हेमवंत	३२	जयानन्द	नेमिचन्द्र		
			उद्योतन ÷		

---

* यहांतकका क्रम भिन्न २ पट्टावलियोंमें भिन्न भिन्न प्रकारसे पाया जाता है। पर इसके पश्चात्‌का क्रम सभी खरतर गच्छकी पट्टावलियोंमें एक समान है। नं० १ की पट्टावलीका (संशोधित) क्रम वज्रसेन तकका नंदिसूत्र स्थिरावली आदि प्राचीन प्रमाणोंसे प्रमाणित है, पीछेके क्रमको ऐतिहासिक दृष्टिसे परीक्षा करना परमावश्यक है पुरातत्वविद्‌ विद्वानोंका हम इस ओर ध्यान आकर्षित करते हैं।

× यहां तकके आचार्योंका गुर्वावलियोंमें नाममात्र ही उल्लेख है। ऐतिहासिक परिचय नहीं। फिर भी इनके नामोंके साथ जो ऐ० विशेषण दिये गये हैं, वे ये हैं:--जम्बूः--९९ कोटि द्रव्य त्याग, संयम ग्रहण। स्थूलिभद्रः-कोश्या प्रतिबोधक, महागिरी -- जिन कल्प तुलना कारक, सुहस्तिः--संप्रति नृपके गुरु, श्यामाचार्यः--पन्नवणा कर्त्ता, वज्रसेनः--१६वर्षायु व्रत ग्रहण, वृद्धदेवः--कुमदचन्द्र विजेता, मानदेवः--शान्ति स्तव कर्त्ता,मानतुंगः-भक्तामर, भयहर स्तोत्रकर्त्ता, वयर स्वामीः--१०पूर्वधर, उमास्वातिः--५०० प्रकरणकर्त्ता।

वर्द्धमान सूरि

(पृ० ४४)

उपरोक्त उद्योतन सूरिजीके आप मुख्य शिष्य थे। आपने आबू गिरिपर छः महीनेतक तपस्या करके सूरि मन्त्रकी साधना (शुद्धि) की, पातालवासी धरणेन्द्रदेव प्रगट हुआ, उसके सूचनानुसार वहाँ आदि-जिनकी वज्रमय प्रतिमा प्रगट हुई। इससे मंत्रीश्वर विमल दण्ड नायकको अतिशय आनन्द हुआ और गुरुश्रीके उपदेशसे उन्होंने वहां नंदीश्वर प्रसादके समान, चिरस्मरणीय यशःपुञ्ज स्वरूप 'विमल वसही' बनाई। पूज्य श्रीके अतिशय प्रभावसे मिथ्यात्वीयोगी आदि हतप्रभाव हुए और जैन शासनका जयवाद फैला, आपका विशेष परिचय गणधर सार्द्धशतक बृहद् वृत्ति, पट्टावलियों और युगप्रधान जिनचन्द्र सूरि (पृ० ६) में देखना चाहिये।

जिनेश्वर सूरि

(पृ० ४४)

श्री वर्द्धमान सूरिजीके आप सुशिष्य थे। आपने गुजरातके अणहिल्लपाटणके भूपति दुर्लभराजके सभामें ८४ मठपति (चैत्यवासी) आचार्योंको, जो कि मन्दिरोंमें रहा करते थे, परास्त कर चैत्य-वासका उत्थापन और वसतिवास-सुविहित मुनिमार्ग का स्थापन किया था। नृपति दुर्लभराज आपके गुणोंसे प्रसन्न होकर कहने लगे कि:— इस कलिकालमें कठिन और खरे चारित्रधारक साधु आप ही हैं। नृपतिके वचनानुसार तभीसे खरतर विरुदकी प्रसिद्धि हुई।

विशेष चरित्र सामग्री और ग्रन्थ निर्माणकी सूचि देखें :—युग प्रधान जिनचन्द सूरि पृ० १०

अभय देवसूरि

(पृष्ठ ४५)

आप श्री जिनेश्वर सूरिजीके शिष्य थे। आपने ६ अंग-सूत्रों पर वृत्ति बनाई और जयतिहूअण स्त्रोत्रकी रचना कर स्तंभन-पार्श्वनाथजीकी प्रतिमा प्रकट की। श्रीमंधर स्वामीने आपके गुणोंकी प्रशंसा की और धरणेन्द, पद्मावती आपकी सेवा करते थे। विशेष देखें: यु० जिनचंद्रसूरि पृ० १२

जिनवल्लभसूरि

पृ० १,४६

आप अभयदेवसूरजीके पट्टधर थे। पिन्डविशुद्धि प्रकरणकी आपने रचना की थी एवं बागड़ देशमें धर्म प्रचार कर १० हजार (नये) जैनश्रावक बनाये थे। चितौड़में चमुंडा देवीको आपने प्रतिबोध दिया था। सं० ११६७ के आषाढ़ शुक्ला षष्टीको चित्तौड़के महावीर चैत्यमें आपको देवभद्र सूरिजीने आचार्य पद प्रदान कर श्रीजिन अभयदेव सूरिके पदपर स्थापित किया।

विशेष चरित्रके लिये गण० शा० वृत्ति और कृतियोंके लिये युगप्रधान जिनचन्द सूरि पृष्ट १२ देखना चाहिये।

जिनदत्त सूरि

(पृ० १४, ४६, ३७३)

वाछिग मन्त्री (धुन्धुका वास्तव्य) की धर्मपत्नी बाहड़ देवीकी कुक्षीसे सं० ११३२ में आपका जन्म हुआ। सं० ११४१ में दीक्षा ग्रहण की। सं ११६९ वै० कृ० ६ चित्तौड़के वीर जिनालयमें

जिनवल्लभ सूरिजीके पदपर देवभद्राचार्यने (पद) स्थापना की। उज्जयन्त पर अम्बिका देवीने अंबड़ (नाग देव) श्रावकके आराधन करनेपर उसके हाथमें स्वर्णाक्षर लिख दिये और कहा कि जो इन्हें पढ़ सकेंगे उन्हींको युगप्रधान जानना। अंबड़ सर्वत्र घूमा, पर उन अक्षरोंको कोई भी आचार्य न पढ़ सके। आखिर पाटणमें जिनदत्त सूरिजीने अंबड़के हाथपर वासक्षेपका प्रक्षेपन कर उन अक्षरोंको शिष्य द्वारा पढ़ सुनाये, तभीसे आप युगप्रधान बिरुदसे प्रसिद्ध हुए।

आपने चौसठ योगिनी और बावन वीरों (क्षेत्रपाल) को जीता था और भूत-प्रेत आदि तो आपके नामस्मरण मात्रसे पास नहीं आ सकते, सूरि मन्त्रके प्रभावसे धरणेन्द्रको साधन किया था और एक लाख श्रावक श्राविकाओंको प्रतिबोध दिया था। विक्रमपुरमें सर्व संघको मारि रोग निवारण कर अभय दान दिया और ऋषभ जिनालयकी प्रतिष्ठा की। त्रिभुवन गिरिके नृपति कुमारपालको प्रतिबोध दिया।५०० व्यक्तियोंको जैनमुनियोंको दीक्षा दी। उज्जैनीमें योगिनी (६४) चक्रको ध्यानबलसे प्रतिबोधा। आज भी आपके चमत्कार प्रत्यक्ष है और स्मरण मात्रसे मन-वांच्छित फल प्रदान करते हैं। सांभर (अजमेर) नरेश (अर्णोराज) को जैन-धर्मका प्रतिबोध दिया था। आपके हस्त दीक्षित साधुओंकी संख्या १५०० थी (पृः ४६)। इस प्रकार आप-अपने महान व्यक्तित्वसे यशस्वी जीवन द्वारा चिरस्मीरणीय होकर संः १२११ के आषाढ़ शुक्ला ११ को अजमेर नगरमें स्वर्ग सिधारे।

पृ०३७३ से ३७६में प्रकाशित अवदात छप्पयोंके अपूर्ण× (आदि अंत त्रु०) होनेके कारण वर्णित विषयका स्पष्टीकरण नहीं हो सकता। अतः अन्य साधनोंके आधारसे इस विषयमें जो कुछ जाना गया है, उसका अति संक्षिप्त सार यहां दिया जाता है:—

कनौजमें सीहोजी+ नामक भूपति राजा राज्य करते थे, एक बार उन्होंने यात्रार्थ द्वारिका जानेका विचार कर राज्यभार अपने छोटे भाईको देकर कुंअर आसथान (जो कि उनके यदुवंशी राणीके पुत्र थे) एवं ५०० सैनिकोंके साथ प्रस्थान किया। सिहांजी जब मारवाड़ पधारे तो राणीने एक स्वप्न देखा। × × ×

इधर मारवाड़ प्रान्तके पाली शहरमें ब्राह्मण यशोधर राज्य करते थे। उस समय खेड़ नगरके गुहलवंशी राजा महेशने पालीपर चढ़ाई कर दी, इससे भयभ्रान्त हो यशोधर नगर रक्षणका उपाय सोचने लगे कि किसी सिद्ध पुरुषकी शरण ली जाय। परामर्श करनेपर ज्ञात हुआ कि खरतर गच्छ नायक श्री जिनदत्त सूरिजीका यहीं चतुर्मास है और वे बड़े ही चमत्कारी हैं। उनके मुख्य कार्य कलाप ये हैं :—

×छप्पयोंकी पूर्ण प्रति किसी सज्जनको कहीं प्राप्त हो तो हमें भेजनेकी कृपा करें। छप्पयोंकी आदि अन्तकी संख्या, सम्बन्ध व प्रतिके पत्रसंख्याके हिसाबसे यह वर्णन बहुत बड़ा होना सम्भव है।

+आधुनिक इतिहासकारोंके मतसे सींहोजीका जन्म सं० १२५१ कन्नौजसे आना १२६८ और स्वर्ग सं० १३३० है। अतः जिनदत्तसूरिका उनके साथ सम्बन्ध होना कहांतक ठीक है, नहीं कहा जा सकता।

१ :—मुलतानमें पांच नदीके पांचो पीर आपके सेवक बने। माणिभद्र यक्ष एवं बावन वीर भी आपकी सेवामें हाजिर रहा करते थे।

२ :—मुलतानमें प्रवेशोत्सव समय (भीड़में कुचलकर) मूगलपुत्र मर गया था, उसे आपने पुनः जीवित कर सबको आश्चर्यान्वित कर दिया।

३ :—चोसठ योगनियोंके स्त्री रूप धारण कर व्याख्यानमें छलनेको आने पर उन्हें मन्त्रित पाटों पर बैठाकर, कीलित कर दिया। आखिर वे गुरुजीसे प्रार्थना कर मुक्त हो, जाते समय ७ वरदान दे गई, जो इस प्रकार हैं :—

(१) प्रत्येक ग्राम और नगरमें एक श्रावक ऋद्धिवंत होगा।

(१) आपके नाम लेनेवालेपर बिजली नहीं गिरेगी।

(३) सिन्धु देशमें आपके श्रावकोंको विशेष लाभ होगा।

(४) आपके नाम स्मरणसे भूत-प्रेत एवं चौरादिका भय, ज्वरादि रोग दूर होंगे। एवं शाकिनी नहीं छल सकेगी।

(५) खरतर श्रावक प्रायः निर्धन न होगा और कुमरणसे नहीं मरेगा।

(६) आपके स्मरणसे जलसे पार उतर जायगा, पानीमें नहीं डूबेगा।

(७) बालब्रह्मचारिणी साध्वीको ऋतुधर्म नहीं आयगा।

४ :—उज्जैनीके स्तम्भमेंसे ध्यानबलसे विद्यामन्त्रकी पुस्तक ग्रहण की, उसमेंसे स्वर्णसिद्धि आदि विद्यायें ग्रहण कर चित्तौड़के भंडारमें स्थापित की। उस पुस्तकको हेमचन्द्राचार्यके कथनसे कुमारपाल नृपतिने मंगाई, पर उसे खोलनेका (ग्रन्थके ऊपर) निषेध लिखा हुआ होनेपर भी हेमचन्द्राचार्यकी बहिन-साध्वीके पुस्तकके बन्डलको खोलनेपर वे नेत्रहीन हो गयीं और पुस्तक उड़कर जेसलमेरके भण्डारमें जा गिरी। वहां चोसठ योग-नियां उनकी रक्षा करती हैं।

५ :—प्रतिक्रमणके समय पड़ती हुई बिजलीको रोक दी।

६ :—विक्रमपुरमें मृगीके उपद्रव होनेपर 'तंजयउ' स्त्रोत्र रचकर शांति की। वहां महेश्वरी, डागा, लुणिया आदि १५०० श्रावकोंको प्रतिबोध दिया।

इस प्रकार गुरुजीकी प्रशंसा सुनकर उनसे यशोधरने राज्य रक्षण की प्रार्थना की। गुरुजीने उपरोक्त सिंहोजीको वहांका राज्य दिलवाकर उस राज्यकी रक्षा की, तभीसे राठोड़, खरतर आचार्योंको अपना गुरु मानने लगे।

जिनचन्द्र सूरि

(पृ० ५)

सं० ११९७ भाद्र शुक्ला ८ को रासलकी पत्नी देहल्णदेकी कुक्षिसे आप जन्मे थे। सं० १२०३ फाल्गुन शुक्ला ९ को ६ वर्षकी लघुवयमें ही जिनदत्त सूरिके समीप दीक्षा ग्रहण की। सं० १२०५ वैशाख शुक्ला षष्ठीको विक्रमपुरमें श्री जिनदत्त सूरजीने अपने पट्टे-

पर स्थापित किया था। कहा जाता है कि आपके भालस्थलपर मणि थी। अतः नरमणिमण्डित (भाल स्थल) नाम (संज्ञा) से आपकी सर्वत्र प्रसिद्धि है।

सं० १२२३ भाद्र कृष्ण चतुर्दसीको दिल्लीमें आपका स्वर्गवास हुआ।

जिनपति सूरि

(पृ० ६ से १०)

मरुस्थलके विक्रमपुर निवासी माल्हू यशोवर्द्धनकी भार्या सूहव-देकी कुक्षिसे सं० १२१० चैत्र कृष्ण अष्टमीके दिन आपका जन्म हुआ था। आपका जन्मका शुभ नाम 'नरपति' रखा गया। सं० १२१८ फाल्गुन कृष्ण १० को जिनचन्द्र सूरिजीके पास भीम-पल्लीमें आपने दीक्षा ग्रहण कर सर्व सिद्धान्तोंका अध्ययन किया।

सं० १२२३ कार्तिक शुक्ला १३ वब्बेरकपुरमें जयदेवाचार्यने श्री जिनचन्द्र सूरिके पदपर स्थापन कर आपका नाम जिनपति सूरि रखा, इसके पश्चात् आपने अपनी अद्वितीय मेधा व प्रतिभासे ३६ वादोंमें अन्तिम हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज एवं जयसिंह आदिके राज्य-सभामें विजय प्राप्त की। वादी रूपी हस्तियोंके विदीर्णार्थ आप सिंहके समान थे। आपने बहुतसे शिष्योंको दीक्षा दी। अनेकों जिन बिम्बों आदिकी प्रतिष्ठायें की। शासन देवी आपके पादपद्मोंकी सेवा करती थी और जालन्धरा देवीको आपने रञ्जित किया था। खरतर गच्छकी मर्यादा (विधि) आपने ही सुव्यवस्थित की थी।

मरुकोट निवासी भण्डारी नेमचन्द्रजी (षष्टि शतककर्त्ता) सद्गुरुके शोधमें १२ वर्ष तक पर्यटन करते हुए पाटण पधारे और आपके सद्गुणोंसे प्रतिबोधको प्राप्त हुए। इतना ही नहीं, भण्डारीजीके पुत्रने आपके पास दीक्षा ग्रहण की थी। वास्तवमें आप युग-प्रधान आचार्य थे।

इस प्रकार स्वपर कल्याण करते हुए सं० १२७७ आषाढ़ शुक्ला १० को पाल्हणपुरमें स्वर्ग सिधारे। वहाँ संघने स्तूप बनवाया।

जिनेश्वर सूरि

(पृ० ३७७)

मरुस्थलके शिरोमणि मरोट कोट निवासी भण्डारी नेमचन्द्रकी भार्या लक्ष्मणीकी कुक्षिसे सं० १२४५ मार्गशीर्ष शुक्ला ११ को आपका जन्म हुआ था। अम्बिका देवीके स्वप्नानुसार आपका जन्म नाम 'अम्बड़' रखा गया।

श्री जिनपति सूरिजीके सदुपदेशसे वैराग्य वासित होकर आपने अपने माता-पितासे प्रवज्या ग्रहण करनेकी आज्ञा मांगी, माताश्रीने संयमकी दुर्द्धरता बतलाई पर उत्कट वैराग्यवानको वह असार ज्ञात हुई; क्योंकि आपका ज्ञान-गर्भित वैराग्य संसारके दुखोंसे विलग होनेके लिये ही हुआ था।

सं० १२५८ चैत्र कृष्णा २ खेड़ नगरके शान्ति जिनालयमें श्री जिनपति सूरजीने दीक्षित कर आपका नाम वीरप्रभ रखा, आप सर्वसिद्धान्तोंका अवगाहन कर श्री जिनपति सूरिके पदपर सुशोभित हुए। आचार्य पद प्राप्तिके पश्चात् आप जिनश्वर सूरि नामसे

प्रसिद्ध हुए। आपने अनेक देशोंमें विहार कर वहुतसे भव्यात्माओं-को प्रतिवोध दिया। इस प्रकार धर्म प्रचार करते हुए आप जालोर पधारे और अपने आयुष्यका अन्त निकट जानकर अपने सुशिष्य वाचनाचार्य प्रवोध मूर्तिको अपने पदपर स्थापित कर जिनप्रवोध सूरि नाम स्थापना की और वहीं अनशन आराधना कर सं० १३३१ के आश्विन कृष्णा ६ को स्वर्ग सिधारे।

जिन प्रवोध सूरि उल्लेख :—गुर्वावलियोंमें

जिनचन्द्र सूरि " "

श्री जिन कुशलसूरिजो विरचित 'जिनचन्द्र सूरि चतुःसप्तिका' प्राप्त हुई है। ग्रन्थ विस्तार भयसे उसे प्रगट नहीं की गयी, मात्र उसका सार नीचे दिया जाता है।

मारवाड़ प्रान्तमें समीयाणा (सम्माणथणि) नगरके मन्त्री देवराजकी पत्नी कोमल देवीकी रत्नगर्भा कुक्षिसे सं० १३२४ मार्ग-शीर्ष शुक्ला ४ को आपका जन्म हुआ था। आपका जन्म नाम खंभराय रखा गया। खंभराय क्रमशः वयके साथ-साथ गुणोंसे भी वढ़ते हुए जव ६ वर्षके हुए तव श्री जिवप्रवोध सूरिकी देशना श्रवणका सुअवसर मिला। उनके उपदेशसे प्रतिवोध कर सं० १३३२ के जेठ शुक्ला ३ को गुरुश्रीके समीप प्रव्रज्या ग्रहण की। पूज्य श्रीने आपका नाम "क्षेमकीर्त्ति" रखा। दीक्षाके अनन्तर आपने व्याकरण, छंद, नाटक, सिद्धान्त आदिका अध्ययन कर विद्वता प्राप्त की।

विक्रमपुर स्थित महावीर प्रतिमाके ध्यान बलसे अपने आयुष्यका अन्त निकट जानकर श्री जिनप्रबोधसूरिजी जावालपुर पधारे और वहां क्षेमकीर्त्तिजीको स्वहस्त कमलसे सं० १३४१ वै० शु० ३ अक्षय तृतीयाको वीर चैत्यमें बड़े महोत्सवपूर्वक आचार्य पद प्रदान कर गच्छभार सौंपकर जिनप्रबोधसूरिजी स्वर्ग सिधारे। आचार्य पदके अनन्तर आपका शुभ नाम जिनचन्द्रसूरि प्रसिद्ध किया गया। आपके रूप लावण्य और गुण सचमुच सराहनीय थे। श्रीकर्णदेव जैत्रसिंह, और समरसिंहजी भूपति त्रय आपकी सेवा करनेमें अपना अहोभाग्य समझते थे। आपने बिम्ब प्रतिष्ठा, दीक्षा एवं पद प्रदानादि कर अनेकानेक धर्मप्रभावनाकी। शत्रुंजय, गिरनार आदि तीर्थोंकी यात्रा की। एवं गुजरात, सिन्ध, मारवाड़, सवालक्षदेश, बागड़, दिल्ली आदि देशोंमें विहार कर धर्म प्रचार किया। सं० १३७६ के आषाढ़ शुक्ल ६ को राजेन्द्रचन्द्र सूरिजीको अपने पदपर कुशल कीर्त्तिको स्थापन करने आदिकी शिक्षा देकर अनशन आराधनापूर्वक स्वर्ग सिधारे।

जिनकुशल सूरि

(पृ० १५ से १६)

अणहिल्ल पटणाधीश दुर्लभराज (की सभामें चैत्यवासियोंको परास्त कर) के समय वसतिमार्गप्रकाशक जिनेश्वर सूरि (प्रथम) के पट्टपर संवेगरंगशालाके कर्त्ता जिनचन्द्र सूरि, नवांगीवृत्तिकर्त्ता अभयदेव सूरि कि जिन्होंने (स्तम्भन) पार्श्वनाथके प्रसादसे धरणेन्द्र पद्मावती आदि देवोंको साधित किये, उनके पट्टपर संवेगीशिरोमणि

और चितौडस्थ चामुण्डा देवीको प्रतिबोध देनेवाले जिनवल्लभसूरि और उनके पट्टधर योगिराज जिनदत्त सूरि हुए कि जिन्होंने ज्ञानध्यानके प्रभावसे योगिनियां आदि दुष्ट देवोंको किंकर बना लिये थे। उनके पदपर सकल कला-सम्पन्न जिनचन्द्र सूरि और उनके पट्टधर-वादियों रूप गजोंके विदारणमें सिंह सादृश (वादी मानमर्दन) जिन-पति सूरिजी हुए।

जिनपति सूरिके जिनेश्वर सूरि उनके पट्टधर जिनप्रबोध सूरि और उनके पट्टधर जिनचन्द्र सूरि हुए, जिन्होंने बहुत देशोंमें सुविहित विहारकर त्रिभुवनमें प्रसिद्धी प्राप्त की एवं सुरताण (सम्राट्) कुत-बुद्दीनको रंजित किया था, उनके पट्टधर जिनकुशल सूरि हुए, जिनके पदस्थापनाका वृतान्त इस प्रकार है:—

दीनोद्धारक कल्पतरु और महान् राज्य प्रसादप्राप्त मन्त्री देव-राजके पुत्र जेल्हेकी पत्नि जयत श्रीके पुत्ररत्न कि जिनका दीक्षित नाम वाचनाचार्य कुशलकीर्त्ति था, को राजेन्द्रचन्द्र सूरिने पाटणमें जिन-चन्द सूरिके पदपर स्थापित किया। उस समय दिल्ली वास्तव्य महती-याण ठक्कुर विजय सिंह एवं पाटणके ओसवाल तेजपाल व उनका लघुभ्राता रूद्रपालने श्रीराजेन्द्रचन्द्र सूरि और विवेकसमुद्रोपाध्यायसे पद महोत्सव करनेका आदेश मांगा और उनकी आज्ञा प्राप्तकर सर्वत्र कुंकुंम-पत्रीकाएं प्रेपित कर बड़ा महोत्सव प्रारम्भ किया। सं० १३७७ के ज्येष्ठ कृष्णा एकादशीके दिन जिनालयको देवविमानके सादृश सुशोभित कर जिनेश्वर प्रभुके समक्ष राजेन्द्रचन्द्र सूरिने वा० कुशलकीर्त्तिको जिनचन्द्र सूरिके पदपर स्थापित कर 'जिनकुशल

सूरि' नाम स्थापना की, उस समय अनेक देशोंके संघ आये थे, वाजित्रोंके नादसे आकाशमण्डल व्याप्त हो गया था। महतीयाण विजय सिंहने खूब गुरुभक्ति की, देश-विदेश विख्यात सामलवंशी वीरदेवने स्वधर्मीवात्सल्य किया। उस समय ७०० साधु, २४०० साध्वीयोंको तेजपाल, रुद्रपालने अपने घर आमंत्रित कर वस्त्र परि-धापन किया। अणहिल्ल पाटणकी शोभा उस समय बड़ी दर्शनीय और चित्ताकर्षक थी। महोत्सव करनेवाले तेजपालको सभी लोग बड़ी उत्सुकतासे देख रहे थे। इस प्रकार युगप्रधान पद महोत्सव कर सचमुच तेजपालने बड़ी ख्याति प्राप्त की।

आपका विशेष परिचय खरतरगच्छ गुर्वावली और पट्टावलियोंमें पाया जाता है। उक्त गुर्वावली यथावसर हमारी ओरसे सानुवाद प्रकाशित होगी। आपकी रचित "चैत्यवंदन कुलक वृत्ति" प्रकाशित हो चुकी है।

जिनपद्मसूरि

(पृ० २० से २३)

उपरोक्त श्री जिनकुशल सूरिजी महिमंडलमें विचरते हुए देरावर पधारे। वहां व्रत ग्रहण, मालाग्रहण, पदस्थापन आदि अनेक धर्मकृत्य हुए। सूरिजीने अपना आयुष्यका अन्त निकट ज्ञातकर (तरुणप्रभ) आचार्यको अपने पद (स्थापन) आदि की समस्त शिक्षा देकर स्वर्ग सिधारे। इसी समय सिन्धु देशके राणु नगर वास्तव्य रीहड श्रावक पुनचन्दके पुत्र हरिपाल देरावर पधारे और युगप्रधान पद-महोत्सव करनेकी आज्ञाके लिये तरुणप्रभाचार्यसे विनीत प्रार्थना की और आज्ञा प्राप्त

कर दशोंदिशाओंके संघोंको कुंकुम-पत्रीयों द्वारा आमंत्रित किये, संघ आये।

प्रसिद्ध खीमड कुलके लक्ष्मीधरके पुत्र आंबाशाहकी पत्नीकी कुक्षि सरोवरसे उत्पन्न राजहंसके सादृश पद्मसूरिजी को सं०१३८९ ज्येष्ठ शुक्ला षष्ठी सोमवारको ध्वजा पताका, तोरण वंदनमालादिसे अलंकृत आदीश्वर जिनालयमें नांन्दिस्थापन विधिसह श्री सरस्वती कंठाभरण तरुण प्रभाचार्य (षडावश्यक बालावबोधकर्त्ता) ने जिन-कुशल सूरिजीके पदपर स्थापित कर जिनपद्म सूरि नाम प्रसिद्ध किया। उस समय चारों ओर जयजय शब्द हो रहा था। रमणियां हर्षसे नृत्य कर रहीं थीं। लोगोंके हृदयमें हर्षका पार न था। शाह हरिपालने संघभक्ति (स्वामिवात्सल्यादि) एवं गुरुभक्ति (वस्त्रदानादि) के साथ युगप्रधान पद महोत्सव बड़े समारोहके साथ किया।

पाटण संघने आपको (बालधवल) कुर्चाल सरस्वती विरुद दिया। (पृ० ४७)

जिनचन्द्र सूरि (उ० गुर्वावलिमें)

जिनोदय सूरि (पृ० ३८४से ३९४)

चन्द्रगच्छ और वज्रशाखामें श्री अभयदेवसूरिजी हुए.उनके पट्टानु-क्रममें सरस्वती कण्ठाभरण जिनवल्लभ सूरि, विधिमार्ग प्रकाशक जिनदत्तसूरि, कामदेव सादृश रूपवान् जिनचन्द्रसूरि, वादिगज केशरी जिनपत्ति सूरि, भक्तजन कल्पवृक्ष जिनेश्वर सूरि, सकलकला सम्पन्न जिनप्रबोध सूरि, भवोदधिपोत जिनचन्द्र सूरि, सिन्धुदेशमें विहित

विहार कर जिनधर्म प्रचारक जिनकुशल सूरि, सुरगुरु अवतार जिनपद्म सूरि, शासन शृङ्गार जिनलब्धि सूरिके पट्ट प्रभाकर तेजस्वी जिनचन्द्रसूरि ज्ञाननीर वर्षाते हुए खंभाते पधारे और (आयुष्यका अन्त जान, तरुण प्रभ) आचार्य को गच्छ और पद स्थापनादिकी समस्त शिक्षा देकर स्वर्ग सिधारे।

इसी समय दिल्ली वास्तव्य श्रीमाल रुद्रपाल, नींबा सधराके पुत्र संघवी रतना पूनिग सदगुरुवर्यको वन्दनार्थ खंभात आये और उन्होंने श्रीतरुणप्रभाचार्यको वन्दनकर पद महोत्सवकी आज्ञा ले ली। सं० १४१५ के आषाढ़ कृष्ण १३ को हजारों लोगोंके समक्ष अजित-जिनालयमें आचार्यश्रीने वाचनाचार्य सोमप्रभको गच्छनायक पद देकर जिनोदय सूरि नाम स्थापनाकी। संघवी रतना, पूनाने उस समय बड़ा भारी उत्सव किया। लोगोंके जयजयारवसे गगन मण्डल व्याप्त हो गया। वाजित्र बजने लगे, याचक लोग कलरव (शोर) करने लगे, कहीं सुन्दर रास (खेल) हो रहे थे, कहीं मृदुभाषिणी कुलाङ्गनायें मङ्गल गीत गा रही थीं। इस प्रकार वह उत्सव अतिशय नयनाभिराम था। संघवी रतना पूना और शाह वस्तपालने याचकोंको वांछित दान दिया, चतुर्विध संघकी बड़ी भक्ति और विनयसे पूजाकी, साधर्मी वात्सल्यादि सत्कार्यों में अपनी चपला लक्ष्मीको खुले हाथ व्ययकर जीवनको सार्थक बनाया, उस समय साल्हिग और गुणराजने भी याचकोंको बहुत दान दिये। उपरोक्त वर्णन ज्ञानकलश कृत रासके अनुसार लिखा गया है।

मेरुसदन कृत विवाहलेके अनुसार श्रीजिनोदयसूरिका विशेष परिचय इस प्रकार है—

गूर्जरधरा रूपी सुन्दरीके हृदयपर रत्नोंके हारके भांति पाल्हणपुर नगर है। उसमें व्यापारी मुख्य माल्हू शाखाके (शाह रतनिग कुल मण्डल) रुद्रपाल श्रेष्ठि निवास करते थे। सं० १३७५ में उनकी भार्या धारल देवीके कुक्षि सरोवरसे राजहंसके सदृश पुत्र उत्पन्न हुआ। माता पिताने उसका शुभ नाम समरा रखा। चन्द्रकलाके भांति समरा कुमर दिनोदिन वृद्धिको प्राप्त होने लगा।

इधर पाल्हणपुरमें किसी समय श्री जिनकुशलसूरिजी का शुभागमन हुआ। धर्म-प्रेमी रुद्रपालने सपरिवार गुरुजीको वन्दन कर धर्म श्रवण किया। सूरिजीने समरा कुमरके शुभ लक्षणोंको देख (आश्चर्यान्वित होकर) रुद्रपालको उसे दीक्षित करनेका उपदेश देकर आप भीमपल्ली पधारे। इधर माताके खोलेमें बैठे कुमरने सूरिजीके पास दिक्षा कुमारीसे विवाह करानेकी प्रार्थना की। माताने संयम पालनकी दुष्करता, उसकी लघु अवस्था आदि बतलाकर वहुत समझाया, पर वैरागी समराने अपना दृढ़ निश्चय प्रगट किया। अतः इच्छा नहीं होते हुए भी पुत्रके अत्याग्रहसे रुद्रपालने सपरिवार भीमपल्ली जाकर वीर जिनालयमें नांदिस्थापन कर जिनकुशलसूरिके हस्तकमलसे समरा कुमरको सं० १३८२ में दीक्षा दिलाई। कालिकाचार्यके साथ सरस्वती वहनने दीक्षा ग्रहण की थी उसी प्रकार समराकुमरके साथ उसकी बहिन कील्हूने दीक्षा ग्रहण की। गुरुने समरेकुमरका नाम 'सोमप्रभ' रखा। सोमप्रभ मुनि अब बड़े

मनोयोगसे विद्याध्यन करने लगे और समस्त शास्त्रोंके पारंगत बने। सोमप्रभकी योग्यतासे प्रसन्न हो गुरुश्रीने सं० १४०६ में जेसलमेरमें 'वाचनाचार्य' पद प्रदान किया। वाचनाचार्यजी सुविहित विहार करते हुए धर्म प्रचार करने लगे।

इस प्रकार धर्मोन्नति करते हुए सोमप्रभजीको सं० १४१५ आषाढ़ कृष्ण त्रयोदशीको खंभातमें श्री तरुणप्रभाचार्यने जिन चंद्र-सूरिके पदपर स्थापित किये। पदस्थापनका विशेष वर्णन ऊपर आ ही चुका है।

आचार्यपद प्राप्तके अनन्तर श्री जिनोदय सूरिजीने सिंध, गुजरात, मेवाड़ आदि देशोंमें विहार कर सुविहित मार्गका प्रचार किया। पांच स्थानोंमें बड़ी प्रतिष्ठायें की, २४ शिष्यों १४ शिष्यणियोंको दीक्षित किये, अनेकोंको संघवी, आचार्य, उपाध्याय, वाचनाचार्य महत्तरा आदि पदसे अलंकृत किये। इस प्रकार धर्म प्रभावना करते हुए सं० १४३२ के भाद्र कृष्णा एकादशीको पाटणमें लोकहिताचार्यको शिक्षा देकर स्वर्ग सिधारे। संघने आपके अन्तक्रिया स्थलपर सुन्दर स्तूप बनाकर भक्ति प्रदर्शित की।

जिनराज सूरि
उ० गुर्वावलियोंमें

जिनभद्र सूरि
"

जिनचन्द्र सूरि
पृ० ४८

साहु शाखाके वच्छराजकी भार्या स्याणीके कुक्षिसे आप जन्मे थे।

जिन समुद्रसूरि
उ० गुर्वावलियोंमें

खरतर गुरुगुण छप्पय और गुरुगुण षट्पद्का सार

प० १ से ३ एवं २४ से ४०

नाम पदस्थापनासंवत मिती स्थान जिनालय पददाता

जिनवल्लभः—सं० ११६७ आषाढ़ शुक्ला ६ चित्तौड़, महावीर, देवभद्रसूरि

जिनदत्तः—सं० ११६६ वैशाख कृष्णा ६ „ „ „

जिनचन्द्रः—सं० १२०५ वैशाख शुक्ला ६ विक्रमपुर, „ जिनदत्तसूरि

जिनपतिः—सं०१२२३ कार्तिक शुक्ला १३ बब्बेरपुर, जयदेवसूरि

जिनेश्वरः—सं० १२७८ माह शुक्ला ६ जालौर, „ सर्वदेवसूरि

जिनप्रबोध—सं० १३३१ आश्विन (कृष्णा) ५ „

जिनचन्द्रः—सं० १३४१ वैशाख शुक्ला ३ „

जिनकुशलः—सं० १३७७ ज्येष्ठ कृष्णा ११ पाटण,

जिनपद्मसूरिः—सं० १३६० ज्येष्ठ शु० ६ देरावर,

जिनलब्धिः—सं० १४०० आषाढ़ कृष्णा १

जिनचन्द्रः—सं० १४०६ माह शुक्ला १० जैसलमेर,

जिनोदयः—सं० १४१५ आषाढ़ कृष्णा १३ खंभात, अजित,

जिनराजः—१४३३ फाल्गुण कृष्णा ६ पाटण, शांति, लोकहिताचार्य

जिनभद्र—सं० १४७५ माह (शु० १५)भाणशलि,
अजित, सागरचंद्राचार्य

अन्य महत्वके उल्लेखः—(गा २०) सं० १०८० पाटग दुर्लभ सभा चैत्यवासी विजय, जिनेश्वर सूरिको खरतर विरुद प्राप्ति,(गा० २१) गौतमके १५०० तापसोंका प्रतिबोध, (द्वि०गा २२)कालिकाचार्यका चतुर्थीको पर्यूषण करना,(गा २३)में जिनदत्त सूरिका युगप्रधानपद,(गा० ३०)में दशारणभद्रका

जिनहंससूरि

पृ० ५३

जिनहंस सूरिजीका सूरिपद महोत्सव करमसिंहने एक लाख पीरोजी खरचकर वड़े समारोहसे किया। आचार्य पद प्राप्तिके अनन्तर अनेक देशोंमें विहार करते हुए आप आगरे पधारे। श्रीमाल डुंगरसी और उनके भ्राता पामदत्तने अतिशय हर्षोत्साहसे प्रवेशोत्सव बड़े धूमधामसे किया, सजावट बड़ी दर्शनीय की गई, लोगोंकी भीड़से मार्ग संकीर्ण हो गये, पातशाह स्वयं हाथीके होदे उम्बर खान, वजीर इत्यादि राज्यके अमलदारोंके साथ सामने आये, वाजित्र बज रहे थे। श्राविकायें मंगलकलश मस्तकपर धारण कर गुरुश्रीको मोतियोंसे बधा रहीं थीं। रजत मुद्रा (रुपये) के साथ पान (ताम्बूल) दिये गये, इससे बड़ा यश फैला और दिल्लीपति सिकन्दर पातशाहको यह जान बड़ा आश्चर्य उत्पन्न हुआ। उन्होंने सूरिजीको राजसभा (दीवानखाना) में आमंत्रित कर करामात दिखानेको कहा, क्योंकि सम्राटके खरतर जिनप्रभसूरिजीके करामात (चमत्कार) की वातें, पहिले लोगोंसे सुनी हुई थी। पूज्यश्रीने तपस्याके साथ ध्यान करना प्रारम्भ किया, यथासमय जिनदत्तसूरिजीके प्रसाद एवं ६४ योगिनीयोंके सानिध्यसे किसी चमत्कार विशेषसे सिकन्दर

वीर वन्दन (गा० २३) पीछेकी १ गाथामें सं० १४१२ फा० व १४ अभयतिलकके रचनाका लेख है, (द्वि० गा० २३) में जिनलब्धि सूरिको नवलक्ष गोत्रीय धर्णसिंहके भार्या खेताहोके कुक्षिसे उत्पन्न होना और बाल्यवयमें व्रत लेना, लिखा है।

पातशाहका चित्त चमत्कृत कर ५०० वन्दीजनोंको कारावास (वाखरसी) से छुड़ाकर महान सुयश प्राप्त किया।

कवि भक्तिलाभने गुरुभक्तिसे प्रेरित होकर इस यशगीतकी रचना की। वि० आपके रचित आचाराङ्गदीपिका (सं० १५८२ वीकानेर) उपलब्ध है।

जिनमाणिक्य सूरि (उ० गुर्वावलियोंमें)

युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि (पृ० ५८ से १२४)

जिनसिंह सूरि (पृ० २२५से १३३)

श्री जिनचन्द्र सूरिजी एवं जिनसिंह सूरिजीके सम्बन्धी गीत, रास आदि काव्योंका सर्व सारांश "युगप्रधान जिनचन्द सूरि" में दिया है। अतः यहां दुहराकर ग्रन्थके कलेवरको वढ़ाना उचित नहीं समझा गया।

जिनचन्द्र सूरि सम्वन्धी दो वड़े रास हैं, उनमेंसे "अकवर-प्रतिवोध रासका सार उक्त ग्रन्थके छठें, सातवें प्रकरणमें एवं निर्वाण रासका सार ११, १२ वें प्रकरणमें दे दिया गया है।

श्री जिनसिंह सूरिजीका ऐतिहासिक परिचय उक्त ग्रन्थके पृ० १७४ से १८२ तकमें लिखा गया है। आपके सम्वन्धमें हमें सूरचन्द कृत एक रास अभी और नया उपलब्ध हुआ है, पर उसमें हमारे लि० चरित्रके अतिरिक्त कोई विशेष नवीनता नहीं, और ग्रन्थ वहुत वढ़ा हो जानेके कारण उसे प्रकाशित नहीं किया गया।

सूरचन्द्र कृत रासमें नवीन वातें ये हैं :—

(१) जिनसिंह सूरिजीके पिताका निवास स्थान 'बीठावास' लिखा है।

(२) पाटणमें धर्मसागर कृत ग्रन्थको अप्रमाणित सिद्ध किया। संघवी सोमजीके संघ सह शत्रुंजय यात्रा की।

(३) इनके पदमहोत्सवपर श्रीमाल-टांक गोत्रीय राजपालने १८०० घोड़े दान किये थे।

(४) अकबर सभामें ब्राह्मणोंको गंगा नदीके जलकी पवित्रता एवं सूर्यकी मान्यतापर प्रत्युत्तर देकर, विजय किया था।

जिनराज सूरि

(पृ० १५० से १७७, ४१७)

राजस्थानमें बीकानेर एक सुसमृद्ध नगर है, वहां राजा रायसिंह जी राज्य करते थे, उनके मन्त्री करमचन्दजी वच्छावत थे। जिन्होंने सं० १६३५ के दुष्कालमें सत्रूकार (दानशाला) स्थापित कर डोलती हुई पृथ्वीको (दान देकर) स्थिर कर दी थी, एवं लाहोरमें जिनचन्द सूरिजीके युग प्रधान पद एवं जिनसिंह सूरिजीके आचार्य पदके महोत्सवपर क्रोड द्रव्य और नव ग्राम, नव हाथी आदिका महान दान किया था।

उस समय वीकानेरमें वोथरा कुलोत्पन्न धर्मशी शाह निवास करते थे, उनकी धर्मपत्नीका शुभ नाम धारल देवी था। सांसारिक भोगोंको भोगते हुए दम्पत्ति सुखसे काल निर्गमन करते थे।

हमारे संग्रहके प्रबन्धमें आपके ७ भाइयोंके नाम इस प्रकार हैं :—
१ राम, २ गेहा, ३ खेतसी, ४ भैरव, ५ केशव, ६ कपूर, ७ सातड,

इस प्रकार विषय भोगोंको भोगते हुए धारल देवीकी कुक्षिमें सिंह स्वप्न सूचित एक पुण्यवान जीव अवतरित हुआ।

ज्योतिषियोंको स्वप्न फल पूछनेपर उन्होंने सौभाग्यशाली पुत्र उत्पन्न होनेकी सूचना दी। यथा समय (गर्भ वृद्धि होनेके साथ-साथ अच्छे-अच्छे दोहद उत्पन्न होने लगे, अनुक्रमसे गर्भ स्थिति परिपूर्ण होनेसे) सं० १६४७ वैसाख सुदी ७ बुधवार, छत्र योग श्रवण नक्षत्रमें धारलदेवीने पुत्र जन्मा।

दशूठण उत्सवके अनन्तर नवजात शिशुका नाम खेतसी रखा गया, वृद्धिमान होते हुए खेतसी * कलाभ्यास करने लगा अनुक्रमसे ६ भाषा, १८ लिपि, १४ विद्या, ७२ कला, ३६ राग और चाणक्यादि शास्त्रोंका अध्ययन कर प्रवीण हो गया। इसी समय अकबर बादशाह प्रशंसित जिन सिंह सूरिजी बीकानेर पधारे। लोक बड़े हर्षित हुए और सूरिजीका धर्मोपदेश श्रवणार्थ सभी लोग आने लगे, (अपने पिताके साथ) खेतसी कुमार भी व्याख्यानमें पधारे। और धर्म श्रवणकर वैराग्यवासित होकर घर आकर अपनी माताजी से दीक्षा की अनुमति मांगी। पर पुत्रका स्नेह सहज कैसे छूट सकता था। माताने अनेक प्रकारसे समझाया पर खेतसी कुमार अपने दृढ़ निश्चयसे विचलित नहीं हुए और सं० १६५६ मार्गशीर्ष शुक्ला १३ को जिनसिंह सूरीजीके समीप दीक्षा ग्रहण की। इस समय धर्मसी शाहने दीक्षाका बड़ा उत्सव किया, नव दीक्षित मुनि अब गुरुश्री के प्रदत्त राजसिंहके नामसे परिचित होने लगे।

* एक पट्टावलीमें लिखा है कि आपके लघु भ्राता भैरवने भी आपके साथ दीक्षा ली।

दीक्षाके अनन्तर सूरिजी शीघ्र ही अन्यत्र विहारकर गये। राज सिंहके मण्डलतप बहन कर चुकनेके सम्वाद पाकर श्री जिनचन्द्र सूरिजीने उन्हें बड़ी दीक्षा (छेदोपस्थापनीय) दी और नाम राजसमुद्र प्रसिद्ध किया।

राजसमुद्र थोड़े ही समयमें कुशाग्र बुद्धिबलसे सूत्रोंको पढ़कर गीतार्थ हो गये। श्री जिन सिंह सूरिजी स्वयं आपको शिक्षा देते थे, श्री जिनचन्द्र सूरजीने आपको वाचनाचार्य * पदसे अलंकृत किया। आपके प्रबल पुन्योदयसे अम्बिकादेवी प्रत्यक्ष हुई। जिसके प्रत्यक्ष फलस्वरूप घंघाणीके (प्राचीन) लिपीको आपने पढ़ डाली। जेसलमेरमें राउल भीमके समक्ष आपने तपागच्छीयों*को परास्त किये थे।

इधर सम्राट जहांगीरने मान सिंह (जिन सिंह सूरि) से प्रेम होनेसे उन्हें निमन्त्रणार्थ, अपने वजीरोंको फरमान-पत्रके साथ बीकानेर भेजा। वे बीकानेर आये और फरमान पत्र सूरिजीकी सेवामें रखा। सङ्घने पढ़ा तो सूरिजीको सम्राट्ने आमन्त्रित किया जानकर सभी प्रसन्न हुए।

सम्राटके आमन्त्रणसे सूरिजी विहार कर मेड़ते पधारे। वहां एक महीनेकी अवस्थिति की, फिर वहांसे एक प्रयाण किया पर आयुका अन्त निकट ही आ चुका था, अतः मेड़ते पधारे और वहीं

---

* हमारे संग्रहके प्रबन्धमें जन्मका वार बुधकी जगह शुक्र और दीक्षा सं० १६५७ मोगसर सुदी १ बीकानेर, लिखा है। वणारसपद सं० १६६८ आसाउलमें लिखा है।

स्वयं संथारा उच्चारण कर सं० १६७४ पौष शुक्ला १३ को प्रथम देवलोक सिधारे।

संघने एकत्र हो पट्टधरके योग्य कौन है इसका विचारकर राज-समुद्रजीको योग्य विदित कर उन्हें गच्छनायक और सूरिजीके अन्य शिष्य सिद्धसेन मुनिको आचार्य पदसे विभूषित किये। ये दोनों जिनराज सूरि और जिनसागर सूरिजीके नामसे प्रसिद्ध हुए। पदमहोत्सवपर संघवी आसकरण चोपड़ेने वहुत द्रव्य व्यय किया। १६७४ फाल्गुन शुक्ला ७* को पदस्थापना वड़े समारोहसे हुई।

गच्छनायक पद प्राप्तिके अनन्तर आपने अनेक जगह विहारकर अनेकानेक धर्म प्रभावनायें की, जिनमेंसे कुछ ये हैं:—(सं० १६७५ मिगसर सुदी १२ को) जेसलमेर (लोद्रवे) गढ़में (भणसाली थाहरू-कारित) सहस्त्रफणापार्श्वनाथकी प्रतिष्ठा की। (सं० १६७५ वै० शु० १३ क) शत्रुंजय पर (सोमजी पुत्र रुपजीकारित) अष्टमोद्धारके ७०० प्रतिमाओंकी प्रतिष्ठा की। भाणवटमें वाफणा चांपशी कारित अमीझरा पार्श्वनाथजीकी प्रतिष्ठाकी,मेड़तेमें चौपड़ा असकरण कारित शान्ति जिनालयकी (सं० १६७७ जे० कृ० ५) प्रतिष्ठाकी। अम्बिका देवी एवं ५२ वीर आपके प्रत्यक्ष थे, सिन्धमें विहारकर (पांच नदीके) पाँच पीरोंको आपने साधित किये। ठाणांग सूत्रकी विषम पदार्थ वृत्ति वनाई।

---

* प्रबन्धमें उपाध्याय सोमविजयका नाम भी है।

+ प्रबन्धमें द्वितीया लिखा है। सूरिमन्त्र पुनमीया हेमाचार्यने दिया लिखा है।

इस प्रकार शासनका उद्योत करनेवाले गच्छ नायकके गुण-कीर्तन रूप यह रास श्रीसार कविने सं० १६८१ अषाढ़ कृष्ण १३ को सेत्रावामें रचा। क्षेमशाखाके रत्नहर्षके शिष्य हेमकीर्त्तिने यह प्रबन्ध बनवाया। गच्छ नायकके गुणगान करते समय (वर्षा) भी अच्छी हुई। उपरोक्त रास रचनाके पश्चात् (सं० १६८६ मार्गशीर्ष कृष्णा ४ रविवारको आगरेमें सम्राट शाहजहाँसे आप मिले थे और वहां ब्राह्मणोंको वादमें परास्त किये एवं दर्शनी लोगोंके विहारका जहां कहीं प्रतिषेध था वह खुला करवा कर शासनोन्नति की। राजा गजसिंहजी, सूरसिंहजी, असरपखान, आलमदीवान आदिने आपकी बड़ी प्रशंसा की।

यह सवैये (पृ० १७३) से स्पष्ट है। गीत नं० ५ में लिखा है कि मुकरबखान ने आपके शुद्ध और कठिन साध्वाचारकी बड़ी प्रशंसा की।

आपके रचित १ शालिभद्र चौ० २ गजसुकमाल चो० ३ चौवीसी ४ वीशी ५ प्रश्नोत्तर-रत्नमाला बीशी ६ कर्म बतीसी ७ शील बतीसी बालावबोध ८ गुणस्थानस्त और अनेक पद उपलब्ध हैं। नैषध-काव्य पर भी आपके ३६ हजारी वृत्ति बनानेका उल्लेख है। डेक्कन कालेजमें इसकी दो प्रतियां विद्यमान हैं।*

---

* हमारे संग्रहके जिनराज सूरि प्रबंधमें विशेष बातें यह हैं :—

आपने ६ मुनियोंको उपाध्याय, ४१ को वाचक पद और १ साध्वीजी को प्रवर्तनी पद दिया, ८ बार शत्रुञ्जयकी यात्रा की, पाटणके संघके साथ गौडीपार्श्वनाथ, गिरनार, आबू, राणकपुरकी यात्रा की, नवानगरके

जिनरतन सूरि

(पृ० २३४ से २४७)

मरुधर देशके सेरुणा ग्राममें ओशवाल लुणिया गोत्रीय तिलोकसी शाहकी पत्नी तारा देवीकी* कुक्षिसे (सं० १६७०) में आपका जन्म हुआ था। आठ वर्षकी लघुवयमें ही आपको वैराग्य उत्पन्न हुआ और जिनराज सूरिके पास अपने वान्धव और माताके साथ (सं० १६८४) में† दीक्षा ग्रहण की। थोड़े दिनोंमें ही शास्त्रोंका अध्ययन कर देश-विदेशोंमें विहार कर भव्य जनोंको प्रतिवोध देने लगे। ×आपके गुणोंसे योग्यताका निर्णय कर जिनराज सूरिजीने अहमदावाद बुलाकर आपको उपाध्याय पदसे अलंकित किया। इस समय जयमल, तेजसीने वहुत-सा द्रव्य व्यय कर उत्सव किया था।

सं० १७०० में जिनराजसूरिजीका चतुर्मास पाटण था। उन्होंने स्वहस्तसे जिनरतन सूरिजीकी पद स्थापना की, और अपाढ़ शुक्ला ६ को वे स्वर्ग सिधारे।

चतुर्मासके समयमें दोसी माधवादि ने ३६००० जमसाइ व्यय की, आगरेमें १६ वर्षकी अवस्थामें चिन्तामणि शास्त्रका पूर्ण अध्ययन किया, पालीमें प्रतिष्ठा की, राउल कल्याणदास और राय कुंवर मनोहरदासके आमन्त्रणसे जैसलमेर पधारे, संघवी धाहरूने प्रवेशोत्सव किया। आपके शिष्य-प्रशिष्यों की संख्या ४१ थी।

× १ नाहटा थे (देखो पृ० २४६ में)

× गीत नं० ५ में तेजस हैं। देखो पृ० २४७ × गीत नीः ४ में सदामी लिखा है।

पाटणसे विहार कर जिनरतन सूरिजी पाल्हणपुर पधारे, वहां संघने हर्षित हो उत्सव किया। वहांसे स्वर्णगिरिके संघके आग्रहसे वहां पधारे। श्रेष्ठिपीथेने प्रवेशोत्सव किया, वहांसे मरुस्थलमें विहार करते संघके आग्रहसे बीकानेर पधारे, नथमल वेणेने बहुत-सा द्रव्य व्यय कर (प्रवेश-) उत्सव किया, वहांसे उग्र विहार विचरते वीरमपुरमें (सं० १७०१) में संघाग्रहसे चतुर्मास किया।

चतुर्मास समाप्त होते ही बाहड़मेर (सं० १७०२) में आये, संघके आग्रहसे चतुर्मास वहीं किया। वहांसे विहार कर कोटड़में(सं०१७०३) चौमासा किया। चौमासा समाप्त होनेपर वहांसे जेसलमेरके श्रावकोंके आग्रहसे जैसलमेर पधारे, शाह गोपाने प्रवेशोत्सव किया एवं याचकों को दान दे अपनी चंचल लक्ष्मीको सार्थक की। जेसलमेरके संघका धर्मानुराग और आग्रह सविशेष देख आचार्य श्रीने चार चतुर्मास (सं० १७०४ से १७०७ तक) वहीं किये। इसके पश्चात् आगरे संघके अत्याग्रहसे वहां पधारे। संघ बड़ा हर्षित हुआ, मानसिंहने बेगमकी आज्ञा प्राप्त कर प्रवेशोत्सव बड़े समारोहसे किया। व्रतग्रहणादि धर्मध्यान अधिकाधिक होने लगे। तीन चौमासा (सं० १७०८ से १७१०) करनेके पश्चात् चौथे चतुर्मासको (सं० १७११) भी संघने आग्रह कर वहीं रखे। वहां अशुभ कर्मोदयसे असमाधि उत्पन्न हुई। अषाढ़ शुक्ला १० से तो वेदना क्रमशः वृद्धि होनेसे औषधोपचार कराया गया, पर निष्फल देख आपने अपने आयुष्यका अन्त ज्ञात कर अपने मुखसे अनशनोच्चार एवं ८४ लाख जीवयोनियोंसे क्षमत क्षमणा कर समाधिपूर्वक श्रावण वदी ७ सोमवारको

हर्षलाभको पदस्थापन कर स्वर्गवासी हुए। संघमें शोक छा गया, पर भावीपर जोर भी नहीं चल सकता। आखिर अन्त्येष्टि क्रिया बड़ी धूमसे कर. दाहस्थलपर सुन्दर स्तूप निर्माण कर श्रावक संघने गुरुभक्तिका आदर्श परिचय दिया, भक्ति स्मृतिको चीरंजीवत की. (जिनराज सूरि शि०) मानविजयके शिष्य कमलहर्षने भी सं० १७११ श्रावण शुक्ला ११ शनिवारको आगरेमें यह निर्वाण रास रचकर गुरु-भक्ति द्वारा कवित्व सफल किया।

जिनचन्द्र सूरि

(पृ० २४५ से २४८)

बीकानेर निवासी गणधर-चोपड़ा गोत्रीय सहसमल (सहसकरण) की पत्नी राजल दे (सुपीयार दे) के आप पुत्ररत्न थे। आपने १२ वर्षकी लघुवयमें वैराग्यवासित होकर जिनरत्न सूरिके हाथसे जेसलमेरमें दीक्षा ग्रहण की। श्रीसंघने उत्सव किया, १८ वर्षकी वयमें (सं० १७११) जिनरत्न सूरिजी आगरेमें थे और आप राजनगरमें थे, वहां) जिनरत्न सूरिके बचनानुसार पद प्राप्त हुआ और नाहटा जयमल, तेजसी (जिनरत्नपद महोत्सवकर्त्ता) की माता कस्तूरांने पदोत्सव किया। (गीत नं० २)

नं० ५ कवित्तसे ज्ञात होता है कि आपने पंचनदी साधन की थी। आपके रचित कई स्तवनादि हमारे संग्रहमें हैं। सं० १७३५ आषाढ़ शुक्ला ८ खम्भातमें आपने २० स्थानक तप करना प्रारम्भ किया था। तत्कालीन गच्छके यतियोंमें प्रविष्ट शिथि-

लताको निवार्णार्थ सं० १७१८ आसू सुदी १० सोमवार बीकानेरमें (१४ बोलोंकी) व्यवस्था की थी, प्रस्तुत व्यवस्थापत्र हमारे संग्रहमें है।

जिनसुख सूरि

(पृ० २४६ से २५१)

बोहरा गोत्रीय (पीचानख) रूपचन्द शाहकी भार्या रतनादे (सरूप दे) की कुक्षिसे आपका जन्म हुआ था। आपने लघुवयमें दीक्षा ग्रहण की थी। सं० १७६२ आषाढ़ शुक्ला ११ को सूरतमें जिनचन्द सूरिने आपको स्वहस्तसे श्री संघ समक्ष गच्छनायक पद प्रधान किया था। उस समय पारख सामीदास, सूरदासने पद महोत्सव बड़े धूमसे किया था। रात्रिजागरण श्रावकस्वामीवात्सल्य यति वस्त्र परिधापनादिमें उन्होंने बहुत-सा द्रव्य व्ययकर भक्ति प्रदर्शित की।

सं० १७८० के ज्येष्ठ कृष्णाको अनशन आराधन कर रिणीमें जिनभक्ति सूरजीको अपने हाथसे गच्छनायक पद प्रदानकर स्वर्ग सिधारे। श्री संघने अन्त्येष्टि क्रियाके स्थानपर स्तूप बनाया और उसकी माघ शुक्ला षष्टीको जिनभक्तिसूरिजीने प्रतिष्ठा की थी। आपके रचित जेसलमेर-चैत्यपरिपाटी स्तवनादि एवं गद्य (भाषा) में (सं० १७६७ में पाटणमें रचित) जेसलमेर श्रावकोंके प्रश्नोंके उत्तरमय सिद्धान्तीय विचार (पत्र ३५ जय० भं०) नामक ग्रन्थ उपलब्ध है।

जिनभक्तिसूरि

(पृ० २५२)

सेठिया हरचन्दकी पत्नी हरसुखदे की कुक्षिसे आपका जन्म हुआ था। आपने छोटी उम्रमें ही चारित्र लेकर सद्गुरुको प्रसन्न किया था। जिनसुख सूरिजीने आपको सं० १७७९ ज्येष्ठ कृष्णा तृतीयाको रिणीमें स्वहस्तसे गच्छनायक पद प्रदान किया था। उस समय रिणी संघने पद-महोत्सव किया। आपके रचित कई स्तवनादि प्राप्त हैं।

जिनलाभसूरि

(पृ० २६३ से २६६ एवं ४१४ से ४१६)

विक्रमपुरनिवासी बोथरे पंचाननकी धर्मपत्नी पदमा दे ने आपको जन्म दिया। आपने लघु वयमें जिनभक्ति सूरिजीके पास दीक्षा ग्रहण की। आपके गुणोंसे प्रसन्न होकर सूरिजीने मांडवी बंदरमें आपको अपने पदपर स्थापन किया था।

सं० १८०४ भुज, वहांसे गुढ़ होकर १८०५ में जैसलमेर पधारे, वहां १८०८।१० तक रहे। उसके पीछे बीकानेरमें (१८१० से १८१५ तक) ५ वर्ष रहकर सं० १८१५ को वहांसे विहारकर गारबदेसर शहरमें (१८१५) चोमासा किया। वहां ८ महीने विराजनेके पश्चात् (मि० वि० ३) विहारकर थली प्रदेशको वंदाते हुए जैसलमेरमें प्रवेश किया। वहां (१८१६-१७-१८-१९) ४ वर्ष अवस्थितीकर लोद्रवे तीर्थमें सहस्त्रफणा पार्श्वनाथजीकी यात्रा की। वहांसे पश्चिमकी ओर विहारकर गोडीपार्श्वनाथकी यात्रा कर

गुढे (सं० १८२०) में चौमासा किया। चतुर्मासके अनन्तर शीघ्र बिहारकर महेवा प्रदेशको वंदाकर महेवेमें नाकोड़े पार्श्वनाथकी यात्रा की, वहांसे बिहारकर जलोलमें (सं० १८२१) में चतुर्मास किया। वहांसे खेजडले, खारिया रह कर रोहीठ, मंडोवर, जोधपुर, तिमरी होकर मेड़ते (१८२३) पधारे। वहां ४ महीने रहकर जैपुर शहर पधारे, वह शहर क्या था मानो स्वर्ग ही पृथ्वीपर उतर आया हो, वहां वर्ष दिनकी भांति और दिन घड़ीकी भांति व्यतीत होते थे। जैपुरके संघका अत्याग्रह होनेपर भी पूज्यश्री वहां नहीं ठहरे और मेवाड़की ओर विहारकर यश प्राप्त किया। उदयपुरसे १८ कोसपर स्थित धूलेवामें ऋषभेशकी यात्राकर उदयपुर (१८२४) पधारें और विशेष विनतीसे पालीवालै (१८२५) पाट विराजे नागौर (का संघ) बीचमें अवश्य आयगा, यह जानते हुए भी साचौर (अपने मनकी तीव्र इच्छासे (१८२६) पधारे। इस समय सूरतके धनाढ्योंने योग्य अवसर जानकर विनती पत्र भेजा और पूज्यश्री भी उस ओर बिहार करनेसे अधिक लाभ जान, (१८२७) सूरत पधारे।

वहांके श्रावकोंको प्रसन्न कर आप पैदल विचरते हुए (१८२९) राजनगर पधारे। वहां तालेवरने बहुत उछव किये और २ वर्ष तक रात दिन सेवा की। वहांसे श्रावक संघके साथ शत्रुजय गिरनारकी यात्रा कर (१८३०) वेलाउलके संघको वंदाया। वहांसे मांडवी (१८३१) पधारे। वहां अनेकों कोट्याधीश और लक्षाधिपति व्यापारी निवास करते थे। समुद्रसे उनका व्यापार चलता

मार्गशीर्ष महिनेमें आबगिरिकी यात्रा कर चतुर्मास बीलाड़े (१८२३) रहे।

था। उन्होंने १ वर्ष तक खूब द्रव्य किया। वहांसे अच्छे महूर्तमें विहार कर भुज (१८३२) आये । वहांके संघने भी श्रेष्ट भक्ति की। इस प्रकार १८ वर्ष नवीन नवीन देशोंमें विचरे। कवि कहता है कि अब तो बीकानेर शीघ्र पधारिये। अन्य साधनोंसे ज्ञात होता है, कि भुजसे विहार कर १८३३ का चौमासा मनरा-बन्दर कर सं० १८३४ का चौमासा गुढ़ा किया और वहीं स्वर्ग सिधारे (गीत नं० ४)।

गहुंली नं० १ में पूज्यश्रीके पधारनेपर बीकानेरमें उत्सव हुआ, उसका वर्णन है।

गहुंली नं० २ में कवि कहता है कि कच्छसे आप यहां पधारते थे, पर जैसलमेरी संघने बीचमें ही रोक लिया। वहांके लोग बड़े मुंह मीठे होते हैं, अतः पूज्यश्रीको लुभा लिया। पर बीकानेर अब शीघ्र आवें।

आत्म-प्रबोध ग्रन्थ आपका रचित कहा जाता है। आपके रचित कइ स्तवनादि हमारे संग्रहमें हैं, और दो चोवीशीयें प्रकाशित भी हो चुकी हैं।

जिनचन्द्र सूरि

(पृ० २६७ से २६६)

रूपचन्दकी भार्या केशरदेके आप पुत्र थे। आपने मरुस्थलमें लघु वयमें ही दीक्षा ली थी और गुढ़ेमें जिनलाभ सूरिजीने स्वहस्तसे आपको गच्छनायक पद प्रदान किया था, उस समय श्रीसंघने उत्सव किया था।

गहुंली नं० १ सिन्धु देश—हालां नगर स्थित कनकधर्मने सं० १८३४ माधव मासमें बनाई है।

गहुंली नं० २ चारित्रनन्दनने सं० १८५० वैशाख बदी ८ गुरुवारको बीकानेरमें बनाई है। उस समय पूज्यश्री अजीमगंजमें थे, गहुंलीमें उसके पूर्व उनके सम्मेतशिखर, पावापुरीकी यात्रा करनेका उल्लेख कियागया है, एवं बीकानेर पधारनेके लिये विज्ञप्ति की गयी है।

जिनहर्ष सूरि

(पृ० ३००)

बोहरा गोत्रीय श्रेष्टि तिलोकचन्दकी भार्या तारादेके कुक्षिसे आपका जन्म हुआ था। कवि महिमाहंसने आपके बीकानेर पधारनेके समयके उत्सव वर्णनात्मक यह गहुंली रची है। गहुंलीमें बीकानेरके प्रसिद्ध देवालय चिन्तामणि और आदीश्वरजीके दर्शन करनेको कहा गया है।

जिनसौभाग्य सूरि

(पृ० ३०१)

आप कोठारी कर्मचन्दकी पत्नी करणदेवीकी कुक्षिसे उत्पन्न हुए थे। सं० १८९२ मार्गशीर्ष शुक्ला ७ गुरुवारको जिनहर्षसूरिजीके पद पर नृपवर्य रतनसिंहजी आदिके प्रयत्नसे विराजमान हुए थे। उस समय खजानची लालचन्दने पद स्थापनाका उत्सव किया था, और याचकोंको दान दिया था।

हमारे संग्रहके एक पत्रमें लिखा है कि जिनहर्षसूरिजीके स्वर्ग सिधारनेके पश्चात् पद किसको दिया जाय, इसपर विवाद हुआ। जिन-सौभाग्य सूरिजी उनके दीक्षित शिष्य थे और

महेन्द्र सूरिजी अन्य यतीके शिष्य थे, पर जिनहर्षसूरिजीने उन्हें अपने पास रख लिया था। अतः अन्तमें यह निर्णय किया गया कि दोनोंके नामकी चिट्ठियां डाल दी जाँय, जिसके नामसे चिट्ठी उठे उसे ही पद दिया जाय। यह बात निश्चित होने-पर सोभाग्य सूरिजी वयोबृद्ध और गच्छके मुख्य यतियोंको लेनेके के लिये बीकानेर आये। पीछेसे चिट्ठी डालनेके निश्चित दिनके पूर्व ही कुछ यतीओं और श्रावकोंके पक्षपातसे जिनमहेन्द्र सूरिजीको पद दे दिया गया। इधर आप मुख्य यतियोंके साथ मंडोवर पहुंचे और वहांका वृतान्त ज्ञात कर बीकानेर वापिस पधारे। यहांके यतिवर्यों श्रावकों और राजा रत्नसिंहजीका पहलेसे ही इन्हें पद देनेका पक्ष था, अतः दे दिया गया। इन्हीं बातोंके संकेत इस गहुंलीमें पाये जाते हैं।

इनके पश्चात् पट्टधरोंका क्रम इस प्रकार है :—

जिनहंससूरि—जिनचंद्रसूरि—जिनकीर्त्तिसूरि, इनके पट्टधर जिनचारित्रसूरिजी अभी विद्यमान हैं।

भूल सुधार

जिनेश्वरसूरि (प्रथम) के शि० जिनचंद्रसूरिजीका नाम छूट गया है। उनका रचित 'संवेग-रंगशाला' ग्रन्थ प्रकाशित हो चुका है।

——*——

मंडलाचार्य और विद्वद् मुनि मंडल

भावप्रभसूरि

(पृ० ४६)

माल्हू शाखाके लुणिग कुलमें सव्व शाहकी भार्या राजलदेके आप पुत्र रत्न थे। श्री जिनराज सूरि (प्रथम) के आप (दीक्षित) सुशिष्य तथा सागरचन्द्रसूरिजीके पट्टधर थे, आप साध्वाचारका प्रशंसनीय पालन करते थे और अनेक सद्गुणोंके निवासस्थान थे।

कीर्त्तिरत्न सूरि

(पृ० ५१-५२, पृ० ४०१-४१३)

ओसवंशके संखवाल गोत्रमें शाह कोचर बड़े प्रसिद्ध पुरुष हो गये हैं, उनके सन्तानीय (वंशज) आपमल्ल और देपा हुए। इनमें देपाके देवलदे नामक धर्मपत्नी थी, जिसकी कुक्षिसे लक्खा, भादा, केल्हा, देल्हा ये चार पुत्र उत्पन्न हुए। इनमें देल्हा कुंवरका जन्म सं० १४४६ में हुआ था, १४ वर्षकी लघु वयमें (सं० १४६३ आषाढ़ वदी ११) में आपने दीक्षा ग्रहण की थी। श्री जिनवर्द्धन सूरिजीने आपका शुभ नाम 'कीर्त्तिराज' रखा और शास्त्रोंका अध्ययन भी स्वयं आचार्यश्रीने कराया। विद्वान होनेके पश्चात् सं० १४७० में वाचनाचार्य पद (जिनवर्द्धन सूरिजीने) और सं० १४८० में उपाध्याय पद महेवेमें जिनभद्र सूरिजीने प्रदान किया, अतः माता देवलदेको वड़ा हर्ष हुआ। सिन्धु और पूर्व देशोंकी तरफ विहार करते

हुए आप जैसलमेर पधारें। वहां गच्छनायक जिनभद्र सूरिजीने योग्य जानकर सं० १४९७ माघ शुक्ला १० को आचार्य पद प्रदान किया और "कीर्तिरत्न सूरि" के नामसे प्रसिद्धि की। उस समय आपके भ्राता लक्खा और केल्हाने विस्तारसे पद महोत्सव किया।

सं० १५२५ वैशाख बदी ५ को २५ दिनकी अनशन आराधना कर समाधि पूर्वक वीरमपुरमें आप स्वर्ग सिधारे। जिस समय आपका स्वर्गवास हुआ, आपके अतिशयसे वहांके वीर जिनालयमें देवोंने दीपक किये और मन्दिरके दरवाजे वन्द हो गये। वहां पूर्व दिशामें संघने स्तूप वनवाया जो अब भी विद्यमान है। वीरमपुर, महेवेके अतिरिक्त जोधपुर, आवू आदि स्थानोंमें भी आपकी चरणपादुकाएं स्थापित की गयीं। जयकीर्त्ति और अभैविलास कृत गीत नं० ७-८ से ज्ञात होता है कि सं० १८७९ वैशाख (आषाढ़) कृष्णा १० को गड़ालें (नालं-वीकानेरसे ४ कोस) में आपका प्रासाद बनवाया गया था।

गीत नं० ५ (सुमतिरंग कृत छंद) और नं० ८ में कुछ नवीन वातोंके साथ विस्तारसे वर्णन हैं जिनका सार यह है:—

जालंधर देशके संखवाली नगरीमें कोचर शाह निवास करते थे, उनके दो भार्यायें थीं, जिनमें लघु पत्नीके रोलू नामक पुत्र हुआ, उसे एक दिन अर्द्ध रात्रिके समय काले सर्पने डंक मारा। विषसे अचेतन होनेसे कुटम्बीजन उसे दहनार्थ, स्मशान ले गये, इसी समय खरतर गच्छनायक जिनेश्वरसूरिजी वहीं थे उन्होंने अपने आत्मबलसे उसे निर्विष कर दिया। रोलू सचेत हो

घर आया, कुटम्बमें आनन्द छा गया और कोचर शाह तभीसे (सं० १३१३) खरतर गच्छानुयायी* श्रावक हो गये और उन्होंने जिनेश्वरसूरिजीके हस्तकमलसे जिनालयकी प्रतिष्ठा करवाई। इसके बाद कोचर शाह कोरटेमें जा बसे, वहां उनके कुलगुरु (पूर्वके गुरु, अन्य गच्छीय) के पुनः अपने गच्छमें आनेके लिये बहुत अनुरोध करनेपर भी आप विचलित न हुए।

वहां सत्तूकार-दानादि शुभ कृत्य करते हुए आनन्दपूर्वक रहने लगे। रोलूके आपमल्ल और देपमल्ल नामक दो पुत्र हुए। इनमें देप-मल्लकी भार्या देवलदेकी कुक्षिसे १ लक्खा, २ भादा, ३ केल्हो, ४ देल्हा ये ४ पुत्र उत्पन्न हुए। इनमें लक्खोको लक्ष्मीने प्रसन्न हो ७ पीढ़ियोंतक रहनेका वरदान दिया और वे वीसलपुरमें रहने लगे भादा जैसलमेर, केल्हा महेवा रहने लगा और चौथे लघु पुत्र देल्हेका वृतांत यह है:— सं० १४४६ में आपका जन्म हुआ, १३ वर्षकी अवस्थामें विवाह करनेके लिये आप बरात लेकर राड़द्रह जाने लगे। मार्गमें खीमजथलके समीप जान (बरात) ठहरी वहां एक खेजड़ीका वृक्ष था उसे देखकर एक राजपूतने कहा कि इस वृक्षके ऊपरसे जो बरछी निकाल देगा मैं उससे अपनी पुत्रीका पाणिग्रहण कर दूंगा। देल्हे कुमारके इशारेसे उनके सेवक (नाई) ने राजपूतके कथनानुसार कर दिखाया पर इस कार्यको करनेमें अधिक परिश्रम लगनेसे उसका प्राणान्त हो गया, इस घटनासे

---

*अन्य प्रमाणोंमें इसका कारण और ही पाया जाता है पर उन सबका विचार स्वतंत्र निबंधमें करेंगे।

देल्ह-कुमारको वैराग्य उत्पन्न हो गया और (खरतर) श्री क्षेम-कीर्तिजीको वंदनाकर (अपने) दीक्षा ग्रहण करनेके भाव प्रकट किये। एवं उनके कथनानुसार जिनवर्द्धन सूरिजीके पास सं० १४६३ में दीक्षा ग्रहण की, दीक्षा ग्रहण करनेके अनन्तर आपने शास्त्रोंका अध्ययन कर गीतार्थता प्राप्त की। सं० १४७० में आपकी योग्यता देखकर जिनवर्द्धनसूरिजीने आपको वाचक पद प्रदान किया।

इधर जैसलमेरके जिनालयसे क्षेत्रपालके स्थानान्तर करनेके कारण जिनवर्द्धनसूरिजीसे गच्छभेद हुआ और उनकी शाखा पींपलिया नामसे प्रसिद्ध हुई, नाल्हेने जिनभद्र सूरिजीको स्थापित किया जिनवर्द्धन सूरिजीने कीर्तिराजजी (देल्हकुमार) को अपने पास बुलाया, पर आपको अर्द्धरात्रिके समय वीर (देवता) ने कहा कि उनका आयुष्य तो मात्र ६ महीनेका ही है और जिनभद्र सूरिजीकी भावी उन्नति होने वाली है। इससे आपने जिनवर्द्धन सूरिजीके पास न जाकर चार चतुर्मास महेवेमें ही किये। इसके पश्चात् जिनभद्र सूरिजीके बुलानेपर आप उनके पास पधारे। उन्होंने सं० १४८० में आपको पाठक पद प्रदान किया। शाह लक्खा और केल्हा महेवेसे जैसल-मेर आये और गच्छनायकको आमंत्रित कर उन्होंने सं० १४९७ में कीर्तिराजजीको सूरि पद दिलवाया। लक्खा और केल्हाने प्रचुर द्रव्य व्यय कर, महोत्सव किया। लक्खे केल्हेने शंखेश्वर, गिरनार, गौडी-पार्श्वनाथ और सोरठ (शत्रुंजय आदि) के चैत्यालयोंकी यात्रा की, सर्वत्र लाहिण की एवं आचार्य श्रीको चातुर्मास कराया। कीर्ति-

रत्न सूरिजीके ५१ शिष्य थे, सं० १५२५ बै० शु० ५ को आपका स्वर्गवास हुआ। आपने अपने कुटम्बियोंको ७ शिक्षायें दी जो इस प्रकार हैं:—१ मालवा, थट्टा, सिंध और संखवाली नगरी न जाना, २ गच्छभेदमें शामिल न होना, ३ पाटभक्त होना, ४ दीक्षा न लेना, ५ कोरटे और जैसलमेरमें देहरे बनवाना, ६ जहां बसो, नगरके चौराहेसे दाहिनी ओर बसना ७.............................. । आपके रचित 'नेमिनाथ काव्य' प्रकाशित है एवं और भी कई स्तवनादि उपलब्ध हैं। आपकी शाखामें अभी जिनकृपाचन्द्र सूरिजी एवं कई यतिगण विद्यमान हैं।

उ० जयसागर

(पृ० ४००)

उज्जयंत शिखर पर नरपाल संघपतिने 'लक्ष्मी तिलक' नामक विहार बनाना प्रारम्भ किया, तब अम्बा देवी, श्री देवी आपके प्रत्यक्ष हुई और सरसा पार्श्व जिनालयमें श्रीशेष, पद्मावती सह प्रत्यक्ष हुआ था। मेदपाट-देशवर्ती नागद्रहके नवखण्डा-पार्श्वचैत्यालय में श्री सरस्वती देवी आप पर प्रसन्न हुई थी। श्री जिनकुशल सूरि जी आदि देवता भी आप पर प्रसन्न थे, आपने पूर्वमें राजगृह नगर (उद्दंड) विहारादि, उत्तरमें नगरकोट्टादि, पश्चिममें नागद्रह आदि की राज सभाओंमें वादिवृन्दोंको परास्त कर विजय प्राप्त की थी आपने संदेहदोलावली वृत्ति, पृथ्वीचन्द्र चरित्र, पर्वरत्नावली, ऋषभ स्तव, भावारिवारण वृत्ति एवं संस्कृत प्राकृतके हजारों

स्तवनादि बनाये। अनेकों श्रावकोंको संघपति बनाये और अनेक शिष्योंको पढ़ाकर विद्वान बनाये।

वि० आपके शिक्षागुरु श्री जिनराज सूरिजी और विद्यागुरु जिनवर्द्धन सूरिजी थे। सं० १४७५ के लगभग जिनभद्र सूरजीने आपको उपाध्याय पद दिया था। आपने अनेकों देशोंमें विहार किया और अनेकों कृतियां रची थीं, जिनमें मुख्य ये हैं :—

(१) पर्वरत्नावली कथा (१४७८ पाटण, गा० ३२१) (२) विज्ञप्ति त्रिवेणी (सं० १४८४ सिन्धु देश मल्लिकवाहणपुरसे पाटण सूरिजीको प्रेषित), (३) पृथ्वीचन्द्र चरित्र (सं० १५०३ प्रल्हादनपुर शि० सत्यरुचिकी प्रार्थनासे रचित), (४) संदेहदोलावली लघुवृति सं० १४९५, (५-६-७) गुरुपारतन्त्र् वृत्ति, उपसर्गहर, भावारिवारणवृत्ति (८) भाषामें—वयरस्वामी रास (गा० ३६ सं० १४९०) (९), कुशल सूरि चौ० (१४८१ मल्लिकवाहणपुर) और संस्कृत भाषाके स्तवनादि (सं० १५०३ लि० पत्र १२ जय० भं०) भी अनेकों उपलब्ध हैं। आपके शिष्य परम्परादिके लिये देखें :—विज्ञप्ति त्रिवेणी, जैनसाहित्यनोसंक्षिप्तइतिहास और युगप्रधान—जिनचन्द्र सूरि (पृ० २०३), जैनस्त्रोत्रसन्दोह भा० २। प्रस्तुत ग्रन्थके पृ० २३ में मुद्रित खरतर पट्टावली भी आपके आदेशसे रचित है।

क्षेमराजोपाध्याय

(पृ० १३४)

छाजहड़ गोत्रीय शाह लीलाकी पत्नी लीलादेवीके आप पुत्र थे।

सं० १५१६ में गच्छ नायक जिनचन्द्र सूरिजीने आपको दिक्षा दी थी। वा० सोमध्वजके आप सुशिष्य थे और उन्होंने ही आपको विद्याध्ययन कराया था। आपके रचित साहित्यकी संक्षिप्त सूची इस प्रकार है :—

(१) उपदेश सप्ततिका (सं० १५४७ हिसारकोट वास्तव्य श्रीमाली पटु पर्पट दोदाके आग्रहसे रचित, जैनधर्म प्रसारक सभासे प्रकाशित)।

(२) इक्षुकार चौ० गा० ५० (६५) हमारे संग्रहमें नं० २५०

(३) श्रावक विधि चौ० गा० ७० (सं० १५४६) हमारे संग्रेहमें नं० ७६४।

(४) पार्श्वनाथ रास (गा० २५) ५ श्रीमंधरस्तवन, जीरावलास्त०, पार्श्व १०८ नाम स्तोत्र, वरकाणास्त०, ज्ञानपंचमीस्त०, वीरस्त०, समवसरण स्तवन, उत्तराध्यनन सझायादि उपलब्ध हैं।

सं० १५६६ आश्विन सु० २ को इनके पास कोटड़ा वास्तव्य मं० लोला श्रावकने व्रत ग्रहण किये थे, जिसकी नोंध १ गुटकेमें है। अन्य साधनोंसे आपकी परम्परा इस प्रकार ज्ञात होती है :—

(१) जिनकुशल सूरि, (२) विनयप्रभ (३) विजय तिलक (४) क्षेमकीर्ति (इन्होंने जीरावला पार्श्वनाथके प्रसाद ११० शिष्य किये) इनके नामसे क्षेम शाखा प्रसिद्ध हुई, (५) क्षेमहंस, (६) सोमध्वजजीके (७) आप शिष्य थे। आपके मुख्य ३ शिष्य थे, जिनमेंसे प्रमोदमाणिक्य शि० जयसोम और उनके शि० गुणविनयके लिये देखें युगप्रधान जिनचन्द्र सूरि (पृ० १९७)

देवतिलकोपाध्याय

[पृ० ५५]

भरतक्षेत्रके अयोध्या-वाहड़ गिरि नामक प्रसिद्ध स्थानमें ओशवाल वंशीय भणशाली गोत्रके शाह करमचन्द निवास करते थे और उनकी सुहाणादे नामक पत्नीसे आपका जन्म हुआ था। ज्योतिपीने आपका जन्म नाम 'देदो' रखा। देदा कुमर अनुक्रमसे वड़े होने लगे और ८ वर्षकी वयमें सं० १५४१ में दीक्षा ग्रहण की एवं सिद्धान्तोंका अध्ययन कर सं० १५६२ में उपाध्याय पदसे विभूपित हुए।

सं० १६०३ मार्गशीर्ष शुक्ला ५ को जैसलमेरमें अनशन आराधनापूर्वक आपकी सद्गति हुई। अग्नि-संस्कारके स्थलपर आपका स्तूप बनाया गया, जो कि बड़ा प्रभावशाली और रोगादि दुःखोंको विनाश करनेवाला है।

सं० १५८३-८५ में आपने दो शिलालेख-प्रशस्तियें रची थी, देखें जै० ले० सं० नं० २१५४।५५

आपके लिखित एवं संशोधित अनेकों प्रतियां बीकानेरके कई भण्डारोंमें विद्यमान हैं। आपके हस्ताक्षर वड़े सुन्दर और सुवाच्य थे।

आपके सुशिष्य हर्पप्रभ शि० हीरकलशकृत कृतियोंके लिये देखें यु० जिनचन्द्र सूरि चरित्र पृ० २०६ एवं आपके शि० विजयराज शि० पद्ममन्दिरकृत प्रवचनसारोद्धार वालाववोध (सं० १६५१) श्री पूज्यजीके संग्रहमें उपलब्ध है।

श्री देवतिलकोपाध्यायजीकी गुरुपरम्परा इस प्रकार थी। सागर चन्द्र सूरि (१५ वीं) शि० महिमराज शि० दयासागरजी केशि० ज्ञान-मन्दिरजीके आप सुशिष्य थे। महिमराजके शि० सोमसुन्दरकी परम्परामें सुखनिधान हुए, जिनका परिचय आगे लिखा जायगा।

दयातिलकजी

[पृ० ४१६]

आप उपरोक्त क्षेमराजोपाध्यायजीके शिष्य थे। आपके पिताका नाम वच्छाशाह और माताका वाल्हादेवी था। आप नव-विध परि-ग्रहके त्यागी और निर्मल पंचमहाव्रतोंके पालनेमें शूरवीर थे।

महोपाध्याय पुण्यसागर

[पृ० ५७]

उदयसिंहजीकी भार्या उत्तम दे ने आपको जन्म दिया था। श्रीजिनहंस सूरिजीने स्वहस्तकमलसे आपको दीक्षा दी थी।

आप समर्थ विद्वान और गीतार्थ थे। आपके एवं आपके शिष्य पद्मराज कृत कृतियों आदि का परिचय युगप्रधान जिनचंद्र सूरि ग्रन्थके पृष्ट १८९ में दिया गया है।

उपाध्याय साधुकीर्त्तिजी

[पृ० १३७]

ओशवाल वंशीय सचिंती गोत्रके शाह वस्तिगकी पत्नी खेमलदेके आप पुत्र थे। दयाकलशजीके शिष्य अमरमाणिक्यजीके आप

सुशिष्य थे। आप बड़े विद्वान थे। सं० १६२५ मि० व० १२ आगरेमें अकबर सभामें तपागच्छवालोंको पोपहकी चर्चामें निरुत्तर किया था और विद्वानोंने आपकी बड़ी प्रशंसाकी थी, संस्कृतमें आपका भाषण बड़ा मनोहर होता था।

सं० १६३२ माधव (वैशाख) शुक्ला १५ को जिनचन्द्र सूरिजीने आपको उपाध्याय पद प्रदान किया था और अनेक स्थानोंमें विहार कर अनेक भव्यात्माओंको आपने सन्मार्गगामी बनाया था।

सं० १६४६ में आपका शुभागमन जालोर हुआ, वहां माह कृष्ण पक्षमें आयुष्यकी अल्पताको ज्ञातकर अनशन उच्चारण पूर्वक आराधना की और चतुर्दशीको स्वर्ग सिधारे। आपके पुनीत गुणों-की स्मृतिमें वहां स्तूप निर्माण कराया गया उसे अनेकानेक जन समुदाय वन्दन करता है।

सं० १६२५ के शास्त्रार्थ विजयका विशेष वृतांत आपके सतीर्थ कनक सोम कृत जयतपदवेलिमें विस्तारसे है। सरल और विरोधी होनेसे इसका सार यहां नहीं दिया गया, जिज्ञासुओंको मूल वेलि पढ़ लेनी चाहिये।

आपके एवं आपके शिष्य प्रशिष्योंके कृतियोंकी सूची यु० जिनचन्द्र सूरि ग्रन्थके पृ० १६२ में दी गयी है। आपकी परम्परामे कविवर धर्मवर्धन अच्छे कवि हो गये हैं, जिनका परिचय "राज-स्थान" पत्र (वर्ष २ अंक २) में विस्तारसे दिया गया है।

महोपाध्याय समयसुन्दर

(पृ० १४६ से १४८)

पोरवाड़ ज्ञातीय रूपशी शाहकी भार्या लीलादेकी कुक्षिसे

साचौरमें आपका जन्म हुआ था। नवयौवनावस्थामें यु० जिन-चन्द सूरिजीके हस्तकमलसे आप दीक्षित हुए थे। श्री सकलचन्द्र-जीके आप शिष्य थे और तर्क व्याकरण एवं जैनागमोंका उच्चतम अभ्यास कर (गीतार्थता-)पांडित्य प्राप्त किया था। सम्राट अकबरको एक पद (राजा नो ददते सौख्यम्) चमत्कृत ८ लाख अर्थ बतलाकर के (रञ्जित) किया था। विद्वद् समाज और श्री संघमें आपकी असाधारण ख्याति थी। लाहौरमें जिनचन्द्र सूरिजीने आपको वाचक पद प्रदान किया था। आपके महत्वपूर्ण कार्यकलाप ये हैं:—

(१) जैसलमेरके रावल भीमको प्रसन्न कर मयणों द्वारा मारे जानेवाले सांडा-जीवोंको छुड़ाया था।

(२) शीतपुर (सिद्धपुर) में मखनूम महमद शेखको प्रतिबोध देकर पांच नदीके (जलचर) जीवों—विशेषतया गायोंकी रक्षाका पटह बजवानेका प्रशंसनीय कार्य किया था।

(३) मंडोवराधिपतिको रञ्जित कर मेडतेमें बाजे बजवाने द्वारा शासन प्रभावना की थी।

(४) परोपकारार्थ अनेकों ग्रन्थों—भाषा काव्योंकी (वृत्तियें, गीत, छन्द) प्रचुर प्रमाणमें रचना की थी।

(५) गच्छके सभी मुनियोंको (गच्छ) पहिरामणी की थी।

(६) सं० १६६१ में क्रिया-उद्धारकर कठिन साध्वाचार पालनका आदर्श उपस्थित किया था।

(७) आपका शिष्य-परिवार बड़ा विशाल और विद्वान् था। वादी हर्षनन्दन जसे आपके उद्भट विद्वान् शिष्य थे। श्री जिनसिंह

सूरिजीने लवेरेमें आपको उपाध्याय पद प्रदान किया था। सं० १७०२ के चैत्र शुक्ला त्रयोदशीको अहमदावादमें अनशन आराधनापूर्वक आप स्वर्ग सिधारे। आपके विस्तृत कृति-कलापकी संक्षिप्त सूची यु० जिनचन्द्र सूरि ग्रन्थके पृ० १६८ में दी गयी है।

यश कुशल

(पृ० १४६)

श्री कनकसोमजीके आप शिष्य थे। हमारे संग्रहके (अन्य) गीत द्वयसे ज्ञात होता है कि हाजीखानडेरे (सिंध) में आपका स्वर्गवास हुआ था। वहां आपका स्मृति मंदिर है आपके शिष्य भुवनसोम शि० राजसागरके गीतानुसार आप बड़े चमत्कारी थे और आपके परचे (चमत्कार) प्रत्यक्ष और प्रसिद्ध हैं। राजसागरने सं० १७५६ फाल्गुन शुक्ला ११ को वहांकी यात्रा की। आपके गुरू कनकसोमजीका परिचय देखें:—युग० जिनचन्द सूरि पृ० १६४।

करमसी

(पृ० २०४)

आपकी जन्मभूमि जेसलमेर है। आपके पिताका नाम चांपा शाह, माताका चांपल दे और गोत्र चोपड़ा था। आप बड़े तपस्वी थे। २५० बेले (छट्ठ भक्त याने २ उपवास) और निवी आम्बिलादि तो अनेकों किये थे। वैशाख शुक्ला ७ को आपने संथारा किया था और आपका गच्छ खरतर था।

सुखनिधान

(पृ० २३६)

आप हुंबड गोत्रीय और श्री समयकलशजीके सुशिष्य थे। आपके लिखित अनेकों प्रतियां हमारे संग्रहमें हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि आप सागरचन्द्रसूरि-सन्तानीय थे। आपकी परम्पराके नाम ये हैं:—(१) सागरचन्द्रसूरि, (२) वा० महिमराज, (३) वा० सोम-सुन्दर, (४) वा० साधुलाभ, (५) वा० चारुधर्म, (६) वा० समय-कलशजीके आप शिष्य थे। आपके शिष्य गुणसेनजीके रचित भी कई स्तवनादि उपलब्ध हैं और उनके शिष्य यशोलाभजी तो अच्छे कवि हो गये हैं। उनके लिखित और रचित अनेकों कृतियां हमारे संग्रहमें हैं। विशेष परिचय यथावकाश स्वतन्त्र लेखमें दिया जायगा।

वाचनाचार्य पद्महेम

(पृ० ४२०)

आप गोलछा गोत्रीय चोलगशाहकी पत्नी चांगादेकी कुक्षिसे अव-तरित हुए थे। आपको लघुवयमें युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरिजीने अपने कर-कमलोंसे दीक्षित कर श्री० तिलककमलजीके शिष्य बनाए। ३७ वर्ष पर्य्यन्त निर्मल चारित्र-रत्नका पालन करते हुए सं० १६६१ में वालसीसर पधारे, चातुर्मास वहींपर किया। ज्ञानबलसे अपना अन्त समय निकट जानकर विशेष रूपसे आराधना और पञ्च-परमेष्टिका ध्यान करते हुए छः प्रहरका अनशन व्रत पालनकर मिती भाद्रव कृष्णा १५ को मध्याह्नके समय स्वर्गलोकको प्रयाण कर गए।

लब्धिकल्लोल

(पृ० २०६)

श्रीकीर्तिरत्नसूरि शाखाके विमलरंगजीके आप शिष्य थे। आप श्रीमाली लाड़णशाहकी पत्नी लाडिमदेके पुत्र थे। सं० १६८१ में गच्छपतिके आदेशसे आप भुज पधारे। वहां कार्तिक कृष्णा षष्ठीको अनशन आराधनापूर्वक आपका स्वर्गवास हुआ। शाह पीथा-हाथी-रामसिंह मांडण आदि भुज नगरके भक्तिवान श्रावकोंके उद्यमसे पूर्व दिशाकी ओर आपकी चरणपादुकाएं मार्गशीर्ष कृष्णा ७ को स्थापित की गयी।

आपका विशेष परिचय यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० २०९में दिया गया है।

विमलकीर्ति

(पृ० २०८)

हुवड़ गोत्रीय श्रीचन्दशाहकी पत्नी गवरादेवी आपकी जन्म-दातृ थी। आपने सं० १६५४ माह शुक्ला ७ को साधुसुन्दरो-पाध्यायके पास दीक्षा ग्रहण की। श्रीजिनराजसूरिजीने आपको वाचक पदसे अलंकृत किया था।

सं० १६९२ में (मुलताण चतुर्मास आये) किरहोर-सिन्धमें आप स्वर्ग सिधारे।

आपकी कृतियोंकी सूची युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि पृ० १९३ में दी गई है। सं० १६७९ मि० सु० ६ जिनराजसूरिजीके उपदेशसे वा० विमलकीर्तिजीके पास श्राविका पेमाने १२ व्रत ग्रहण किये।

वाचनाचार्यसुखसागर

(पृ० २५३)

वाचनाचार्यजी साध्वाचारकी कठिन क्रियाओंको पालन करनेमें बड़ा यत्न करते थे। सं० १७२५ में गच्छनायकके आदेशसे और स्तम्भ तीर्थकी यात्राके लिये खम्भातमें चतुर्मास किया। चतुर्मास सानन्द पूर्ण हुआ। सर्व नर-नारी आपके वचनकलासे प्रसन्न थे। चतुर्मासके अनन्तर ज्ञानबलसे अपना आयुष्य अल्प ज्ञातकर अनशन आराधना पूर्वक मार्गशीर्ष कृष्णा १४ सोमवारको स्वर्ग सिधारे। उस समय आप सावचेतीके साथ उतराध्ययन सूत्रका श्रवण कर रहे थे, श्रावक समुदाय आपके सन्मुख बैठा था। स्वर्गप्राप्तिके पश्चात् वहां आपकी पादुकाऐं स्थापित की गई।

वा० हीरकीर्ति

(पृ० २५६)

युग० श्रीजिनचन्द्रसूरिके शिष्य वा० तिलककमल शि०पद्महेमके शिष्य दानराज, निलयसुन्दर, हर्षराजादि थे। इनमें दानराजजीके शिष्य हीरकीर्ति गोलछा गोत्रीय थे। सं० १७२९में जोधपुरमें आपका चतुर्मास था। वहीं श्रावण शुक्ला १४ को ८४ लाख जीवायोनियोंसे क्षमतक्षामणाकी, दो प्रहरके अणशण आराधनापूर्वक आपका स्वर्गवास हुआ।

आपकी स्मृतिमें इसी संवतमें माघ कृष्णा १३ सोमवारको (१) पद्महेम, (२) दानराज, (३) निलयसुन्दर, (४) हर्षराजकी पादुकाओंके साथ आपकी पादुकाएं भी स्थापित की गई।

आपकी परम्परादिके विषयमें युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि ग्रन्थ (पृ० १७३) देखना चाहिये।

उ० भावप्रमोद

(पृ० २५८)

श्रीजिनराजसूरि (द्वितीय) के शि० भावविजयके शिष्य भावविनयजीके आप सुशिष्य थे। बाल्यावस्थामें ही आपने चारित्रका ग्रहण किया था। श्रीजिनरत्नसूरिजीने आपके विमलमतिकी प्रशंसा की थी और उनके पट्टधर श्रीजिनचन्द्रसूरिजी तो आपको (विद्वतादि गुणोंके कारण) अपने साथ ही रखते थे। आप बड़े प्रभावशाली और उपाध्याय पदसे अलंकृत थे। सं० १७४४ माघ कृष्णा ५ गुरुवारके पिछले प्रहर, अनशन (भवचरिम-पचक्खाण) द्वारा समाधिपूर्वक आप स्वर्ग सिधारे।

आपके शि० भावसागर रचित सप्तपदार्थी वृति (१७३० भा० सु० वेनातट, पत्र ३७) कृपाचन्द्र सूरि भं० (वं० नं० ४६ नं० ६११) में उपलब्ध है।

चंद्रकीर्ति

(पृ० ४२१)

सं० १७०७ पोष कृष्ण १ को बिलाड़ेमें आपका अनशन आराधन सह स्वर्गवास हुआ। यह कवित्त आपके शि० सुमतिरंगने रचा है, जो कि अच्छे कवि थे। देखें यु० जिनचंद्रसूरि पृ० २०६, ३१५

कविवर जिनहर्ष

(पृ० २६१)

खरतर गच्छीय शान्तिहर्षजीके शिष्य कविवर जिनहर्ष अट्ठा-

रहवीं शताब्दीके सुप्रसिद्ध कवि थे। आपने मंद-बुद्धियोंके लाभार्थ शत्रुंजय-महात्म्य जैसे अनेकों विशाल ग्रंथोंकी भाषा चौपाइ रचकर बहुत उपगार किया। आप साध्वाचार पालनेमें सदा उद्यम करते रहते थे, और आपके व्रत नियम अन्तिम अवस्था तक अखड़ित थे। आपके अनेकानेक सद्गुणोंमें १ गच्छममत्वका त्याग (जिसके उदाहरण स्वरूप सत्यविजय पन्यास रास प्रकाशित ही है) २ जन समुदाय अनुवृत्तिका त्याग ३ ऋजुता ४ राग द्वेषका उपशम आदि मुख्य है। आप रास चौपाई आदि भाषा काव्योंके निर्माण करनेमें अप्रमत्त रह, ज्ञानका बड़ा विस्तार करते रहते थे।

आपके गच्छममत्व परित्यागके सद्गुणसे तपागच्छीय वृद्धि-विजयजीने आपके व्याधि उत्पन्न होनेके समयसे बड़ी सेवा-भक्ति और वैयावच्चकी थी और अन्तिम आराधना भी उन्होंने ही कराइ थी। पाटणमें आप बहुत वर्षों तक रहे थे, आपका स्वर्गवास भी वहीं हुआ, श्रावकोंने अंत-क्रिया (मांडवी रचनादि) बड़ी भक्तिसे की। आपके विशाल कृतियों नोंध जै० गु० क० भा० २ में देखनी चाहिये। उसके अतिरिक्त और भी कइ रास आदि हमें उपलब्ध हैं, उनमें मुख्य ये हैं:—१ मृगापुत्रचौ०(१७१५ मा० व० १० सत्यपुर) (२) कुसम श्री रास (१७१७ मि० १३) (३) यशोधर रास (१७४७ वै० सु० ८ पाटण) (४) कनकावती रास (अपूर्ण) ५ श्रीमतीरास (१७६१ मा० सु० १० पाटण, ढाल १४, रामलालजी यतिका संग्रह) और स्तवन सज्झायादि अनेक उपलब्ध है।

कवि अमरविजय

(पृ० २४८)

आप वाचक उदय तिलक (जिनचंद्रसूरिशि०) के शिष्य थे। आप अच्छे विद्वान और सुकवि थे, आपके रचित कृतियोंकी संक्षिप्त नोंध इस प्रकार है :

१ रात्रि भोजन चौ० (सं० १७८७ द्वि० भा० सु० १ बु० नापासर, शांतिविजय आग्रह)

२ सुमंगलारास (प्रमाद विषये) सं० १७७१ ऋतुराय पूर्णतिथि।

३ कालाशवेली चौ० (१७६७ आखातीज, राजपुर

४ धर्मदत्त चौ० (१८०३ धनतेरस राहसर, पत्र ६६)

५ सुदर्शनसेठ चौ० (१७६८ भा० सु० ५ नापासर)

६ मेताराज चौ० (१७८६ श्रा० सु० १३ सरसा) जय० भं०

७ सुकमाल चौ० (बृहत् ज्ञानभंडार-बीकानेर)

८ सम्यक्ख ६७ बोलसज्झाय (सं० १८००) जय० भं०

९ अरिहंत १२ गुणस्तवन (१७९५) गा० १३ जय० भं०

१० सिद्धाचल स्तवन (१७६९) गा० १५ जय० भं०

११ सुप्रतिष्ठ चौ० (१७९४ मि० मरोट) जै० गु० कविओ भा० २ पृ० ५८२

१२ केशी चौ० (१८०६ विजयदशमी गारबदेसर) रामलालजी संग्रह।

१३ मुंच्छ माखड कथा पत्र ६ (सं० १७७५ विजयदशमी) हमारे संग्रहमें नं० २२८।

श्री अमर विजयजीके शि० लक्ष्मीचन्द कृत सुबोधिनीवैद्यकादि ग्रन्थ उपलब्ध है और द्वि० शि० उ० ज्ञानबर्द्धन शि० कुशलकल्याण शि० दयामेरुकृत ब्रह्मसेन चौ० (सं० १८८० जेठ सु० १ बु, भावनगर) उपलब्ध है। आपकी परम्परामें यतिवर्य जयचंदजी अभी विद्यमान है।

सुगुरुवंशावली

(पृ० २०७)

जिनभद्र-जिनचन्द्र, जिनसमुद्र-जिनहंससूरिजीके पट्टधर जिन-माणिक्यसूरिजी थे। उनके पारखवंशीय वा० कल्याणधीर नामक शिष्य थे। उनके भणशाली गोत्रीय वा० कल्याण लाभ और कल्याणलाभके उ० कुशललाभ नामक विद्वान शिष्य थे। इनका विशेष परिचय यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० १६४ में देखना चाहिये।

श्रीमद् देवचन्द्रजी

(पृ० २६४)

वीकानेर नगरके समीपवर्ती एक रमणीय ग्राम था, वहां लुणिया शाह तुलसीदासजी निवास करते थे, उनके धनवाइ नामक शीलवती पत्नी थी। एक समय खरतर वा० राजसागरजी वहां पधारे। दम्पतिने भावसे उन्हें वंदना की और धनबाइने जो कि उस समय गर्भवती थी, कहा कि यदि मेरे पुत्र होगा तो आपको वहरा दूंगी। गर्भ दिनों-दिन बढ़ने लगा, उत्तम गर्भके प्रभावसे असाधारण स्वप्न और उत्तम दौहद उत्पन्न होने लगे। इसी समय वहां जिनचन्द्र सूरिजी का शुभागमन हुआ इस समय धन बाइके एक पुत्र तो विद्यमान

था और गर्भवती थी। लक्षणोंसे गुरुश्रीने उनके फिर भी पुत्र होने का निश्चय किया और "इस द्वितीय पुत्रको हमें देना" कहा, पर धनबाई वाचकश्रीको इससे पूर्व ही वचन दे चुकी थी।

सं० १७४६ में पुत्र उत्पन्न हुआ, गर्भके समय स्वप्नमें इन्द्र आदि देवों द्वारा मेरु पर्वतपर प्रभुका स्नात्र महोत्सव किये जानेका दृश्य देखा था। उसीके स्मृति सूचक नवजात बालकका शुभ नाम 'देवचन्द्र' रखा। अनुक्रमसे वृद्धि पाते हुए जब वह बालक ८ वर्षका हुआ, उस समय वा० राजसागरजीका फिर वहीं शुभागमन हुआ दम्पत्ति (धनबाइ) ने अपने वचनानुसार अपने होनहार बालकको गुरु श्रीके समर्पण कर दिया। गुरु श्रीने शुभ मुहूर्त देख सं० १७५६ में लघु दीक्षा दी। यथासमय जिनचन्द्र सूरिजीके पास वड़ी दीक्षा दिलाई गई, सूरिजीने नव दीक्षित मुनिका नाम 'राजविमल' रखा। राजसागरजीने प्रसन्न होकर आपको सरस्वती मन्त्र प्रदान किया, श्रीदेवचन्द्रजीने बेनातट (बिलाड़ा) ग्रामके भूमिग्रहमें रहकर उस का साधन किया, देवी सरस्वती आपपर प्रसन्न हुई जिसके फल स्वरूप थोड़े ही समयमें आप गीतार्थ हो गये।

गुरुश्रीने स्वपरमतके सभी आवश्यक और उपयोगी शास्त्र पढ़ाकर आपके प्रतिभामें अभिवृद्धि की। उन शास्त्रोंमें उल्लेखनीय ये हैं—षडावश्यकादि जैन आगम, व्याकरण, पञ्चकल्प, नैषध, नाटक, ज्योतिष, १८ कोष, कौमुदीमंहाभाष्य, मनोरमा, पिङ्गल, स्वरोदय, तत्वार्थ, आवश्यक बृहद्वृत्ति, हेमचन्द्रसूरि, हरिभद्रसूरि और यशोविजयजी कृत ग्रन्थ समूह, ६ कर्म ग्रन्थ, कर्म प्रकृति इत्यादि।

सं० १७७४ में वाचक राजसागर और १७७५ में उपाध्याय ज्ञानधर्मजी स्वर्ग सिधारे। मरोटमें देवचन्दजीने विमलदासजी की पुत्री माइजी, अमाइजीके लिये 'आगमसार' ग्रन्थ बनाया।

सं० १७७७ में आप गुजरात-पाटण पधारे, वहां तत्वज्ञानमय स्यादवाद् युक्त आपके व्याख्यान श्रवणार्थ अनेकों लोग आने लगे। इसी समय श्रीमाली ज्ञातीय नगरसेठ तेजसी दोसीने जो कि पूर्णिमा गच्छीय श्रावक थे, अपने गुरु श्रीभावप्रभसूरि (जिनके पास विशाल ग्रन्थ भण्डार था, और अनेकों शिष्य पढ़ते थे) के उपदेशसे सहस्त्रकूट जिनालय निर्माण कराया था। एक बार देवचन्द्र जी उक्त नगरसेठ जीके घर पधारे और उनसे सहस्त्रकूटके १०००— जिनोंके नाम आपने अपने गुरुश्रीसे श्रवण किये होंगे? पूछा। श्रेष्ठिने चमत्कृत होकर प्रत्युत्तर दिया कि भगवन्! नहीं सुने। इसी अवसरपर ज्ञानविमल सूरिजी पधारे। श्रेष्ठिने उन्हें वन्दन कर सहस्त्रकूटके १००० नाम पूछे। उन्होंने नाम व उल्लेख-स्थान फिर कभी वतलानेका कहकर श्रेष्ठिकी जिज्ञासा शान्ति की। अन्यदा पाटण-साहीपोलके चौमुख वाड़ी पार्श्वनाथजीके मन्दिरमें सतरह भेदी पूजा पढ़ाई गई उसमें श्रीदेवचन्द्रजी और ज्ञानविमल सूरिजी भी सम्मिलित हुए। इसी समय सेठ भी दर्शनार्थ वहां पधारे और सूरिजीको देख फिर पूर्व जिज्ञासा जागृत हुई, अतः सूरिजीको सहस्त्र-कूट जिन के नामोंकी पृच्छा की, उन्होंने उत्तरमें 'प्रायः सहस्त्रकूट जिन नामोंकी नास्ति (विच्छेद) ज्ञात होती है, सम्भव है कोई शास्त्रमें हो, कहा'। इन वचनोंको श्रवण कर देवचन्द्रजीने उनसे कहा

कि आप तो श्रेष्ठ विद्वान कहलाते हैं फिर ऐसे अयथार्थ कैसे कहते हैं, और ऐसे वचनोंसे श्रावकोको प्रतीति भी कैसे हो सकती है।

यह सुनकर ज्ञानविमलसूरिजी कुछ तड़ककर बोलेः—तुम मरुस्थलके वासी हो, शास्त्रके रहस्यको क्या जानो! जिसने शास्त्रोंका अभ्यास किया है, वही जान सकता है। इसी समय श्रेष्ठिने कहा, सूरिजी मुझे इस वातका निर्णय करना है। तव सूरिजीने देवचन्द्रजीसे कहा कि तुम्हें व्यर्थका विवाद पसन्द ज्ञात होता है। (मारवाड़ी कहावत "वेंवती लड़ाइ मोल लेवे") अन्यथा यदि तुम्हें सहस्त्रकूटके नाम ज्ञात हो तो वतलाओ। देवचन्द्रजीने शिष्यकी ओर देखा, तव विनयी शिष्य मनरुपजीने रजोहरणसे सहस्त्रकूटके नामोंका पत्र निकालकर गुरुश्रीके हाथमें दिया। ज्ञान-विमलसूरिजीने उसे पढ़कर आश्चर्यान्वित हो देवचन्द्रजीसे पूछा कि आपके गुरुश्रीका नाम शुभ नाम क्या है? उत्तरः—उपाध्याय—राजसागरजी। तव सूरिजीने कहा, आपकी परम्परा (घराना) तो विद्वद् परम्परा है, तव भला आप विद्वान कैसे नहीं होंगे, इत्यादि मृदुवाक्यों द्वारा वहुमान किया। श्रेष्ठि तेजसीका मनोरथ पूर्ण हुआ, सहस्त्रकूट नामोंकी देवचन्द्रजीने प्रसिद्धि की। प्रतिष्ठादि अनेक उत्सव हुए।

इसके वाद देवचन्द्रजीने परिग्रहका सर्वथा परित्याग कर क्रिया-उद्धार किया। सं० १७७७ में आप अहमदावाद पधारे, नागौरी सरायमें अवस्थिति की। आपकी अध्यात्म रसमय देशना श्रवण कर श्रोताओंको अपूर्व आल्हाद उत्पन्न हुआ। श्रीमद् देवचंद्रजी

भगवती सूत्रके गम्भीर रहस्योंको उद्घाटन करने लगे। आपके उपदेशसे माणिकलालजी ढूंढ़ियेने मूर्त्ति पूजा स्वीकार की, इतना हो नहीं उन्होंने नवीन चैत्य कराके गुरुश्रीके हाथसे प्रतिष्ठा भी करवाई। श्रीमद्ने शान्तिनाथ पोलके भूमिगृहमें सहस्त्रफणादि अनेकों बिम्बों की प्रतिष्ठा की, इन प्रतिष्ठादि कार्योंमें प्रचुर द्रव्य खर्च किया गया और जैन धर्मकी महती महिमा हुई।

सं० १७७६ में आपने खम्भातमें चौमासा कर अनेक भव्योंको प्रतिबोध दिया। व्याख्यानमें आपने शत्रुञ्जय तीर्थकी महिमा बतलाई, इससे श्रावकोंने शत्रुंजयपर कारखाना स्थापित कर नवीन चैत्य और जीर्णोद्धार करवाना आरम्भ किया। सं० १७८१-८२-८३ में कारीगरोंने वहां चित्रकारी आदिका बड़ा ही सुन्दर काम किया। (वहांसे विहार कर) राजनगर आये, चातुर्मासके लिये सूरतकी विशेष आग्रहपूर्वक विनती होनेसे आप सूरत पधारे। सं० १७८५-८६-८७ में पालीताने एवं शत्रुजंयमें वधुशाह कारित चैत्योंकी देवचन्द्रजीने प्रतिष्ठा की और पुनः राजनगर आकर सं० १७८८ का चतुर्मास वहां किया। इस समय वाचक दीपचंदजीके व्याधि उत्पन्न हुई और आषाढ़ शुक्ला २ को वे स्वर्ग सिधारे। तपागच्छीय विनयी विवेकविजयजीको आप विद्याध्ययन कराने लगे और उन्होंने भी आपकी वैयावच्च-सेवा-भक्ति कर गुरु-कृपा प्राप्त की।

अहमदाबादमें शाह आणन्दरामजी जो कि रतन भंडारीके अग्रेश्वरी थें, गुरुश्रीसे नित्य धर्म-चर्चा किया करते थे और गुरुश्रीके ज्ञानकी गरिमासे चमत्कृत हो उन्होंने रतन भंडारीके आगे आप-

की प्रशंसा की, कि मरुस्थलीके ज्ञानी साधु पधारे हैं। उनके वचनोंसे रत्नसिंह भी आपको वंदनार्थ पधारे और गुरुश्रीसे ज्ञान सुधाका सेवन कर वड़े प्रसन्न हुए। देवचन्द्रजीके उपदेशसे रतन भंडारी नित्य जिन पूजनादि करने लगे, एवं वहां बिम्ब प्रतिष्ठा, १७ भेदी पूजा आदि अनेकानेक धर्मकृत्य हुआ करते, उनमें भी भंडारीजी सम्मिलित होने लगे।

एक वार राजनगरमें मृगीका उपद्रव हुआ, तब भंडारीजीने उसे निवारणार्थ गुरुश्रीसे विनयपूर्वक विज्ञप्ति की। आपने शासन प्रभावनादि लाभ जानकर जैन मंत्राम्नायसे उसे निवारण कर मनुष्यों का कष्ट दूर किया। इससे जिन-शासन और देवचन्द्रजीकी सर्वत्र सविशेप प्रशंसा होने लगी।

इसी समय रणकुजी वहुत सेना लेकर रत्नभंडारीसे युद्ध करने आये। भंडारीजी तत्काल गुरुजीके पास आये, क्योंकि उन्हें गुरुश्रीका पूरा विश्वास था, वे अपने सहायक और सर्वस्व एकमात्र आपको ही मानते थे। अतः गुरुश्रीसे निवेदन किया कि सैन्य वहुत आया है, युद्धमें विजय अब आपके ही हाथ है। गुरुश्रीने आश्वासन देकर जैनमन्त्राम्नायका प्रयोग किया, अतः युद्धमें रणकुजी हारे और भंडारीजीकी विजय हुई।

धोलका वास्तव्य श्रेष्ठि जयचंदने पुरुषोतम योगीको गुरुश्रीके चरण कमलोंमें नमन कराया। गुरुश्रीने योगीके मिथ्यात्व शल्यको निवारणकर उसे जैनशासनानुरागी बनाया। सं० १७६५ पालीताने और १७६६-६७ में नवानगरमें चतुर्मास किया। वहां आपने ढुढकोंके

टोलोंको विजय कर नवानगरके चैत्योंकी पूजा, जिसे ढुढ़कोंने वन्ध करा दी थी पुनः सञ्चालित की। परधरी ग्रामके ठाकुरको आपने प्रतिवोध दिया और वे गुरु आज्ञामें चलने लगे। फिर पालीताना और पुनः नवानगर चतुर्मास कर १८०२-३ में राणाबावमें पधारे। वहांके अधिपतिके भंगदर रोगको नष्ट किया, अतः वह भी आपका भक्त हो गया।

सं० १८०४ में भावनगर पधारे, वहां मेहता ठाकुरसी कट्टर ढुढ़कानुयायी थे, उन्हें प्रतिवोध दिया एवं वहांके ठाकुरको भी जैन-मतानुरागी बनाया। सं० १८०४ में पालीतानेके मृगी उपद्रवको भी आपने नष्ट किया। सं० १८०५ में लीवड़ी पधारे और वहांके श्रावक डोसो बोहरा, शाह धारसी, शाह जयचन्द, जेठा, रहीकपासी आदिको विद्याध्ययन कराया। लीवड़ी, ध्रागंदा, चूड़ा इन तीन गावोंमें ३ प्रतिष्ठाऐं की। ध्रागंदामें प्रतिष्ठाके समय सुखानन्दजी आपसे मिले थे।

आपके उपदेशसे सं० १८०८ में गुजरातसे शत्रुजंय सङ्घ निकला। गिरिराजपर वड़े उत्सव हुए। वहुतसे द्रव्यका सद्व्यय हुआ। सं० १८०८-९ का चतुर्मास गुजरातमें किया।

१८१० में कचराशाहने शत्रुजंयका सङ्घ निकाला, श्रीदेवचन्द्रजी भो उसके साथ पधारे थे। शाह मोतीया और लालचन्द जैन धर्म में प्रवीण और दानेश्वरी थे। शत्रुञ्जयपर गुरुश्रीने प्रतिष्ठायें की। शाह कचरा, कीकाने ६० हजार रुपये व्यय किये।

सं० १८११ में लीवड़ीमें प्रतिष्ठा की। बढ़वाणके ढुढ़क श्रावकों

को प्रतिवोध देकर मूर्तिपूजक वनायें। उन्होंने सुन्दर चैत्य निर्माण कराये और उनमें अनेकानेक पूजायें होने लगीं।

श्री देवचन्द्रजीके पास विचक्षण शिष्य मनरूपजी, वादी-विजेता विजयचन्द्रजी (एवं अन्य गच्छीय साधु भी आपके पास विद्याध्ययन करते थे) एवं मनरुपजीके वक्तुजी और रायचंदजी नामक शिष्यद्वय रहते थे, एवं गुरु आज्ञामें रहकर गुरुश्रीकी सेवाभक्ति किया करते थे।

सं० १८१२ में श्रीमद देवचन्द्रजी राजनगर पधारे, वहां गच्छ-नायक श्रीपूज्यजीको आमन्त्रित कर उनके द्वारा श्रावक समुदायने वड़े उत्सवसे आपको वाचक पदसे अलंकृत किया।

वा० श्री देवचन्दजीकी देशना अमृतके समान थी। आप हरि-भद्रसूरि, यशोविजयजीके एवं दिगम्बर गोमट्टसारादि तत्व-ज्ञानके ग्रन्थोंका उपदेश देते थे, श्रोताओंकी उपस्थित दिनोंदिन बढ़ने लगी। श्रीमद्ने मुलताण, वीकानेर आदि स्थानोंमें चतुर्मास किये एवं अनेकों नये ग्रन्थोंकी रचना की, जिनमें देशनासार, नयचक्र, ज्ञानसार अष्टक-टीका कर्मग्रन्थ टीका, आदि मख्य हैं।

इस प्रकार शासन उद्योत करते हुए राजनगरके दोसी बाड़ेमें आप विराज रहे थे, उस समय अकस्मात् वायु कोपसे वमनादिकी व्याधि उत्पन्न हुई। श्रीमद्ने अपना आयुष्य निकट ज्ञातकर विनयी शिष्य मनरुपजी और उनके विद्यमान सुशिष्य श्री रायचन्द्रजी (रूपचन्दजी) एवं द्वितीय शिष्य वादी विजयचन्दजी उनके शिष्य द्वय सभाचंद और विवेकचंद्रको योग्य शिक्षा देके उत्तराध्ययन, दशवै-

कालिकादि सूत्र श्रवण करते हुए आत्माराधना कर सं० १८१२ भाद्र कृष्ण अमावस्याको एक प्रहर रात्रि जानेपर स्वर्गवासी हुए। सभी गच्छके श्रावकोंने मिलकर बड़े उत्सवके साथ आपके पवित्र देहका अग्नि-संस्कार किया, गुरुभक्तिमें बहुत द्रव्य व्यय किया गया। श्रीमद्‌के कार्य और आत्म-जागृतिको देखकर कवि कहता है कि आपको मोक्ष सन्निकट है। ७-८ भवोंके पश्चात् तो अवश्य ही सिद्धिगतिको प्राप्त करेंगे। आपके स्वर्गगमनके समाचारों से देश विदेशमें शोक छा गया। कविके कथनानुसार आपके मस्तक में मणि थी, वह दहन समय उछल कर पृथ्वीमें समा गई। किसी के हाथ नहीं आई। श्रावक संघने स्तूप बनाकर आपकी पादुओंकी स्थापना की।

आपके शिष्य मनरुपजी भी गुरु विरहसे आकुल हो थोड़े ही दिनोंमें आपसे स्वर्गमें जा मिले। अभी (रासरचनाके समयमें) भी रायचन्द्रजी योग्यतानुसार व्याख्यानादि देकर धर्म प्रचार करते हैं। उन्होंने अपने गुरुकी प्रशंसा स्वयं करने से अतिशयोक्ति आदिका सम्भव देख प्रस्तुत रास रचनेके लिये कविसे कहा और कविने सं० १८२५ के आश्विन शुक्ला ८ रविवारको यह 'देवविलास रास' बनाया।

आपकी कृतियों श्रीमद् देवचन्द्र भा० १-२ में प्रकाशित हैं। उनके अतिरिक्तके लिये देखें यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० १८६ और ३११।

महोपाध्याय राजसोम

(पृ० ३०५)

१६ वीं शताब्दीके सुप्रसिद्ध विद्वान क्षमाकल्याणजीके आप विद्यागुरु थे, अतः उन्होंने आपके गुण-गर्भित यह अष्टक बनाया है। प्रस्तुत अष्टकमें गुणोंकी प्रशंसाके अतिरिक्त इतिवृत्त कुछ भी नहीं है।

अन्य साधनोंके आधारसे आपका ज्ञातव्य परिचय इस प्रकार है—आपके रचित (१) ज्ञान पंचमी पूजा सं० (२) सिद्धाचलस्तवन सं० १७६७ फा० व० ७ (३) नवकरवाली १०८ गुणस्तवन आदि उपलब्ध हैं, और आपके लि० कई प्रतियें भी प्राप्त हैं।

आप क्षेमकीर्ति शाखाके विद्वान थे, परम्पराका नामानुक्रम इस प्रकार है :—

(१) जिन कुशल सूरि (२) विनय प्रभ (३) उ० विजय तिलक (४) उ० क्षेमकीर्ति (५) तपोरत्न (६) तेजराज (७) वा० भुवनकीर्ति (८) हर्ष कुंजर (९) वा० लब्धिमंडण (१०) उ० लक्ष्मीकीर्ति ११ सोमहर्ष (गुरु भ्राता, प्रसिद्ध विद्वान लक्ष्मीवल्लभ) १२ वा० लक्ष्मी समुद्र (१३) कपूर प्रियजीके १४ शि० आप थे। आपकी परम्परामें (१५) वा० तत्व वल्लभ (१६) प्रीतिविलास (१७) पं० धर्म सुन्दर (१८) वा० लाभ समुद्र (१९) मुनिसिंह (२०) अमृत रंग (अबीरचन्द) हुए, जोकि सं० १९७१ में स्वर्ग सिधारे।

वा० अमृत धर्म

(पृ० ३०७)

उपाध्याय क्षमाकल्याणजीके आप गुरुवर्य थे, अतः पाठकजीने

अपने गुरुजीकी भक्ति सूचक इस अष्टककी रचना की है। इसका ऐतिहासिक सार इस प्रकार है :—

कच्छ देशमें उपकेश वंशकी वृद्ध शाखामें आपका जन्म हुआ था, श्री जिनभक्तिसूरिजीके शिष्य प्रीतसागरजी (जिनलाभ सूरिके सतीर्थ-गुरु भ्राता) के आप शिष्य थे। आपने शत्रुंजयादितीर्थोंकी यात्रा थी एवं सिद्धांतोंका योगोद्वहन किया था। संवेगरगसे आपकी आत्मा ओतप्रोत थी (इसीसे आपने परिग्रहका त्याग कर दिया था)। पूर्व देशमें आपके उपदेशसे स्वर्णदंडध्वज कलशवाले जिनालय निर्माण हुए थे। अनेक भव्यात्माओंको प्रतिबोध देते हुए आप जैसलमेर पधारे, और वहीं सं० १८५१ माघ शुक्ला ८ को समाधिसे आपकी मृत्यु हुई। स्थानांग सूत्रके अनुसार आपकी आत्मा मुखसे निर्गत होनेके कारण, आप देवगतिको प्राप्त हुए ज्ञात होते हैं। आप आप वाचनाचार्य पदसे विभूषित थे। विशेप परिचय उ० क्षमा-कल्याणजीके स्वतंत्र चरित्रमें दिया जायगा।

उ० क्षमाकल्याण

(पृ० ३०८)

गुरुभक्त शिष्यने आपके परलोकवासी होनेपर विरहात्मक और गुणवर्णनात्मक इस अष्टक और स्तवको रचा है। स्तवका ऐति-हासिक सार यही है, कि सं० १८७३ पोष कृष्णा १४ को बीकानेरमें आप स्वर्ग सिधारे थे।

१९ वीं शताब्दीके खरतर विद्वानोंमें आप अग्रगण्य थे। आपका ऐ० चरित्र हम स्वतंत्र पुस्तकाकार प्रकाशित करनेवाले हैं, अतः यहां विशेष नहीं लिखा गया।

उ० जयमाणिक्य
(पृ० ३१०)

यति हरखचन्दजीके शिष्य जीवणदासजीके आप सुशिष्य थे। १६ वीं शताब्दीके पूर्वार्धमें आपकी अच्छी ख्याति थी। सेवक स्वरूपचन्दने छंदमें सं० १८२५ वैसाखके शुक्ला ६ को आपने (!) जिनचैत्यकी प्रतिष्ठा करवाई, उसका उल्लेख किया है। आपके सुन्दरदास, वस्तपाल, दीपचन्द अरजुनादि कई शिष्य थे, आपका वाल्यावस्थाका नाम 'घमडा' था। आप कीर्त्तिरत्न सूरि शाखाके थे।

हमारे संग्रहमें आपके (सं० १८५५ मिगसर वदी ३ बीकानेरमें) जीवराशि क्षमापनाको टीप है। अतः यथा संभव इसके कुछ दिनों बाद ही बीकानेरमें आपका स्वर्गवास हुआ होगा। आपको दिये हुए आदेशपत्र और अन्य यतियोंके दिये हुए अनेकों पत्र हमारे संग्रहमें हैं।

श्रीमद् ज्ञानसार जी
(पृ० ४३३)

जैंगलेवास वास्तव्य सांड ज्ञातीय उदैचन्दजीकी पत्नी जीवणदेने सं० १८०१ में आपको जन्म दिया था, सं० १८१२ बीकानेरमें श्री जिनलाभ सूरिजीके शिष्य रायचन्द (रत्नराज) जीके आप शिष्य हुए। बीकानेर नरेश सूरतसिंहजी आपके परम भक्त थे। राजा रत्नसिंहजी भी आपको बड़ी श्रद्धाकी दृष्टिसे देखते थे। आपके सदासुखजी नामक सुशिष्य थे।

आप मस्तयोगी, उत्तमकवि और राजमान्य महापुरुष थे। आपके रचित समस्त ग्रन्थोंकी हमने नकलें कर ली है जिसे विस्तृत ऐतिहासिक जीवन चरित्रके साथ यथावकाश प्रकाशित करेंगे।

खरतरगच्छ आर्यामण्डल

लावण्य सिद्धी

(पृ० २१०)

वीकराज शाहकी पत्नी गुजरदेकी आप पुत्री थीं। पहुतणी रत्न-सिद्धिकी आप पट्टधर थीं, साध्वाचारको सुचारुरूपसे पालन करती हुई यु० जिनचन्द्रसूरिजीके आदेशसे आप वीकानेर पधारी और वहीं अनशन आराधना कर सं० १६६२ में स्वर्ग सिधारी। वहां आपके स्मृतिमें थुंभ (स्तूप) वनाया गया। हेमसिद्धि साध्वीने यह गुणगर्भित गीत वनाया है।

सोमसिद्धि

(पृ० २१२)

नाहर गोत्रीय नरपालकी पत्नी सिंघादेकी आप पुत्री थी, आपका जन्म नाम 'संगारी' था, यौवनावस्था आनेपर पिताश्रीने बोथरा जेठाशाहके पुत्र राजसीसे आपका पाणिग्रहण कर दिया। १८ वर्षकी अवस्थामें धर्म-उपदेशके श्रवण करते हुए आपको वैराग्य उत्पन्न हुआ और श्वास-श्वसुरसे अनुमति ले दीक्षा ग्रहण की। दीक्षित होनेपर आपका नाम 'सोमसिद्धि' रखा गया, आपने आर्या लावन्यसिद्धिके समीप सूत्र-सिद्धान्तोंका अध्ययन किया था और उनने आपको अपने पदपर स्थापित की थी। शत्रुंजय आदि तीर्थोंकी आपने यात्रा की थी। श्रावण कृष्णा १४ वृहस्पतिवारको अनशनकर आप स्वर्ग

सिधारी। पहुत्तणी (संभवतः आपकी पदस्थ) हेमसिद्धिने आपकी स्मृतिमें यह गीत बनाया।

गुरुणी विमलसिद्धि

(पृ० ४२२)

आप मुलतान निवासी माल्हू गोत्रीय शाह जयतसीकी पत्नी जुगतादे की पुत्री-रत्न थीं। लघुवयमें ब्रह्मचर्य व्रतके धारक अपने पितृव्य गोपाशाहके प्रयत्नसे प्रतिबोध पाकर आपने साध्वी श्री लावण्यसिद्धिके समीप प्रव्रज्या स्वीकार की थी। निर्मल चारित्रको पालन कर अनशन करते हुए बीकानेरमें स्वर्ग सिधारी। उपाध्याय श्रीललितकीर्त्तिजीने स्तूपके अन्दर आपके सुन्दर चरणोंकी स्थापना कर प्रतिष्ठा की। साध्वी विवेकसिद्धिने यह गीत रचा।

गुरुणी गीत

(पृ० २१४)

आदिकी १॥ गाथा नहीं मिलनेसे आर्याश्रीका नाम अज्ञात है।

सावंसुखा गोत्रीय कर्मचन्दकी ये पुत्री थीं। श्री जिनसिंह सूरिजीने आपको पहुतणी पद दिया था और सं० १६६६ भाद्रकृष्ण २ को विद्यासिद्धि साध्वीने यह गुरुणीगीत बनाया है।

खरतर गच्छ शाखायें

जिनप्रभसूरि परम्परा

(पृ० ११, १३, १४, ४१, ४२,)

वीर—सुधर्म-जम्बू-प्रभव-शय्यंभद्र यशोभद्र-आर्यसंभूति-भद्रबाहु स्थूलिभद्र-आर्यमहागिरि-आर्यसुहस्ती-शांतिसूरि-हरिभद्रसूरि संडिल्लसूरि-आर्यसमुद्र,-आर्यमंगू-आर्यधर्म-भद्रगुप्त-वज्रस्वामी-आर्यरक्षित-आर्यनन्दि-आर्यनागहस्ति-रेवंत-खण्डिल-हिमवन्त नागार्जुन-गोविन्द-भूतदिन्न लोहदित्य-दूष्यसूरि-उमास्वातिवाचक-जिनभद्रसूरि-हरिभद्रसूरि-देवसूरि-नेमिचन्द्रसूरि—उद्योतनसूरि-वर्द्धमानसूरि-जिनेश्वरसूरि-जिनचन्द्रसूरि-अभयदेवसूरि-जिनवल्लभसूरि-जिनदत्तसूरि- जिनचन्द्रसूरि-जिनपतिसूरि-जिनेश्वरसूरि-यहां तक तो अनुक्रम सादृश ही है।

इसके पश्चात् जिनेश्वरसूरिके पट्टधर जिनसिंहसूरि-जिनप्रभसूरि जिनदेवसूरि-जिनमेरुसूरि (पृ० ११) अनुक्रमसे उनके पट्टधर जिनहितसूरि तकका नाम आता है (पृ० ४२) इनमें जिनप्रभसूरि जिनदेवसूरिका विशेष परिचय गीतोंमें इस प्रकार है :—

जिनप्रभसूरि

जिनप्रभसूरिजीने महम्मद पतिशाहको दिल्लीमें अपने गुण समूहसे रंजित किया।

अट्ठाही, अष्टमी चतुर्थीको सम्राट उन्हें सभामें आमन्त्रित करते थे, कुतुवुद्दीन भी आपके दर्शनसे बड़े प्रसन्न हुए थे।

पतिशाह महम्मद शाह आपसे दिल्लीमें सं० १३८५ पौष शुक्ला ८

शनिवारको मिले थे, सुरत्राणने आदरसहित नमनकर आपको अपने पास बिठाया, और उनके मृदु भाषणोंसे प्रसन्न होकर हाथी, घोड़े, राज, धन, देश ग्रामादि जो कुछ इच्छा हो, लेनेके लिये विनती करने लगा। पर साध्वाचारके विपरीत होनेसे आपने किसी भी वस्तुके लेनेसे इनकार कर दिया।

आपके निरीहताकी सुलताननने बड़ी प्रशंसाकी और वस्त्रादिसे पूजा की। अपने हाथकी निशानी (मोहर छाप) वाला फरमान देकर नवीन वसति-उपाश्रय बनवा दिया और अपने पट्टहस्ति (जिसपर बादशाह स्वयं बैठता है) पर आरोहन कराके मीर मालिकोंसे साथ पोषध-शाला बड़े उत्सवके साथ पहुंचाया। वाजित्र बाजते और युवतियांके नृत्य करते हुए बड़े उत्सवसे पूज्यश्री वसतीमें पधारे। पद्मावती देवीके सानिध्यसे आपकी धवल कीर्ति दशोदिश व्याप्त हो गई।

आप बड़े चमत्कारी और प्रभावक आचार्य थे। आपके चमत्कारों में १ आकाशसे कुलह (टोपी-घड़ा) को ओघे (रजोहरण) के द्वारा नीचे लाना २ महिष (भैंस) के मुखसे वाद करना ३ पतिशाहके साथ बड़ (वट) वृक्षको चलाना ४ शत्रुंजयके रायण वृक्षसे दुग्ध बरसाना ५ दोरड़ेसे मुद्रिका प्रगट करना ६ जिन प्रतिमासे वचन बुलवाने आदि मुख्य हैं।

आपके विषयमें स्वतन्त्र निबन्ध (ला० म० गांधी लिखित) प्रकाशित होनेवाला है उसे, और जैनस्तोत्र सन्दोह भा० २प्रस्तावना पृ० ४४ से ५२ एवं ही० रसिक० सम्पादित ग्रन्थ देखना चाहिये।

जिनदेवसूरि

(पृ० १४)

जिनप्रभसूरिजीके पट्टपर आप सूर्यके समान तेजस्वी थे। मेढ़ मंड़ल-दिल्लीमें आपके वचनामृतसे महम्मद शाहने कन्नाणापुर (कन्यायनीय) मंडण वीर प्रभुको शुभलग्नमें स्थापित किया था। ज्ञान-विज्ञान, कला-कौशलके आप भण्डार थे एवं लक्षण, छन्द, नाटक आदिके आप वेत्ता थे।

कुलधर (शाह) के कुलमें वीरणी नामक नारि-रत्नके कुक्षिसे आपका जन्म हुवा था, जिनसिंहसूरिजीके पास आपने दीक्षा ग्रहण की थी। आपके पीछेके आचार्योंकी नामावलीका पता (१६ वीं शताब्दीके पूर्वार्द्ध तकका) हमारे संग्रहके एक पत्र एवं ग्रन्थ प्रशस्तियों से लगा है। जिसका विवरण इस प्रकार है :—

जिनप्रभसूरि—जिनदेवसूरि—पट्टधरद्वय १ जिनमेरुसूरि २ जिनचन्द्रसूरि, इनमें जिनमेरुसूरिके पट्टधर—जिनहितसूरि—जिन-सर्व्वसूरि—जिनचन्द्रसूरि—जिनसमुद्रसूरि—जिनतिलकसूरि (सं० १५११)—जिनराजसूरि—जिनचंद्रसूरि (सं० १५८५)—पट्टधर-द्वय १ जिनमेरुसूरि और २ जिनभद्रसूरि—(सं० १६००)—जिनभानुसूरि (सं० १६४१)

बेगड़ खरतरशाखा

(पृ० ३१२ से ३१८)

गुर्वावलीमें जिनलब्धिसूरि पट्टधर जिनचन्द्रसूरि तक क्रम एक समान ही है, जिनचन्द्रसूरिके पट्टापर भट्टारक शाखाकी ओर जिन-राजसूरि पट्टधर हुए। वे माल्हू गोत्रीय थे, इसीसे बेगड़ गच्छवाले उनकी परम्पराको माल्हूशाखा कहते है। उधर द्वितीय पट्टधर जिनेश्वरसूरि हुए, जो इस शाखाके आदि पुरुष हैं। जिनेश्वरसूरिजी आदिका विशेष परिचय गीतोंमें इस प्रकार है :—

जिनेश्वरसूरिजी

छाजहड़ गोत्रीय झांझणके आप पुत्र थे, आपकी माताका नाम झबकु था, और बेगड़ विरुद्धसे आपकी प्रसिद्ध थी। माल्हू गोत्रीय गुरु भ्राताके मानको चूर्ण कर अपने गुरु श्री जिनचन्द्र-सूरिका पाट आपने लिया। आपने वाराही त्रिरायको आराधना किया था और धरणेन्द्र भी आपके प्रत्यक्ष था, अणहिल्लवाडे (पाटण) में खानका परचा पूर्ण कर महाजन बन्द (बन्दियों) को छुड़ाया था। राजनगरमें विहार कर महम्मद वादशाहको प्रतिबोध दिया था और उसने आपका पदस्थापना महोत्सव किया था। आपके भ्राताने ५०० घोड़ोंका (आपके दर्शनपर) दान किया और १ करोड़ द्रव्य व्यय किया था इससे महम्मद शाहने हर्षित हो "बेगड़ा" विरुद्ध प्रदान किया था, (या उसने कहा आपके श्रावक भी बेगड़ और आप भी बेगड़ हैं)। एक बार आप साचोर पधारे, बेगड़ और थूल्रा दोनों गोत्र परस्पर मिले, (वहां) राडद्रहसे लखमीसिंह मन्त्रीने सङ्घ सहित आकर गुरु श्री को वन्दन किया।

लक्ष्मीसिंहने भरम नामक अपने पुत्रको गुरुश्रीको वहराया और चार चौमासे वही रक्खे। सं० १४३० में संथारा कर शक्तिपुर (जोधपुर) में आप स्वर्ग पधारें और वहाँ आपका स्तूप (थुम्भ) वनाया गया, वह वड़ा चमत्कारी है, हजारों मनुष्य वहां दर्शनार्थ आते हैं। स्वर्गगमन पश्चात भी आपने तिलोकसी शाहको ६ पुत्रियोंके ऊपर (पश्चात्) १ पुत्र देकर उसके वंशकी वृद्धि की। पौप शुक्ला १३ को जिनसमुद्रसूरिने स्तूपकी यात्राकर यह गीत वनाया।

गुणप्रभ सूरि प्रवन्ध

(पृ० ४२३)

गुणप्रभसूरि प्रवन्ध और हमारे संग्रहकी पट्टावलीके अनुसार श्री जिनेश्वरसूरिजीका पट्टानुक्रम इस प्रकार है :—

१—श्री जिनशेखरसूरि २—श्री जिनधर्मसूरि ३—श्री जिनचन्द्रसूरि ४—श्री जिनमेरुसूरि ५—श्री गुणप्रभसूरि हुए। इनका विशेप परिचय इस प्रकार है :—

सं० १५७२ में श्री जिनमेरुसूरिजीका स्वर्गवास हो जानेपर मण्डलाचार्य श्री जयसिंहसूरिने भट्टारक पदपर स्थापित करनेके लिए छाजहड़ गोत्रीय व्यक्तिकी गवेपणा की। अन्तमें जूठिल शाखा के मंत्री भोदेवरुके बुद्धिशाली पुत्र नगराज श्रावककी गृहिणी गणपति शाहकी पुत्री नागिलदेके पुत्र वच्छराजने धर्मका लाभ जानकर अपने पुत्र भोजको समर्पण किया। उनका जन्म सं० १५६५ (शाके १४३१) मिगसर शुक्ला ४ गुरुवारके रात्रिमें उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, ऋषियोग, कर्क लग्न, गण वर्गमें हुआ, सं० १५७५में सूरिजीने

दीक्षा दी। दीक्षित होनेके अनन्तर भोजकुमार गुरुश्रीसे विद्याभ्यास करते हुए संयम मार्गमें विशेष रूपसे प्रवृत हुए।

इधर जोधपुरमें राठौर राजा गंगराज राज्य करते थे, वहां छाजहड़ गोत्रीय गांगावत राजसिंह, सत्ता, पत्ता, नेतागर आदि निवास करते थे। सत्ताके पुत्र दुल्हण और सहजपाल थे, सहजपाल के पुत्र मानसिंह, पृथ्वीराज, सुरताण थे। जिनकी माताका नाम कस्तूरदे था। सुरताणकी भार्या लीलादेकी कुक्षिसे जेत, प्रताप और चांपसिंह तीन पुत्र उत्पन्न हुए थे। उपरोक्त कुटुम्बने विचारकर गंग नरेशसे (नेतागरने) प्रार्थना की, कि हम लोगोंको गुरु महाराजके पट्टोत्सव करनेके लिए आज्ञा प्रदान करें। नृपवर्य्यका आदेश पाकर देश-विदेशमें चारों तरफ आमन्त्रण पत्रिका भेजी गई, बहुत जगहका संघ एकत्र हुआ और खूब उत्सवपूर्वक सं० १५८२ फाल्गुन शु० ४ श्रीजिनमेरुसूरिके पट्टपर श्री जिनगुणप्रभ सूरिजीको स्थापित किया गया। उन्हें बड़ गच्छीय श्रीपुण्यप्रभ सूरिने सूरि मंत्र दिया संघने गंगरायको सन्मानित किया और राजाने भी संघ और पूज्यश्रीको बहुमान दिया।

सं० १५८५ में सूरिवर्य्यने संघके साथ तीर्थाधिराज सिद्धाचल जीकी यात्रा की, जोधपुरमें बहुतसे भव्योंको प्रतिबोध दिया। इस प्रकार क्रमशः १२ चतुर्मास होनेके पश्चात जेशलमेरके श्रावक देवपाल, सदारंग, जीया, वस्ता, रायमल्ल, श्रीरंग, हूटा, भोजा आदि संघने एकत्र होकर गुरु दर्शनकी उत्कंठासे पांच प्रधान पुरुषोंके साथ वीनति-पत्र भेजा, उनके विशेष आग्रहसे सूरिजी विहारकर जैसलमेर

आये, सं० १५८७ आपाढ़ वदी १३ को समारोहके साथ पुर प्रवेश कर पौपधशालामें पधारे। व्याख्यानादि धर्म कृत्य होने लगे। सं० १५९४ में राउल श्री लूणकर्णने जलके अभावमें अपनी प्रजाको महान कष्ट पाते देखकर दुष्कालकी सम्भावनासे गच्छनायकको वर्षा होनेके उपाय करनेकी नम्र विज्ञप्ति की। राउलजीकी प्रार्थना से सूरिजीने उपाश्रयमें अष्टम तप पूर्वक मंत्र साधना प्रारम्भ की, उसके प्रभावसे मेघमाली देवने घनघोर वर्षा वर्षाइ, जिससे भादवा सुदि १ को प्रथम प्रहरमें सारे तालाव-जलाशय भर गए। सुकाल हो जानेसे लोगोंके दिलमें परमानंद छा गया, सूरि महाराजकी सर्वत्र भूरि-भूरि प्रशंसा हुई, राउलजीने गुरु महाराजके उपदेशसे वणिक वन्दियोंको मुक्त कर दिया और पंच शब्द, वाजित्र आदिके वजवाते हुए वड़े समारोह पूर्वक उपाश्रयमें पहुंचाये।

इस प्रकार सूरिजीने शासनकी वड़ी प्रभावनाकी थी, सं० १६५५ में ज्ञानवलसे अपने आयुष्यका अन्त निकट जानकर राधा (वैशाख) कृष्णा ८ को तीन आहारके त्यागरूप अनशन ग्रहण किया, एकादशीको संघके समक्ष प्रत्याख्यानादि कर डाभके संथारेपर संलेखना कर दी, शत्रु और मित्रपर समभाव रखते हुए, अर्हन्तादि पदोंका ध्याय करते हुए, १५ दिनकी संलेखना पूर्णकर वैशाख सुदि ६ को ६० वर्ष ५ मास और ५ दिनका आयुष्य पूर्ण कर स्वर्ग सिधारे। श्री जिनेश्वर सूरिजो ने इनका प्रवन्ध बनाया।

जिनचन्द्रसूरि

(पृ० ४३०, ३१६)

श्री गुणप्रभसूरिजीके शिष्य श्री जिनेश्वर सूरिजीके पट्टधर श्री जिनचन्द्रसूरि हुए जिनका परिचय इस प्रकार है।—

वीकानेर निवासी बाफणा गोत्रीय रूपजी शाहकी भार्या रूपादे की कुक्षिसे आपका जन्म हुआ था, आपका जन्म नाम वीरजी था, लघु वयमें समता रसमें लयलीन देखकर जैसलमेरमें श्री जिनेश्वर सूरि जीने आपको दीक्षितकर, वीर विजय अभिधान दिया। आप पढ़-लिख खूब विद्वान् और प्रतापी हुए, आपको श्रीजिनेश्वर सूरिजीने स्वयं अपने पट्टपर स्थापित किये। जैन शासनकी प्रभावनाकरके सं० १७१३ पोप मासकी ११ भृगुवारको अनशन पूर्वक आप स्वर्ग सिधारे। महिमा-समुद्रजीने आपके दो गीत रचे, अन्य एक गीतमें समुद्रसूरिजीने आपके साचोर पधारनेपर उत्सव हुआ, उसका संक्षिप्त वर्णन किया है।

जिनसमुद्रसूरि

(पृ० ३१७, ४३२)

आप श्रीश्रीमाल हरराजकी भार्या लखमादेवीके पुत्र थे, श्री जिनचन्द्रसूरिजीके पट्टपर स्थापित होनेके पश्चात आप सूरत और सांस नगरमें पधारे, जिनका वर्णन माईदास और महिमाहर्षके गीतमें है। सूरतमें छत्तराज शाहने महोत्सव आदि किया था।

जिनसमुद्रसूरिके पश्चात पट्टधरोंके नाम ये हैं :—जिनसुन्दर सूरि—जिनउदयसूरि—जिनचन्द्रसूरि—जिनेश्वरसूरि (सं० १८६१) इनके पट्टधरका नाम नहीं मिलता। अन्तिम आचार्य जिनक्षेमचंद्र सूरि सं० १६०२ में स्वर्ग सिधारे।

पिप्पलक शाखा

(पृ० ३१६)

गुर्वावली* में जिनराजसूरि (प्रथम)तक तो क्रम एक-सा ही

---

*गुर्वावलीमें नवीन ज्ञातव्य यह है कि:—जिन वर्द्धमान सूरिजीने श्री-

है। उनके पट्टधर जिनवर्द्धनसूरिजीसे यह शाखा भिन्न हुई थी, उनके पट्टधर आचार्योंका नामानुक्रम इस प्रकार है :—

जिनवर्द्धन सूरि--जिनचन्द्रसूरि—जिन सागर सूरि—(जिन्होंने ८४ प्रतिष्ठायें की थीं और उनका थुंभ अहमदाबादमें प्रसिद्ध है)। जिन सुन्दर सूरि—जिनहर्पसूरि—जिनचन्द्र सूरि—जिनशील सूरि—जिनकीर्तिसूरि—जिनसिंहसूरि—जिनचन्द्रसूरि (सं० १६६९ विद्यमान) तकका राजसुन्दरने उल्लेख किया है हमारे संग्रह की पट्टावली आदिसे इस शाखाके पश्चानुवर्ती पट्टधरोंका अनुक्रम यह ज्ञात होता है:—जिनरत्नसूरि—जिनवद्धमानसूरि—जिनधर्म सूरि—जिनचन्द्र सूरि—(अपर नाम शिवचन्द्र सूरि) इनमें जिनरत्न सूरिके पीछेके नाम प्रस्तुत शिवचन्द्र सूरि रासमें भी पाये जाते हैं। अब रासके अनुसार जिन (शिव) चन्द्र सूरिजीका विशेप परिचय नीचे दिया जाता है :—

जिन शिवचन्द्रसूरि ×

(पृ० ३२१)

मरुधर देशके भिन्नमाल नगरमें अजीतसिंह भूपतिके राज्यमें ओसवाल रांका गोत्रीय शाह पदमसी रहते थे। उनकी धर्मपत्नीका नाम पदमा था। उसके शुभ मुहूर्तमें एक पुत्र उत्पन्न हुआ, और

मंधर स्वामीसे सूरि मंत्र संशोधन कराया। श्रीमंधर स्वामीने आचार्योंके नामकी आदिमें जिन विशेषण लगानेकी सूचना दी, इसीसे पट्टधर आचार्यों ने नामके आगे जिन विशेषण दिया जाता है।

×गृहे १३ साधुपर्याय १३ गच्छ नायक १८ इस प्रकार कुल ४४ वर्ष का आयुष्य पाया।

उसका नाम शिवचन्द रखा गया। कुंवर दिनोंदिन वृद्धि प्राप्त होने लगा और जब उसकी अवस्था १३ वर्षकी हुई, उस समय उसी नगरमें गच्छनायक जिनधर्मसूरिका शुभागमन हुआ। संघने प्रवेशोत्सत्व किया, और अनेक लोग गुरुश्रीके व्याख्यानमें नित्य आने लगे। सूरिजीके व्याख्यान श्रवणार्थ पदमसी और शिवचन्द कुमार भी जाने लगे और संसारकी अनित्यताके उपदेशसे कुमारको वैराग्य उत्पन्न हो गया, यावत् माता पिताके पास आग्रह पूर्वक अनुमति लेकर सं० १७६३ में गुरु श्रीकेपास दीक्षा ग्रहण की। मासकल्पके परिपूर्ण हो जानेसे सूरिजी नवदीक्षित शिवचन्द्रके साथ बिहार कर गये। ज्ञानावर्णी कर्मके क्षयोपशमसे नवदीक्षित मुनिने व्याकरण, न्याय, तर्क और आगम ग्रन्थोंका शीघ्र अध्ययन कर विद्वता प्राप्त की।

ज़िनधर्म सूरिजी उदयपुर पधारे और वहां शारीरिक वेदना उत्पन्न होनेसे आयुष्यकी पूर्णाहुतिका समय ज्ञातकर सं० १७७६ वैसाख शुक्ला ७ का शिवचन्दजीको गच्छनायक पद देकर (वहीं) स्वर्ग सिधारे। आचार्यपदका नाम नियमानुसार जिनचन्द्रसूरि रखा गया। उस समय (राणा संग्राम राज्ये) उदयपुरके श्रावक दोसी भीखा सुत कुशलेने पद महोत्सव किया और पहरावणी, याचकोंको दान आदि कार्योंमें वहुतसा द्रव्यका व्यय कर सुयश प्राप्त किया। आचार्य पद प्राप्तिके पश्चात् आपने, शिष्य हरिसागरके आग्रहसे वहीं चतुर्मास किया, धर्मप्रभावना अच्छी हुई। चौमासा पूर्ण होने पर आपने गुजरातकी ओर विहार कर दिया। सं० १७७८ में (गच्छनायकके) परिग्रहका त्यागकर विशेष वैराग्य भावसे क्रियोद्धार किया और

आत्म गुणोंकी साधना करते हुए भव्योंको उपदेश प्रदान आदि द्वारा स्वपर हित साधनमें तत्पर हुए।

गुजरातमें विचरते हुए शत्रुंजय तीर्थ पधारे और वहां ४ महीने की अवस्थित कर ९९ यात्राएं कीं। वहांसे गिरनारमें नेमनाथकी यात्राकर जूनागढ़की यात्रा करते हुए खंभात पधारे, वहांकी यात्रा कर चतुर्मास भी वहीं किया। वहां धरम-ध्यान सविशेष हुआ। वहांसे मारवाड़की ओर विहारकर आबू तीर्थकी यात्रा करके तीर्थाधिराज सम्मेतशिखर पधारे। वहां वीश तीर्थंकरोंके निर्वाण स्थानों को यात्रा करके, विचरते हुए बनारसमें पार्श्वनाथजी की यात्राकी। रास्तेमें पावापुरी, चम्पापुरी, राजग्रही, वैभारगिरिकी भी संघके साथ यात्राकी और हस्तिनापुरमें शान्ति, कुन्थु और अरिनाथप्रभु की यात्रा कर दिल्ली पधारे, वहां चतुर्मास करके विहार करते हुए पुनः गुजरातमें पदार्पण किया। वहां भणशाली कपूरके पास एक चतुर्मास किया और पंचमाङ्ग भगवतीसूत्रका व्याख्यान देने लगे, इति उपद्रव दूरकर सुयश प्राप्त किया। ज्ञान-भक्ति और धर्म प्रभावना अच्छी हुई, शत्रुंजयतीर्थकी यात्रा की, यात्राकी भावना पुनः उत्पन्न होनेसे राजनगरसे विहारकर शत्रुंजय और गिरनाथतीर्थकी यात्राकर दीवबंदरमें चौमासे रहे। वहांसे फिर शत्रुंजयकी यात्रा करके घोघाबंदर, भावनगर आदिकी यात्रा करते हुए भी १७९४ के माह महीनेमें खम्भात पधारे। वहांके गुणानुरागी श्रावकोंने आपका अतिशय बहुमान किया, उनके उपकारार्थ आप भी धर्मदेशना देने लगे।

इसी समय किसी दुष्ट प्रकृति पुरुषने वहांके यवनाधिपके समक्ष

कोई चुगली खाई, अतः उसने अपने सेवकोंको आचार्यजीके पास भेजे। राज्य सेवकोंने पूज्यश्रीको बुलाकर "आपके पास धन है वह हमें देदें" कहा, पर सूरिजी तो बहुत पहलेही परिग्रहका सर्वथा त्याग कर चुके थे, अतः स्पष्ट शब्दोंमें प्रत्युत्तर दिया कि भाई हमारे पास तो भगवत् नाम स्मरणके अतिरिक्त कोई धन माल नहीं है, पर वे अर्थ लोभी भला कब मानने वाले थे। उन्होंने सूरिजीको तंग करना शुरू किया। इतनाही नहीं राज्यसत्ताके बलपर अंधे होकर यवनाधिपतिने सूरिजीकी खाल उतारनेकी आज्ञा दे दी। सूरिजीने यह सब अपने पूर्व संचित अशुभ कर्मोंके उदयका ही फल है, विचारकर मरणान्त कष्ट देनेवाले दुष्टोंपर तनिक भी क्रोध नहीं किया। धन्य है! ऐसे समभावी उच्च आत्म-साधक महापुरुषोंको !! रात्रिके समय दुष्ट यवनने क्रोधित होकर बड़े दुःख देने आरम्भ किये। मार्मिक स्थानोंमें बड़े जोरोंसे मारने (दंड-प्रहार करने) लगा और उस पापीष्टने इतनेमें ही न रुककर सूरिजीके हाथ पैरके जीवित नखोंको उतार असह्य वेदना उत्पन्न की। वेदना क्रमशः बढ़ने लगी और मरणान्त अवस्था आ पहुंची, पर उन महापुरुषने समभाव के निर्मल सरोवरमें पैठ आत्मरमणतामें तलीन्नता कर दी। अपने पूर्वके खंदग-गजसुकमाल-इवदन्त आदि महापुरुषोंके चरित्रोंका स्मृति चित्र अपने आंखोंके सामने खड़ाकर पुद्गल और आत्माके भिन्नत्व विचाररूप, भेद ज्ञानसे उस असह्य वेदनाका अनुभव करने लगे।

यह वृतांत ज्ञात होते ही प्रातःकाल श्रावकगण सूरिजीके पास आये, तब यवन भी सरिजीका धैर्य देख और अपनी सारी दुष्टवृत्ति

की इतिश्री होनेसे उकता गया। और श्रावकोंको उन्हें अपने स्थान ले जानेको कहा। रूपा वोहरा उन्हें अपने घर लाया। नगरमें सर्वत्र हाहाकार मच गया।

इस समय नाय (न्याय !) सागरजीने सूरिजीका अन्तिम समय ज्ञातकर उत्तराध्ययन आदि सूत्रोंका श्रवण कराके अनशन आराधना करवाई। श्रावकोंने यथाशक्ति चतुर्थ व्रत, हरित त्याग, १२ व्रतादि के यथाशक्ति नियम लिये। आचार्यजीने गच्छकी शिक्षा अपने शिष्य हीरसागरको देकर, सं० १७६४ वैशाख ६ कविवार सिद्धयोग के प्रथम प्रहरमें जिनेश्वरका ध्यान करते इस नश्वर देहका परित्यागकर (प्रायः) देवके दिव्य रूपको धारण किया। श्रावकोंने उत्सवके साथ अन्त क्रिया की, और रूपा वोहरेने वहां स्तूप कराया। इसी तरह राजनगरके बहिरामपुरमें भी स्तूप वनवाया गया। हीरसागरके आग्रहसे कडुआमती शाह लाधाने सं० १७६५ के आश्विन शुक्ला ५ बृहस्पतिवारको राजनगरमें इस रासकी रचना की।

आद्यपक्षीय शाखा

जिनहर्षसूरि

(पृ० ३३३)

आद्य पक्षीय खरतर शाखा (भेद) सं० १५६६ में जिनदेव सूरिजीसे निर्गत हुई थी। हमें प्राप्त पट्टावलीके अनुसार इन शाखा की पट्ट-परम्परा इस प्रकार है :—

जिनवर्द्धनसूरि—जिनचन्द्रसूरि—जिनसमुद्रसूरि—पट्टधर जिन देवसूरि (इस शाखाके आदि पुरुष) जिनसिंहसूरि—जिनचन्द्रसूरि (पंचायण भट्टारक) के शिष्य जिनहर्षसूरिजी थे। गीतके अनुसार आप दोसी वंशके भादाजीकी भार्या भगतादेके पुत्र थे।

अन्य साधनोंसे आपका विशेष वृत्तान्त निम्नोक्त ज्ञात हुआ है:— सं० १६६३ में जैतारणमें जिनचन्द्रसूरिका स्वर्गवास हुआ। भंडारी गोत्रीय नारायणने पद महोत्सवकर आपको उनके पट्टपर स्थापित किये, जेतारणमें आपने हाथीको कीलित किया, जिसका वृत्तान्त इस प्रकार है :—सं० १७१२ वर्षे खरतर गच्छ वृद्धाआचार्य क्षेमधाड़ शाखा पंचायण भट्टारक रे पाट सांप्रत विजयमान भ० श्रीजिनहर्षसूरि जी सोजत शहरमें हाथी कील्यो, तपा गच्छ हुंती बोल उपर आण्यों इंण वातरो सोजत शहर सिगलो साक्षीभूत थे। हाथी रे ठिकाने अजे सगिड़ो पूजीजे छै कोटवाली चोतरा कने मांडी विचमें × × × (इनके शिष्य सुमतिहंसकृत कालिकाचार्य कथा बालावबोध पत्र १४, यतिवर्य सूर्य्यमलजी के संग्रहमें)।

१७२५ चैत्र कृष्णा ११ को जेतारणमें आपका स्वर्गवास हुआ। इनके पश्चातके पट्टधरोंका क्रम यह है :—१ जिनलब्धि-जिनमाणिक्य-जिनचन्द्र-जिनोदय-जिनसंभव-जिनधर्म-जिनचन्द्र-जिनकीर्ति-जिन बुद्धिवल्लभ-जिनक्षमारत्नसूरिके पट्टधर जिनचन्द्रसूरिजी पालीमें अभी विद्यमान हैं।

भावहर्षीय शाखा

भावहर्षजी उपाध्याय

(पृ० १३५)

शाह कोड़ाकी पत्नी कोड़मदेके आप पुत्र थे। श्रीकुलतिलकजी के आप सुशिष्य थे। संयमके प्रतिपालनमें आप विशेष सावधान रहा करते थे, और सरस्वती देवीने प्रसन्न होकर आपको शुभाशीष दी थी। माह शुक्ला १० को जैसलमेरमें गच्छनायक जिनमाणिक्य-सूरिजीने (सं० १५९३ और १६१२ के मध्यमें) आपको उपाध्याय पद दिया था।

अन्य साधनोंसे ज्ञात होता है कि आप सागरचन्द्रसूरि शाखाके वा० साधुचन्द्रके शिष्य कुलतिलकजीके शिष्य थे। आप स्वयं अच्छे कवि थे। आपके रचित स्तवनादि बहुतसे मिलते हैं। सं० १६०६ में आपने उ० कनकतिलकादिके साथ कठिन क्रिया-उद्धार किया था। आपके हेमसार आदि कई विद्वान् और कवि शिष्य थे, आपके द्वारा खरतर गच्छ में ७ वां गच्छ भेद हुआ। और आपके नामसे वह शाखा भावहर्षीय कहलाई। बालोतरेमें इस शाखाकी गद्दी अब भी विद्यमान है। आपके शाखाकी पट्ट-परम्परा इस प्रकार

है :—भावहर्षसूरि—जिनतिलक—जिनोदय—जिनचन्द्र—जिनसमुद्र—जिनरत्न—जिनप्रमोद—जिनचन्द्र—जिनसुख—जिनक्षमा-जिनपद्म—जिनचन्द्र—जिनफतेन्द्रसूरि हुए, आपकी शाखामें अभी यतिवर्य नेमिचन्द्रजी वालोतरेमें विद्यमान है।—विशेष विचार खरतर गच्छ इतिहासमें करेंगे।

जिनसागर सूरि शाखा [लघु आचार्य]

जिनसागरसूरि

(पृ० १७८-२०३-३३४)

मरुधर जंगल देशके बीकानेर नगरमें राजा रायसिंहजी राज्य करते थे। उस नगरमें बोथरा गोत्रीय शाह बच्छा निवास करते थे, उनकी भार्या मृगादेकी कुक्षिसे सं० १६५२ कार्तिक शुक्ला १४ रविवारको अश्विन नक्षत्रमें आपका जन्म हुआ था। आप जब गर्भमें अवतरित हुए थे, तब माताको रक्त चोल रत्नावलीका स्वप्न आया था, उसीके अनुसार आपका नाम "चोला" रक्खा गया, पर लाड (अतिशय प्रेम) के नाम सामलसे ही आपकी प्रसिद्धि हुई।

एकबार श्रीजिनसिंहसूरिजीका वहां शुभागमन हुआ और उनके उपदेशसे सामल कुमारको वैराग्य उत्पन्न हुआ। उसने अपनी मातुश्रीसे दीक्षाकी अनुमति मांगी। इसपर माताने भी साथ ही दीक्षा लेनेका निश्चय प्रकट किया। इधर श्री जिनसिंह सूरिजी विहारकर अमरसर पधारे। तब वहां जाकर सामलकुमार ने अपने बड़े भाई विक्रम और माताके साथ सं० १६६१ माह सुदी

७ को सूरिजीसे दीक्षा ग्रहण की* । उस समय अमरसरके श्रीमाली थानसिंहने दीक्षा महोत्सव किया ।

नवदीक्षित मुनिके साथ जिनसिंहसूरिजी ग्रामानु-ग्राम विहार करते हुए राजनगर पधारे । वहां युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजी को वंदना की, सूरिजीने नवदीक्षित सांमल मुनिको (मांडलके तप वहन कर लिये, ज्ञातकर) वड़ी दीक्षा देकर नाम स्थापना "सिद्धसेन" की । इसके पश्चात सिद्धसेन मुनि आगमके उपधान (तपादि) वहन करने लगे और बीकानेरमें छः मासी तप किया । विनय सहित आगमादिका अध्ययन करने लगे । युगप्रधान पूज्यश्री आपके गुणोंसे बड़े प्रसन्न थे । कविवर समयसुन्दरके सुप्रसिद्ध शिष्य वादी हर्षनन्दनने आपको विद्याध्ययन वड़े मनोयोगसे कराया ।

इस प्रकार विद्याध्ययन और संयम पालन करते हुए श्री जिन-सिंहसूरिजीके साथ संघवी आसकरणके संघ सह शत्रुंञ्जयतीर्थकी यात्रा की । बहांसे विहारकर खंभात, अहमदाबाद, पाटण होते हुए वडलीमें जिनदत्तसूरिजीकी यात्रा की । वहांसे विहारकर सिरोही पधारे । वहांके राजा राजसिंहने बहुत सम्मान किया और संघने प्रवेशोत्सव किया । वहांसे जालोर, खंडप, द्रूणाड़ा होते हुए घंघाणी के प्राचीन जिन बिम्बोंके दर्शन कर बीकानेर पधारे । शा० बाघ-मलने प्रवेशोत्सव किया । जिनसिंहसूरिजीने चतुर्मास वहीं किया । इसी चतुर्मासके समय उन्हें सम्राट् सलेमने मेवड़े दूत भेजकर आमन्त्रित

---

* निर्वाण रासमें मृगादेका दीक्षित नाम माणिक्यमाला और वीकेका नाम विवेक कल्याण लिखा ।

किये। सम्राट्की विज्ञप्तिके अनुसार वहांसे विहारकर वे मेड़ते पधारे, वहां शारीरिक व्याधि उत्पन्न होनेसे आराधना पूर्वक स्वर्ग सिधारे।

इस प्रकार जिनसिंहसूरिजीकी अचानक मृत्यु होनेसे संघको बड़ा शोक हुआ। पर कालके आगे कर भी क्या सकते थे, आखिर शोक निर्वतन करके संघने राजसी (राज समुद्र) जी को भट्टारक (गच्छ नायक) पद और सिद्ध सेन (सामल) जीको *आचार्य पदसे अलंकृत किये।

संघपति (चोपड़ा) आसकरण, अमीपाल, कपूरचन्द, ऋषभदास और सूरदासने पद महोत्सव बड़े समारोहसे किया। (पूनमीया गच्छीय) हेमसूरिजीने सूरिमंत्र देकर सं० १६७४ फाल्गुन शुक्ला ७को शुभ मुहूर्तमें जिनराजसूरि और जिनसागरसूरि नाम स्थापना की।

आचार्य पद प्राप्तिके अनन्तर आपने मेड़तेसे बिहार कर राणकपुर, वरकाणा, तिमरी (पार्श्वनाथजीकी), ओसियां और घंघाणीकी यात्राकर चतुर्मास मेड़ते किया। वहांसे जैसल्मेर पधारे। वहां राउल कल्याण और श्रीसंघने वंदन किया और भणसाली जीवराजने (प्रवेश) उत्सव किया। वहां श्रीसंघको ११ अंगोंका श्रवण कराया। शाह कुशलेने मिश्री सहित रुपयोंकी लाहण की। वहांसे संघके साथ लोद्रवा पधारे। (भणसाली) श्रीमल सुत थाहरुशाहने स्वामी—वात्सल्यादिमें प्रचुर द्रव्य व्यय किया। वहांसे आचार्य जिनसागरसूरि फलवधी पधारे। श्रावक मानेने प्रवेशोत्सव किया और

---

* निर्वाण रास गा० ९ और जयकीर्ति कृत गीतके कथनानुसार आपको आचार्य पद, युग प्रधान जिनचन्द्रसूरिजीके वचनानुसार मिला था।

याचकोंको दान दिया। संघने बड़ी भक्ति की। वहांसे विहारकर करणुं-अइं पधारे, वहां संघने भक्तिसे वंदना की। इस प्रकार विहार करते हुए वीकानेर पधारे, वहां पासाणीने संघके साथ प्रवेशोत्सव किया एवं (मंत्रीश्वर कर्मचन्दके पुत्र) भागचन्दके पुत्र मनोहरदास आदि सामहीयेमें पधारे।

वीकानेरसे विहारकर (लूनकरण) सर चतुर्मास कर जालय-सर पधारे। वहां मंत्री भगवन्तदासने बड़े उत्सवके साथ पूज्यश्रीको वंदन किया, वहांसे डीडवाणेके संघको वंदाते हुए सुरपुर एवं मालपुर आये, वहां भी धर्म-ध्यान सविशेष हुआ। इस प्रकार विहार करते हुए बीलाड़ेमें चौमासा किया। वहांके कटारिये श्रावक खरतर गच्छ के अनन्य अनुरागी थे., उन्होंने उत्सव किया।

बीलाड़ेसे विहार कर मेड़ते आये वहां गोलछा रायमलके पुत्र अमीपालके भ्राता नेतसिंह भ्रातृपुत्र-राजसिंहने बड़े समारोहसे नान्दि स्थापन कर व्रतोच्चारण किये, श्रीफल नालेरादिके साथ रुपयोंकी लाहण (प्रभावना) की। वहांके रेखाउत श्रीमल, वीरदास मांडण, तेजा, रीहड़ दरड़ाने भी धार्मिक कार्योंमें वहुतसा द्रव्यका सद्-व्यय किया। आचार्य श्री वहांसे विहारकर राणपुर और कुम्भलमेरके जिनालयोंको वंदन कर मेवाड़ प्रदेश होते हुए उदयपुर पधारे। वहां-के राजा करणने आपका सम्मान किया। और मंत्रीश्वर कर्मचन्द्र पुत्र लक्ष्मीचन्द्रके पुत्र रामचन्द और रुघनाथके साथ अजायबदेने वन्दन किया। वहांसे विहार कर स्वर्णगिरि पधारे, वहां संघने बड़ा उत्सव किया। साचोर संघने एवं हाथीशाहने बहुत आग्रह कर चतुर्मास साचोरमें कराया।

इस प्रकार उपरोक्त सारे वर्णनात्मक इस रासको कवि धर्मकीर्ति (यु० जिनचन्द्रसूरि उपाध्याय धर्मनिधानके शि०) ने स० १६८१ के पौप कृष्णा ५ को बनाया।

उपरोक्त रास रचनेके पश्चात् सं० १६८६ में गच्छ नायक जिनराजसूरि और आचार्य जिनसागरसूरिके किसी अज्ञात कारण विशेपसे मनोमालिन्य या वैमनस्य* उत्पन्न हुआ।

फलस्वरूप दोनोंकी शाखायें (शिष्यपरिवार आदि) भिन्न २ हो गई। और तभीसे जिनराजसूरिजीकी परम्परा भट्टारकीया एवं जिनसागरसूरिजीकी परम्परा आचारजीया नामसे प्रसिद्ध हुइ, जो आज भी उन्हीं नामोंसे प्रख्यात है।

शाखा भेद होने पर जिनसागरसूरिजीके पक्षमें कौनसे विद्वान और कहांका संघ आज्ञानुयायी रहा। इसका वर्णन निर्वाण रासमें इस प्रकार है :—

श्रीजिनसागरजीके आज्ञानुवर्ती साधु संघमें उपाध्याय समय-सुन्दरजी (की सम्पूर्ण शिष्य परम्परा), पुण्य-प्रधानादि युगप्रधान जिनचन्द्रसूरिजीके सभी शिष्य, और श्रावक समुदायमें अहमदावाद, वीकानेर, पाटण, खम्भात, मुल्तान, जैसलमेरके संघ नायक संख-वालादि, मेड़तेके गोलछे, आगरेके ओशवाल, वीलाड़ेके संघवी कटारिये एवं जयतारण, जालौर, पचियाख, पाल्हनपुर, भुज्ज, सूरत, दिल्ली, लाहोर, लुणकरणसर, सिन्ध प्रान्तोंमें मरोट, थट्टा, डेरा, मारवाडमें फलोधी, पोकरण आदिके (ओशवाल-अच्छे २

*जयकीर्तिके गीतके अनुसार यह कारण अहमदाबादमें हुआ था।

पदाधिकारी) थे।* उनमेंसे मुख्य श्रावकोंके धर्मकृत्य इस प्रकार है :—

करमसी शाह संवत्सरीको महम्मदी (मुद्रा) देते और उनके पुत्र लालचन्द प्रत्येक वर्ष संवत्सरीको संघमें श्रीफलोंकी प्रभावना किया करते थे। लालचन्दकी विद्यमान माता धनादेने पूठियेके उपर के खण्डकी पीटणीको समराइ (जीर्णोद्धारित की) और उसकी भार्या कपूरदेने जो कि उग्रसेनकी माता थी, धर्मकार्योंमें प्रचुर द्रव्य व्यय किया।

शाह शान्तिदासने भ्राता कपूरचन्दके साथ आचार्यश्रीको स्वर्णके वेलिये दिये थे, एवं २॥ हजार रुपयोंका खर्च कर सुयश प्राप्त किया था। उनकी माता मानबाइने उपाश्रयके १ खण्डकी पीटणी करा दी थी और प्रत्येक वर्ष आषाढ़ चतुर्मासीके पोषधोपवासी श्रावकोंको पोषण करनेका वचन दिया था।

शाहमनजीके दीप्तमान कुटुम्बमें शाह उदयकरण, हाथी, जेठमल और सोमजी मुख्य थे। उनमें हाथीशाहने तो रायबन्दी-छोड़ का विरुद प्राप्त किया था। उनके सुपुत्र पनजी भी सुयशके पात्र थे। मूलजी, संघजी पुत्र वीरजी एवं परीख सोनपाल सूरजीने २४ पाक्षिकोंको भोजन कराया था। आचार्य श्रीकी आज्ञामें परीख चन्द्रभाण, लालू,

---

*समयसुन्दरजी कृत अष्टकमें आपके आज्ञानुयायिओंकी सूची में इनके अतिरिक्त भटनेर, मेवाड़, जोधपुर, नागौर, बीरमपुर, साचोर, किरहोर, सिद्धपुर, महाजन, रिणी, सांगानेर, मालपुर, सरसा, धींगोटक, भरुच, राधनपुर वाराणपुर आदिके संघोंके भी नाम भी आते हैं।

अमरसी शाह, संघवी कचरमल्ल, परीख अखा, बाछड़ा देवकर्ण, शाह गुणराजके पुत्र रायचन्द गुलालचन्द, इस प्रकार राजनगरका प्रशंसनीय संघ था और धर्मकृत्य करनेमें खंभातके भण्डशाली बधुका पुत्र ऋषभदास भी उल्लेखनीय था।

हर्षनन्दनके गीतानुसार मुकरबखान (नबाब) भी आपको सन्मान देता था। इस प्रकार आचार्य श्रीका परिवार उदयवन्त था, गीतार्थ शिष्योंको आचार्यश्रीने यथायोग्य वाचक उपाध्यायादि पद प्रदान किये थे और अपने पदपर स्वहस्तसे अहमदाबादमें जिनधर्मसूरिजीको (प्रथम पछेवड़ी ओढ़ाकर) स्थापन किया। उस समय भणशाली बधूकी भार्या विमलादे, भणशाली सधुआकी पत्नी सहिजलदे (जिसने पूर्व भी शत्रुंजय संघ निकाला और बहुतसे धर्मकृत्य किये थे) और श्रा० देवकीने पदमहोत्सव बड़े समारोहसे किया।

पद स्थापनाके अनन्तर जिनसागरसूरिके रोगोत्पति होनेके कारण आपने बैशाख शुक्ला ३ को शिष्यादिको गच्छकी शिखामण दे, गच्छ भार छोड़ा। बैशाख सुदी ८ को अनशन उच्चारण किया। उस समय आपके पास उपाध्याय राजसोम, राजसार, सुमतिगणि, दयाकुशल वाचक, धर्ममंदिर, समयनिधान, ज्ञानधर्म, सुमतिवल्लभ आदि थे। सं०१७१६ जेष्ठ कृष्णा ३ शुक्रवारको आप स्वर्ग सिधारे और हाथीशाहने अग्नि संस्कारादि अन्त-क्रिया धूमसे की। इसके पश्चात् संघने एकत्र होकर गायें, पाड़े, बकरीयें आदि जीवोंकी २००) रुपये खर्चा कर रक्षा की और शान्ति जिनालयमें देववन्दन कर शोकका परित्याग किया।

उपरोक्त (वर्णनवाले) रासकी रचना सुमतिवल्लभने (सुमति-समुद्र शिष्यके साथ) सं १७२० श्रावण शुक्ला १५ को की। आचार्य श्रीके रचित वीशी एवं स्तवनादि उपलब्ध है।

जिनधर्मसूरि

(पृ० ३३५-३६)

आप भणशाली गोत्रीय (रिणमल्ल) की पत्नी मृगादेके पुत्र थे। पद स्थापनाका उल्लेख ऊपर आही चका है। ज्ञानहर्षके गीतानुसार आप बीकानेर पधारे, उस समय गिरधरशाहने प्रवेशोत्सव बड़े समारोहसे किया था। विशेष ज्ञातव्य देखें :—खरतरगच्छपट्टावली संग्रह।

जिनचन्द्रसूरि

(पृ० ३३७)

आप जिनधर्मसूरिजीके पट्टधर थे। वुहरा वंशीय सांवलशाह आपके पिता और साहिबदे आपकी माता थी। विशेष ज्ञातव्य देखें—खरतरगच्छपट्टावलीसंग्रह।

जिनयुक्ति सूरि पट्टधर जिनचन्द्रसूरि

(पृ० ३३७-३८)

उपरोक्त जिनचन्द्रसूरिके (पश्चात् पट्टावलीके अनुसार) पट्टधर जिनविजयसूरिके पट्टधर जिनकीर्तिसूरिके पट्टधर जिनयुक्तिसूरिजी हुए, उनके पट्टधर आप थे। रीहड़ गोत्रीय शा० भागचन्दकी भार्या यशोदाकी कुक्षिसे आप अवतरित हुए। बीलाड़े चतुर्मासके समय कवि आलमने यह गीत रचा था। गीतमें प्रवेशोत्सवके समयकी भक्तिका संक्षिप्त वर्णन है।

जिनचंद्रसूरिजीके पट्टधर जिनउदय-जिनहेम-जिनसिद्धसूरिके पट्टधर जिनचंद्रसूरि अभी विद्यमान हैं। विशेष ज्ञातव्य देखें:—(खरतरगच्छपट्टावलीसंग्रह)।

रंगविजयशाखा

जिनरंगसूरि

(पृ० २३१-३३)

श्रीजिनराजसूरि (द्वि०) के आप शिष्य थे। श्रीमाली, सिन्धूड़ गोत्रीय सांकरसिंहकी भार्या सिन्दूरदेकी कुक्षिसे आपका जन्म हुआ था। सं० १६७८ फाल्गुन कृष्णा ७ को जैसलमेरमें आपने दीक्षा ली थी, दीक्षितावस्थाका नाम रंगविजय रखा गया। श्रीजिनराजसूरिजीने आपको उपाध्याय पद दिया था। ज्ञानकुशलकृत गीत और जिनराजसूरि गीत नं० ६ में आपको युवराज पदसे संबोधन किया गया है जोकि महत्वका है।

कमलरत्नके गीतानुसार पातिशाह (शाहजहां !) ने आपकी परीक्षाकी थी और ७ सूबोंमें (इनका) वचन प्रमाण करनेका फरमान दिया था। उसके पाटवीपुत्र दारासकी सुलताणने आपको 'युगप्रधान' पदका निसाण दिया था। सिन्धुड़ नेमीदास-पंचायणने प्रवेशोत्सव (शाही निसाणके साथ !) बड़े समारोहसे किया, सर्व महाजन संघको नालेरकी प्रभावना दी गई। सं० १७१० मालपुरेमें महोत्सवके साथ 'युगप्रधान' पद-स्थापन हुआ था।

आपके रचित अनेकों स्तवनादि उपलब्ध हैं। उनमेंसे कई दिल्लीसे (१ छोटासे ग्रन्थमें) यतिरामपालजीने प्रकाशित किये हैं।

आपके रचित कृतियोंमें १—सौभाग्यपंचमी चौ०, २—नवतत्ववाला० (श्राविका कनकादेवीके लिये रचित श्रीपूजजी सं० नं० ४११), ३—वहुत्तरी आदि मुख्य हैं। आपके लि० एक प्रति अजीमगंज भंडारमें है।

जिनरंगसूरिजीके पट्टधर आचार्योंकी नामावलीका क्रम इस प्रकार है :—जिनरंगसूरि-जिनचंद्रसूरि-जिनविमलसूरि-जिनललित-सूरि-जिनअक्षयसूरि-जिनचंद्रसूरि—जिननन्दिवर्द्धनसूरि-जिनजयशे-खरसूरि-जिनकल्याणसूरि-जिनचंद्रसूरिजीके पट्टधर जिनरत्नसूरि सं० १९९२ वै० व० १५ को लखनऊमें स्वर्ग सिधारे। इस शाखाकी गद्दी लखनऊमें है।

मंडोवरा शाखा

जिनमहेन्द्रसूरि

(पृ ३०२ से ३०४)

शाह रुघनाथकी पत्नी सुन्दरा देवीकी कुक्षिसे आपका जन्म हुआ था, श्रीजिनहर्षसूरिजीके आप पट्टधर थे। गीतमें कवि राजकरणने पूज्यश्रीके मरुदेश पधारने पर जो हर्ष हुआ और प्रवशोत्सवकी भक्ति की गई, उसका सुन्दर चित्र अंकित किया है। गहुंली नं० १में उदयपुर नरेशने आपको वहां पधारनेके लिये विनती स्वरूप परवाना भेजने और मेड़ते, अम्बेरगढ़, बीकानेर जैसलमेर संघकी भी विज्ञप्तियें जानेका सूचित किया है। एवं कविने अपनी ओरसे एक बार जोध-पुर पधारनेकी विनती की है।

आपके चरित्रके विषयमें विशेष विचार फिर कभी करेंगे। आपके पट्टधर जिनमुक्तिसूरिजीके पट्टधर जिनचंद्रसूरिजी अभी जयपुरमें विद्यमान हैं। उनके पट्टधर युवराज धरणेन्द्रसूरि विचरते हैं।

तपागच्छीयकाव्यसार

शिवचूला गणिनी

(पृ० ३३६)

पोरवाड़ गेहाकी पत्नी विल्हणदेकी कुक्षिसे जिनकीर्त्तिसूरि उत्पन्न हुए, उनकी वहिन प्रवर्तिनी राजलक्ष्मी थी।

सं० १४९३ वैशाख कृष्णा १४ को मेवाड़के देवलवाड़ेमें शिवचूला साध्वीको महत्तरा पद दिया गया, उस समय महादेव संघवीने महोत्सव किया, सोमसुन्दरसूरिने वासक्षेप दिया। रत्नशेखरको वाचक पद दिया गया। और भी पन्यास गणीश स्थापित किए एवं दीक्षा महोत्सव हुए। याचकोंको दान दिया गया, पताकाओंसे नगर सजाया गया और वाजित्र बजने लगे।

श्रीविजयसिंहसूरि

(पृ० ३४१ से ३६४)

कवि गुणविजयने सर्व प्रथम सिरोही मण्डण आदिनाथ, ओसवालोंके जिनालयमें श्रीहीरविजयसूरि प्रतिष्ठित श्रीअजितनाथ, शिवपुरीके स्वामी शान्तिनाथ, जीराउला तीर्थपति पार्श्वनाथ, बंभणवाड़ व वीरवाड़के मण्डन श्रीमहावीर एवं सरस्वती और गुरु श्रीकमलविजयके चरणोंमें नमस्कार करके श्रीहीरविजयसूरिके पट्टधर जेसिंघजी (विजयसेनसूरि) के पट्टाधीश विजयदेवसूरिके शिष्य विजयसिंहसूरिके विजयप्रकाश रासकी रचना प्रारम्भकी हैं, जिन्हें विजयदेवसूरिने अपने पट्टधर स्थापित किया था।

श्रीआदिनाथके पुत्र मरुदेवके बसाया हुआ मरु नामक देश है जहां ईति, भीति, अनीति, चोरी-चकारी और डकायतीका नामो-निशान भी नहीं है, वड़े-वड़े व्यापारी निवास करते हैं और वेरोक-टोक सत्राकार खोल रखे हैं। राजा लोग भी धर्मिष्ठ हैं, परमेश्वर की पूजा कराते हैं, जीवोंका "अमारि" नियम पलाते हैं एवं शिकार भी नहीं खेलते। वहांके सुभट शूर-वीर, लम्बी मूंछोंवाले हैं उनके हांथमें कृपाणी चमकतो है, व्यापारी प्रसन्न वदन रहते हैं और घर-घरमें सुभिक्ष सुकाल है।

जिस प्रकार मारवाड़ मोटा देश है वैसे वहांके कोश भी लम्बे हैं, निवासी भद्र प्रकृतिके हैं मनमें रोप नहीं रखते, कमरमें कटारी बांधते हैं। बणिक लोग भी जवरे योद्धा हैं हथियार धारण किये रहते हैं। रणभूमिमें पैर पीछा नहीं फेरते स्वधर्मियोंको धर्ममें स्थिर करते हैं। निष्कपट वृद्धाएं भी लम्बा घूंघट रखती हैं, सादगी जीवन और रसोईमें रावकी प्रधानता है, विधवाएं भी हाथमें चूड़ियां रखती हैं। वाहणमें ऊंठकी प्रधानता है, पथिक लोग जहां थकते हैं वही विश्राम लेते हैं परन्तु चोरीका भय नहीं है। शत्रुओंसे अभेद्य मार-वाड़के ये ६ कोट हैं :—१ मण्डोवर (जोधपुर) २ आबू ३ जालोर ४ बाहड़मेर ५ पारकर ६ जैसलमेर ७ कोटड़ा ८ अजमेर ६ पुष्कर या फलौदी।

धन्य है मंडोवर देश जहां मंडोवरा पार्श्वनाथ और फलवर्द्धि पार्श्वनाथका तीर्थ है, कवि कहता है कि उनके दर्शनोंसे मैं सफल और सनाथ हो गया।

मरु मंडलमें यशस्वी मेड़ता नगर है इसकी उत्पत्तिके लिये यह लोककथा प्रसिद्ध है कि जैसे जैनशासनमें भरतादि चक्रवर्ती हुए वैसे शिवशासनमें मान्धाता नामक प्रथम चक्री हुआ उसकी माताका देहान्त हो जानेसे वह इन्द्रकी देखरेखमें बड़ा होकर महाप्रतापी चक्रवर्ती हुआ उसका आयुष्य कोड़ा कोड़ी वर्षोंका था। उसके लिये कृत युगमें इन्द्रने राज्य स्थापना करके मेड़ता नगर बसाया।

मेड़ता नगर अति समृद्धिशाली था, सरोवरादिका वर्णन कविने रासमें अच्छा किया है। निकटवर्ती फलवर्द्धि पार्श्वनाथका तीर्थ महामहिमाशाली है, पोप दसमीको मेलेमें जहां एक लाख जनता एकत्र होती है—दूर-दूर देशोंसे यात्री आते हैं।

उस मेड़तेमें ओसवाल जातिके चोरड़िया गोत्रीय शाह मांडण का पुत्र नथमल निवास करता था, उसकी पत्नीका नाम नायकदे था। उसके घरमें लक्ष्मीका निवास था सामग्री भरपूर थी, (उसकी) दादी फूलां धर्म कार्योंमें धनका अच्छा सदुपयोग किया करती थी। नथमलके १ जेसो २ केसो ३ कर्मचन्द ४ कपूरचन्द और ५ पंचायण नामक पांच पुत्र थे, पांचो पुत्रोंमें तृतीय कर्मचन्द हमारे चरित्र नायक हैं उनका जन्म वि० सं० १६४४ (शक १५०६) फाल्गुन शुक्ला २ रविवारको उत्तरभद्रपदाके चतुर्थ चरण और राजयोगमें हुआ था।

एकबार रात्रिमें सेठ नथमल सुख शय्यापर सोये हुए थे, जागृत होकर संसारके सुखोंके मिलनेका कारण विचार करते हुए वैराग्य वासित होकर सुगुरुका संयोग प्राप्त होनेपर कृत पापोंकी-आलोयणा लेनेका विचार किया। दैवयोगसे तपा-गच्छके श्रीकमलविजयजी म०

५५ ठाणोंसे विचरते हुए मेड़ता पधारे, उनके समक्ष श्रेष्ठिने आकर आलोयणा लेनेकी इच्छा प्रगट करनेपर मुनिवरने गच्छनायकसे आलोयणा लेनेकी राय दी परन्तु आखिर नथमलजीका अत्याग्रह देखकर २१ अष्टम तप और बहुतसे बेले और उपवासोंकी आलोयणा दी।

आलोयणाके अनन्तर विशेप वैराग्य वासित होकर अपनी स्त्री नायकदे और भ्राता सुरताणको भी महाव्रत लेनेके लिए उपदेश देकर, दीक्षाका परामर्श किया, सबके साथ२ कर्मचन्द आदि पुत्रोंने भी स्वीकृति दी। सेठने गच्छनायकके मिलनेपर दीक्षा लेना निश्चित किया।

इसी अवसरपर लाहोरमें दो चातुर्मास करके विजयसेनसूरि मेड़ता पधारे। नाथू शाह पांचो पुत्रोंके साथ गुरुश्रीको वन्दनार्थ आया। शुभ लक्षणवाले कर्मचन्दको देखकर गच्छनायकने सोचा कि अगर यह चरित्र ले, तो बड़ा विचक्षण होगा। गुरुश्रीने नाथू शाहसे कहा कि अभी हम हीरविजयसूरिजीके दर्शनार्थ जा रहे हैं तुम यथावसर कर्मचन्द्रादिके साथ आ जाना, ऐसा कहकर मेड़तासे सादड़ी, पर्युषणाके पारणेपर राणकपुर, वरकाणा तीर्थकी यात्रा करते हुए जालोर पधारे वहां कमलविजयजीने उन्हें वन्दना की, बीजोवाका संघ भी आया। वहांसे विहारकर श्री विजयसेनसूरि सिरोही होकर पाटण पधारे और हीरविजयसूरिजीका निर्वाण हुआ जानकर वहीं ठहरे।

इधर मेड़तेमें कर्मचन्द आदि दीक्षाकी तैयारियां करने लगे, बहुतसे धर्मकृत्योंको करते हुए जेसा और पञ्चायणको गृह भार संभलाकर १ नाथू २ सुरताण ३ कर्मचन्द्र ४ केसा ५ कपूरचन्द्र

(६ नायकदे) ६ व्यक्तियोंने सं० १६५२ माघ (शुक्ला) २ को पाटणमें विजयसेनसूरिके पास दीक्षा ग्रहण की। उनके दीक्षाके नाम इस प्रकार रखे गए—नाथू = नेमविजय, सुरताण = सूरविजय, कर्मचन्द्र = कनकविजय, केशा = कीर्तिविजय, कपूरचन्द्र = कुंवर-विजय, इनमें कनकविजयको सुयोग्य समझकर विजयसेनसूरिने स्वशिष्य विजयदेवसूरिको सौंप दिया, उन्होंने इनको विद्याध्ययन कराया, श्रीविजयसेनसूरिने अहमदाबादमें सं० १६७० में पंडितपद से विभूपित किया। वीसा और वदाने महोत्सव किया। खंभातमें श्रीविजयसेनसूरिका स्वर्गवास हो जानेसे उनके पट्टधर विजयदेव-सूरि हुए, उन्होंने सं० १६७३ में पाटणमें चौमासा किया, पोप वदी ६ को लाली श्राविकाने इनके हाथसे प्रतिष्ठा करवाई, इसी समय कनकविजयको उपाध्याय पद भी दिया गया।

सम्राट जहांगीर विजयदेवसूरिसे माण्डवगढ़में मिले और प्रसन्न होकर "महातपा" पद दिया। विजयदेवसूरिने गुर्जर देशमें विहार करते हुए श्री शत्रुंजयकी यात्रा की, उसके पश्चात् दो चौ-मासे दीवमें करके गिरनारकी यात्रा कर नवानगर पधारे, वहां संघने २०००) जामी व्ययकर साम्हेला किया। तत्पश्चात् उन्होंने पुनः शत्रुंजयकी यात्राकर खंभात चातुर्मास किया, वहां तीन प्रतिष्ठाओंमें चौदह हजार खर्च हुए। वहांसे माघ शुक्ला ६ को सावली पधारे। ३ मास तक मौन रहे, वहां सोनी रतनजीने अमारि पालन कराई, उस समय उ० कनकविजयजी ही व्याख्यान देते थे। गुरुने बहुतसे छट्ठ अट्ठमादि किए और वे आंबिल करके पूर्वदिशिकी ओर ध्यान

किया करते थे। सूरि मंत्रके आराधनसे वैशाखमें स्वप्नमें देवने कनकविजयजीको पद स्थापनका निर्देश किया, उसके वाद पूज्य सावली और ईडर पधारे। वहां दो चौमासे किये, प्रासाद प्रतिष्ठा हुई। उसके वाद राजनगर चातुर्मास करके एक चातुर्मास वीवीपुरमें किया। चातुर्मासके अनन्तर सीरोहीके पंजावत तेजपाल और राय अखैराजके पोरवाड़-मंत्री तेजपालने गुरु वन्दना की, गुरुश्री पुनः श्री सिद्धाचलजीकी यात्राकर कमीपुर पधारे। तेजपालने पारस्परिक झगड़ा मिटाकर मेल कर लेनेको विज्ञप्ति की उन्होंने भी स्वीकार कर समझौतेका पत्र लिखा, आचार्य विजयानन्दसूरि उ० नन्दि-विजय वा० धनविजय, धर्मविजय आदिने विजयदेवसूरिकी पुनः आज्ञा शिरोधार्य की, तेजपाल पूज्यश्रीको सिरोही पधारनेकी विज्ञप्तिकर वापिस आ गया। पूज्यश्री राजनगरसे विहारकर ईडर आये, वहां तपागच्छीय संघके आग्रहसे श्री उ० कनकविजयजीको वै० शु० ६ सोमवारको पुष्प नक्षत्रके दिन सूरिपद देकर स्वपट्ट पर स्थापन किया। उस समय ईडर संघ मुख्य सोनपाल, सोमचन्द्र, सूरजीके पुत्र सादूल, सहसमल, सुन्दर, सहेजू, सोमा, धनजी मन-जी, इन्दुजी और अमीचंद, राजनगरके संघवी कमलसिंह, अहमद-पुरके पारख बेलाके पुत्र चांपसी, पारख देवजी, सूरजी, थानसिंह, रायसिंह, सा०भामा, तोला, चतुर्भुज, सिंह, जागा, जसु, जेठा—जो गुरुश्रीके भाई थे, कोठारी वच्छराज, रहीआ, कर्मसिंह, धर्मसी, तेजपाल, अखयराज मंत्री समरथ मं० लखू भीमजी, भामा, भोजा, फड़िया मालजी भाणजी लखा चौथिया, गांधी वीरजी, मेवजी

सा० वीरजी, देवकरण, पारख जस्सू, भाणजी, सूरजी, तेजपाल इत्यादि ईडरका संघ सम्मिलित हुआ इसी प्रकार द्यावड़ और अहिमनगरका संघ एवं सावलीका संघ पदमसी, चांदसी आदि एकत्र हुए, सा० नाकर पुत्र सहजूने चतुर्विध संघके साथ पद प्रदानके लिये तपागच्छ नायकको एवं उ० धर्मविजय वा० लावण्यविजय वा० चारित्रविजय पं० कुशलविजय इन चारोंको बुलाया गया। पदस्थापनाके अनन्तर कनकविजयका नाम विजयसिंहसूरि रखा गया, पं० कीर्तिविजय, लावण्यविजयको वाचकपद और अन्य ८ साधुओंको पंडित पद दिया गया। इस उत्सवमें सहजूने पांच हजार महम्मदी व्यय किये, ईडर नरेश कल्याणमल प्रसन्न हुए। ज्येष्ठ मासमें बिम्ब प्रतिष्ठा हुई, शाह रइयाने उत्सव किया, दूसरे पक्षमें अमराउतने सुयश लिया, पारख देवजीके घर पूज्यश्रीने प्रतिष्ठा की, इस प्रकार सं० १६८१में बड़े ही आनन्दोत्सव हुए। राय कल्याणने दोनों आचार्योंको ईडरमें चौमासेके लिए रखा।

सीरोहीके शाह तेजपालकी विज्ञप्तिसे चैत्र मासमें सूरिजी आबू पधारे, सं० मेहाजल दोसी, जोधा सन्मुख आए। आबूकी यात्राकी। बंभणवाड़के वीर प्रभुकी यात्रा कर चातुर्मासार्थ सीरोही पधारे। सा० तेजपालादिने बहुतसे सुकृत किये। इसी समय विजयादशमी सं० १६८३ को यह विजयप्रकाश रास कमलविजयके शिष्य विद्या-विजयके शिष्य गुणविजयने रचा।

ऐतिहासिक सज्झायमाला भा० १ पृ० २७ (सज्झाय नं० ३४ लालकुशलकृत) में कई बातोंका अन्तर व विशेषताएं हैं।

१ पुत्रोंके नाममें ५ वें पंचायणके स्थानमें प्रथम जेठाका नाम है।

२ पांचही व्यक्तियोंके दीक्षा लेनेका लिखा है, सुरताण-सूरविजय का उल्लेख नहीं है। नायकदेका दीक्षा नाम नयश्री लिखा है, एवं दीक्षा सं० १६५४ लिखा है।

विशेष—सं० १६८४ पौष शुक्ल ६ बुधवार जालोरके मंत्री जयमलने गुणानुज्ञाका नन्दिमहोत्सव कराया, उस समय जससागर के शिष्य जयसागरको और विजयसिंहसूरिके भाई कीर्तिविजयको वाचक पद दिया। आचार्य विजयसिंहसूरिने राणा जगतसिंहको प्रतिबोध दिया, मेड़तेमें आगरा निवासी बादशाहके मुख्य व्यवहारी हीराचंदकी भार्या मनीने इनके हाथसे प्रतिष्ठा कराई, इसी प्रकार किसनगढ़में राठौर रूपसिंहके महामन्त्री रायसिंहके आग्रहसे चातुर्मास कर प्रतिष्ठा की। सं० १७०६ असाढ़ सुदि २ अहमदाबादके नवीनपुरामें उनका स्वर्गवास हुआ।

संक्षिप्त कविपरिचय

अक्षरानुक्रमसे कवियोंके नामोंकी सूची

अभयतिलक (३०) जिनपतिसूरि पट्टधर जिनेश्वरसूरिके शिष्य थे, आपके रचित १ सं० १३१२ पालणपुरमें हेमचंद्रसूरिकृत द्व्याश्रय (२० सर्ग) काव्यवृत्ति २ न्यायालङ्कार टिप्पन (पंचप्रस्थ न्यायतर्क व्याख्या) ३ वीररास (सं० १३१७) विशेष परिचय देखें :—जैनयुग वर्ष २ पृ० १५६ ला० भ० का लेख।

१ अभैविलास (४१३) श्रीपालचरित्र कर्ता जयकीर्त्तिजीके शिष्य प्रतापसौभाग्यजीके आप शिष्य थे। आपकी परम्परामें अभी कृपाचंद्रसूरि विद्यमान हैं।

२ आनन्द (१७७)।

३ आनन्दविजय (२०६)।

४ आलम (३३८) कविवर समयसुन्दरकी परम्परामें आसकरणजीके शिष्य थे, आप अच्छे कवि थे, आपके रचित १ मौन एकादशी चौ० (१८१४ मकसूदाबाद) २ सम्यक्त्व कौमुदी चौ० ३ जीवविचारस्तवन आदि उपलब्ध हैं।

५ कनक (१३४) आप सम्भवतः उ० क्षेमराजजीके शिष्य थे, आपका पूरा नाम 'कनकतिलक' होगा।

६ कल्याणकमल (१००)—देखें :—युगप्रधान जिनचन्दसूरि पृ० १७२।

७ कल्याणचंद्र (५२) कीर्तिरत्नसूरिजीके शिष्य थे। सं० १५१७में सूरिजीसे आपने आचारांगकी वाचना ली जिसकी प्रति जे० भं० में (नं० २) अब भी विद्यमान है।

८ कल्याणहर्ष (२४७)

९ कविदास (१७४)

१० कवीयण (२६३-२९२)।

११ कनकसिंह (२४३) शिवनिधान शिष्य, देखें यु० जि० सू० पृ० ३१३।

१२ कमलरत्न (२३३) देखें यु० जि० सू० पृ० ३१५।

१३ कमलहर्ष (२४०) श्रीजिनराजसूरि शिष्य मानविजयजी के आप शिष्य थे, आपके रचित :—१ पांडवरास (१७२८ आ० व० २ र० मेड़ता) २ धना चौ० (१७२५ आ० सु० ६ सोजत) ३ अंजना चौ० (१७३३ भा० सु० २) ४ रात्रि भोजन चौ० (१७५० मि० लूणकरणसर) ५ आदिनाथ चौढ़ा० ६ दशवैकालिक सझायें इत्यादि उपलब्ध हैं।

१४ कनकधर्म (२९९)।

१५ कनकसोम (९०-१४४) देखें यु० जिनचंद्रसूरि पृ० १९४

१६ करमसी (२४७)

१७ कीर्तिवर्द्धन (३३३) जिनहर्ष (आद्यपक्षी) सूरिजीके शिष्य दयारत्न (कापरहेडारास कर्त्ता १६६५) के आप शिष्य थे, आपके रचित सदयवच्छसावलिंगा चौ० (१६६७ विजयदशमी) प्राप्त है।

१८ कुशलधीर (२०७) देखें युगप्रधान जिनचंद्रसूरि पृ० १६४।

१६ कुशललाभ (११७) ,, ,, ,, ,, १६६।

२० खइपति (१३८)

२१ खेमहंस (२१७) क्षेमकीर्ति (शाखाके आदि पुरुष) जीके शिष्य थे, आपकी रचित मेघदूत दीपिका उपलब्ध है। जयसोम, गुण-विनय आपहीकी परम्परामें थे।

२२ खेमहर्ष (२४२-४३) आपके रचित कई स्तवन हमारे संग्रहमें हैं।

२३ गुणविजय (३६४) आपके रचित १ विजयप्रशस्ति काव्यके अन्तिम ५ सर्गमूल और समग्रग्रन्थपर टीका २ कल्प; कल्पलता टीका ३ सातसौ बीस जिन स्त० आदि उपलब्ध हैं।

२४ गुणविनय (६३-६६-१००-१२५-१७२-२३०) देखें यु० जिनचंद्रसूरि पृ० २००।

२५ गुणसेन (१३६) सागरचंद्रसूरि शाखाके वा० सुखनिधानजी के आप शिष्य थे आपके रचित कई स्तवन हमारे संग्रहमें हैं। आपके यशोलाभ नामक शिष्य थे जो अच्छे कवि थे।

२६ चारित्रनंदन (२६७)।

२७ चारित्रसिंह (२२५) देखें यु० जिनचंद्रसूरि पृ० १६७।

२८ चन्द्रकीर्ति (४०६) देखें यु० जिनचंद्रसूरि पृ० २०८।

२९ जयकीर्ति (३३४) कविवर समयसुन्दरजीके शि० वादी हर्षनंदनजीके शिष्य थे।

३० जयकीर्ति द्वि० (४११-१२) आप कीर्त्तिरत्नसूरि शाखाके अमरविमल शि० अमृत सुन्दरजीके शिष्य थे, आपके रचित १ श्रीपाल चारित्र (१८६८ जेसलमेर) २ चैत्रीपूनम व्याख्यान आदि उपलब्ध हैं।

३१ जयनिधान (१४५) देखें यु० जिनचंद्रसूरि पृ० २०९।

३२ जयसोम (११८) देखें यु० „ पृ० १९७।

३३ जल्ह (१३८)।

३४ जिनचन्द्रसूरि (४१८) उसी ग्रन्थमें राससार पृ० २९९

३५ जिनसमुद्रसूरि (३१५-१६) देखें इसी ग्रन्थमें राससार पृ० ७५

३६ जिनेश्वरसूरि (४३०) वेगड़ गुणप्रभसूरि शि०

३७ देवकमल (१३९) इनका नाम जइतपदवेलिमें आता है अतः साधुकीर्तिजीके गुरु-भ्राता होना सम्भव है।

३८ देवचंद (२९४)।

३९ देवीदास (१४७)।

४० धर्मकलश (१९)।

४१ धर्मकीर्ति (१८९) देखें यु० जिनचंद्रसूरि पृ० १८३।

४२ धर्मसी (२५०-५२) देखें राजस्थान पत्र वर्ष २ अंक २ में प्र० मेरा लेख।

४३ नयरंग (२२६) देखें यु० जिनचंद्रसूरि पृ० १९५।

४४ नेमिचंद भंडारी (३७२) षष्टीशतक कर्त्ता, जिनपति शिष्य जिनेश्वरसूरिके पिता।

४५ पुण्यसागर (५) देखें यु० जिनचंद्रसूरि पृ० १८८।

४६ पुण्य (३३७) यथासम्भव आप समयसुन्दरजीके परम्परामें (कविवर विनयचंद्रके प्रगुरु) होंगे और पूरा नाम (पुण्यचंद शि०) पुण्यविलास होगा।

४७ पदमराज (६७) देखें यु० जिनचंद्रसूरि पृ० १६०।

४८ पद्ममन्दिर (५६) आपके रचित १ प्रवचनसारोद्धार वाला० (१५६३) उपलब्ध है।

४६ पहराज (४०)

५० पल्ह (३६८) इनका नामोल्लेख चर्चरी टीका (अपभ्रंश काव्यत्रयी पृ० १२) में आता है, आप दिगम्बर भक्त और (जिन दत्तसूरिके) अभिनवप्रबुद्ध श्राद्ध थे, लिखा है।

५१ भत्तउ (६)।

५२ भक्तिलाभ (५४) उ० जयसागरजीके शि० रत्नचंद्रजीके आप सुशिष्य थे, आपके रचित १ कल्पांतरवाच्य २ लघुजातक कारिका-टीका (१५७१ विक्रमपुर) ३ जीरावला पार्श्वस्त० संस्कृत स्तोत्र प० ३, ४ सीमंधरस्तवनादि उपलब्ध हैं। आपके शि० चारुचंद्रजी कृत १ उत्तम कुमारचरित्र २ रतिसार चौ० ३ हरिबल चौ० (१५८१ आ० सु० ३) ४ नंदनमणियारसन्धि (१५८७) आदि उपलब्ध हैं आपकी परम्परामें श्रीबलभोपाध्याय हो गये हैं, देखें यु० चरित्र पृ० २०३।

५३ महिमा समुद्र (४३१-३२) बेगड़शाखा

५४ महिमहर्ष (४३२) वेगड़ शाखा, अच्छे कवि थे।

५५ महिमाहंस (३००)

५६ माइदास (३१८)

५७ माणक (२६४)

५८ माधव (३३६)

५९ मेरुनन्दन (३९९) जिनोदयसूरि आपके दीक्षागुरु थे। आपके रचित अजितशान्तिस्तवनादि उपलब्ध है।

६० रयणशाह (७)

६१ रत्ननिधान (१०३-१२३) देखें यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० १०४

६२ राजकरण (३०३-३०४)

६३ राजलछी (३४०)

६४ राजलाभ (२५५-२५७) देखें यु० जिनचंद्रसूरि पृ० १७३

६५ राजसमुद्र (१३२) आचार्य पदके अनन्तर नाम जिन-राजसूरि, देखें इसी ग्रन्थमें राससार पृ० २२

६६ राजसुन्दर (३२०) प्रशस्तिसे स्पष्ट है कि आप (जिन-सिंहपट्टे) पिप्पलक जिनचन्द्रसूरिजीके शिष्य थे।

६७ राजसोम (१४९) कविवर समयसुन्दरजीके शि० हर्षनन्दन शि० जयकीर्त्तिजीके शिष्य थे। आपके रचित श्रावकाराधना (भाषा) २ कल्पसूत्र (१४ स्वप्न) व्याख्यान (सं० १७०६ श्रा० सु० ६ जेसलमेर, जिनसागरसूरि शि० जसवीर पठ०) ३ इरियाविही मिथ्यादुष्कृतस्त०बाला० ४ फारसी स्त० आदि उपलब्ध है।

६८ राजहंस (२३१)

६९ रूपहर्ष (२४१) आप राजविजयजीके शिष्य थे।

७० लब्धिकल्लोल(७८-१२१-१२२)देखें यु०जिनचन्द्रसूरि पृ० २०९

७१ लब्धिशेखर (९८)

७२ ललितकीर्त्ति (२०७-४०५) देखें यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० २०९

७३ लाधशाह (३२१) कडुआमती (कडुवा-खीमो-वीरो-जीवराज तेजपाल-रतनपाल—जिनदास-तेज-कल्याण-लधुजी थोभणशि०) थे। आपके रचित, १ जम्बूरास (१७६४का० सु० २ गुरु सोहीगाम) २ सूरत चैत्य परिपाटी (१७९३ मि० ब० १० गु० सूरत) ३ पृथ्वी-चन्द्रगुणसागर चरित्रवाला० (१८०७ मि० सु०५ रवि० राधणपुर) प्राप्त है।

७४ वसतो (२९५) आपके रचित् १ लोद्रवास्त० (१८१७ मि० व ५ र०) २ वीशस्थानक स्त० गा० १९, ३ रात्रिभोजन सझाय, ४ पार्श्वनाथ स्तवनादि उपलब्ध है।

७५ विमलरत्न (२०८)

७६ विद्याविलास (२४५) आपके रचित कई संस्कृत अष्टक आदि हमारे संग्रहमें है।

७७ विद्यासिद्धि (२१४)

७८ वेलजी (२५१)

७९ श्रीसार (६१-६४) देखें युगप्रधान जिनचन्दसूरि पृ० २०७

८० श्रीसुन्दर (१७१) „ „ पृ० १७२

८१ समयप्रमोद (८६-९६) देखें यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० १७२

८२ समयसुन्दर (८८-१०६-७-८-९-२६-२७-२८-२९-३१-

२००-२२७) देखें उपरोक्त पृ० १६७ और राससार पृ० ४५।

८३ समयहर्ष (२५४)

८४ सहजकीर्ति (१७५-७६) देखें यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० २०६

८५ सारमूर्त्ति (२३)

८६ साधुकीर्त्ति(६२-६७-४०४)देखें यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० १६२

८७ सुखरत्न (१४६)

८८ सुमतिकाल्लोल (६४) „ पृ० १०५

८९ सुमतिवल्लभ (१६८)

९० सुमतिविजय (१७७)

९१ सुमति विमल (२५०)

९२ सुमतिरंग (४१०-४२१) देखें यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० ३१५

९३ विवेकसिद्धि (४२२)

९४ सोमकुंजर (४८) आप उ० जयसागरजीके विद्वान शिष्य थे। विज्ञप्तित्रिवेणी पृ० ६१ से ६३) में आपके रचित कई अलंकारिक पद्य भी पाये जाते हैं।

९५ सोममूर्त्ति (३८७) जिनपतिसूरि शि० जिनेश्वरसूरिजीके आप सुशिष्य थे और उ० अभयतिलकजीके आप सतीर्थ थे। देखें जैनयुग वर्ष २ पृ० १६४।

९६ हर्षकुल (५७) महो०-पुण्यसागरजीके शिष्य थे, उल्लेख यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० १६०

९७ हर्षचन्द (२४६) रूपहर्ष शि०, आपके रचित अन्य एक गहुंली भी संग्रहमें है।

९८ हर्षनन्दन(१२४-३२-३३-१४६-२०१-२०३)देखें यु०पृ० १७१

९९ हर्षवल्लभ (४१७) देखें यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० १८५

१०० सेवकसुन्दर (४२०)

१०१ हेमसिद्धि (२११-१३)

१०२ क्षमाकल्याण (२६६-३०६-७) देखें इसी ग्रन्थमें राससार पृ० ६४

१०३ ज्ञानकलश (३२६)

१०४ ज्ञानकुशल (३३२)

१०५ ज्ञानहर्ष (३३५-३७८) देखें यु० जिनचन्द्रसूरि पृ० ३०५

कवियोंके नामके आगे प्रस्तुत संग्रह (मूल) के पृष्ठोंकी संख्या दी गई है। कइ कवि एकही नामसे एकही समयमें कइ हो गये हैं अतः संदिग्ध परिचय देना उचित नहीं ज्ञात हुआ ।

ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह

प्रगट प्रभावी योगीन्द्र युगप्रधानजी जिनदत्त सूरिजी

(जैसलमेर भाण्डागारीयप्राचीन ताडपत्रीय
प्रतिके काष्ठफलकपर चित्रित)

॥ अर्हम् ॥

॥ श्री गुरु गुण षट्पद ॥

जिणवल्लह-पमुहाणं, सुगुरूणं जो पढेइ वर-कप्पं ।
मंगल-दीवंमि कए, सो पावइ मंगलं विमलं ॥१॥

इग्यारह सइ सट्ठसत्त समहिय संवछरि ।
आसाढइ सिय छट्ठि चित्तकोटंमि पवरपुरि ।
महावीर जिणभवणिट्ठिय संठिउ जिणवल्लह ।
जिणि उज्जोयउ चंदु गच्छु पंडिय जिणवल्लह ।
गुरु तक्क कव्व नाडय पमुह, विज्जा वास पसिद्ध घर ।
परिहरवि आवि विहि पयड़ कइ, पुहवि पसंसिजइ सुपरपरि ॥१॥

इग्यारह गुणहत्तरइ किसण वैसाख छट्ठि दिणि ।
चित्तउड़ह वर नयरि संघु मिलियउ आणंदिणि ।
वद्धमाण जिणभवणि भयउ तहि घणउ महोछवु ।
देवभद्दि संठियउ सूरि जिणदत्त सुनिछवु ।
आयस पुणंति सूरि भिछ, जिम झाण नाण संतुट्ठ मण ।
जिणदत्त सूरि पहु सुर गुरवि, थुणवि न सक्कउं तुम्ह गुण ॥ २ ॥

अज्जवि जसु जस पसरु महि छहखंड धरत्तिहि ।
अज्जवि जसु गुण नियरु थुणहि पंडिय बहु भत्तिहि ।
अज्जवि सुमरिज्जंतु विग्घत्तु अवहरइ पवित्तण ।
नाम ग्रहणि कुणंति जसु अज्जवि भवियण दिण ।

अज्जवि जु देवु लोइ ट्ठियउ, संघ मणछिउ देइ फलु ।
जिणदत्त सूरि पहु सुरगुरूवि, धम्मु पयासिउ जिण अमलु ॥३॥
अभयदाणु जिणि दिनु सयल संवह विक्कमपुरि ।
किय पयट्ठ जिण उसभ भुवणि वहुविह उछवु भरि ।
जिणि पडिवोहउ कुमरपालु नरवय तिहुयण गिरि ।
पंचसत्त मुणि नेमि जेणि वारिउ देसण करि ।
उज्जेणी वक्कु जोइणि तणउं, जिणि पडिबोहउ झाण वलि ।
जिणदत्त सूरि पहु सुरगुरवि, हुयउ न होइ सइ इत्थु कलि ॥ ४ ॥
बारह पंचुत्तरइ धवल वैसाख छट्ठि दिणि ।
सइ जिणदत्त मुणिंद ठविउ जिनचंदु पट्टि तहि (? जिणि) ॥
विक्कमपुरि जिण वीर भुवणि वादिय मणु मोहइ ।
गणहरु जेम सुहंम सामि भवियण दिण बोहइ ।
जिणचन्द सूरि जसु चन्दु सम, अज्जवि उज्जोयइउ गयणु जिणि ।
.... ॥ ५ ॥
बारह सइ तेवीस समइ कत्तिय सिय तेरसि ।
बबेरपुरि ठविउ सूरि जिणपत्ति महा रिसि ॥
मंतुं दिनु जयदेव सूरि सूरहि सुपवित्तिण,
....
अत्थाणु पहुविरायह तणउ जिणि रंजवि जयपत्तु लियउ ।
खरहरय सद्दि जगि पयडिउ, जुग पहाणु पहुविप्पयउ ॥ ६ ॥
बारअठ्ठहतरइ माह सिय छट्ठि भणिज्जइ ।
जिणेसर सूरि पइसरइ संघु सयलु विविह सज्जइ ।

सूरिमंतु सिरि सव्वएवसूरहि जसु दिनउ ।

जालउरहि जिणवीर भुवणि वहु उच्छव (की) नउ ॥

कंसाल ताल झलरि पडह, वेण वंसु रलियामणउ ।

सुपढंति भट्ट सुंमहि गहिर, जय जय सद्द सुहावणउ ॥७॥

जिणवल्लह जिणदत्त सूरि जिणचंदु जु जिणवइ ।

तुय सुव्वइ आसीस दिंति जिणेसरसूरि मुणिवइ ।

उयहि जाम जलु रहइ गयणि जाम मह दिणेसरु ।

ताम पयासिउ सूरि धंमु जुगपवरु जिणेसरु ॥

विहि संघु स नंदउ दिणणदिणु, वीर तित्थु थिरु होउ धर ।

पूजन्ति मणोरह सयल तहि, कव्वद्व पढंति नारि नर ॥ ८ ॥

[इति पटपदम्]

॥श्री जिणदत्तसूरि स्तुति॥

सिरि सुयदेवि पसाउ करे, गुरु श्रीजिणदत्त सुरि।
वन्निसु खरतर गण गयणि, सूरि जेम गुण पूरि ॥ १ ॥
संवत इग्यारह वरसि, वतीसइ जसु जम्म।
वाछिग मंत्री पिता जणणि, वाह (ड़) देवि सुरम्म ॥ २ ॥
इगतालइ जिणव्रय गहिय, गुणहुत्तरइ जसु पाट।
वइसाखइ वदि छट्ठि दिणि, पय पणमी सुर घाट ॥ ३ ॥
अंबड सावय कर लिहिय, सोवन अखर अंबि।
जुग पहाण जगि पयडियउ ए, सिरि सोहम पडिबिंब ॥४॥
जिण चोसठि जोगिणी जितिय, खित्तवाल बावन्न।
डाइणि साइणि विभूसीय, पहुवइ नाम न अन्न ॥ ५ ॥
सूरि मंत्र बलि कर सहिय, साहिय जिण धरणिंद।
सावय सविय लख इग, पडिबोहिय जण वृन्द ॥ ६ ॥
अरि करि केसरी दुट्ठदल, चउविह देव निकाय।
आण न लोपि कोइ जगि, जसु पणमइ नरराय ॥ ७ ॥
संवत वारह इग्यार समइ, अजयमेरुपुर ठाण।
इग्यारसि आसाढ़ सुदि, सग्गिपत्त सुह झाणि ॥ ८ ॥
श्री जिणवल्लह सूरि पए, श्रीजिणदत्त मुणिंदु।
विग्घ हरण मङ्गलकरण, करउ पुण्य आणंदु ॥ ९ ॥

श्री पुण्यसागर कृत

॥ श्रीजिनचन्द्रसूरि अष्टकम् ॥

श्रीजिनदत्त सुरिन्दपय, श्रीजिनचन्द्र मुणिन्द ।
नय (?)र मणि मंडित भाल यस, कुसल कुमुद वणचंद॥१॥

संवत सिव सत्ताणवयं, सदट्ठमि सुदि जम्मु ।
रासल तात सुमातु जसु, देल्हण देवि सुधम्म ॥ २ ॥

संवत वार तिरोत्तरय, फागुण नवमि विशुद्ध ।
पंच महव्वय भरि धरिय, बालत्तणि पडिवुद्ध ॥ ३ ॥

वारह सइ पंचोतरइ ए, वैशाखाह सुदि छट्ठि ।
थापिउ विक्कमपुर नयरि, जिणदत्त सूरि सुपट्टि ॥ ४ ॥

तेविसइ भाद्रव कसिणि, चवदसि सुह परिणामि ।
सुरपुरि पत्तउ मुणिपवर, श्री जोयणिपुर ठामि ॥ ५ ॥

सुह गुरु पूजा जह करइ ए, नासय तासु किलेस ।
रोग सोग आरति टलइ ए, मिलइ लच्छि सुविशेष ॥६॥

नाम मंत्र जे मुख जपइ ए, मणु तणु सुद्धि तिसंझ ।
मनवंछित सवि तसु हुवइं, कज्जारंभ अबंझ ॥ ७ ॥

जासु सुजसु जगि झिगमिगै ए, चंदुज्जल निकलंक ।
प्रभु प्रताप गुण विप्फुरइ, हरइ डमर अरि संक ॥ ८ ॥

श्री 'जिनहंस सूरि' मुनि पुंगव श्री 'जिनमाणिक्क सूरि' शशी ॥३॥
तसु पदि परिगडउ रे, गुण मणि रोहण सोहइ ।
'रीहड' कुलतिलउ रे, सकल सुजन मन मोहइ ।
मोहइ वचन विलास अमृत रस, 'श्रीवंत' साह जनेता ।
'सिरियादे' उरि रत्न अमूलक, श्री खरतर गच्छ नेता ।
"नयरंग" भणइ विसद विधि वेदी, संघ सहित निरदंदी ।
श्री 'जिनचन्द' सूरि सूरीश्वर, चिर नन्दउ आणन्दी ॥ ४ ॥

——*——

कविवर समयसुन्दर कृत

(४) खरतर गुरु पट्टावली

प्रणमी वीर जिणेसर देव, सारइ सुरनर किन्नर सेव।
श्री 'खरतर' गुरु पट्टावली, नाम मात्र प्रभणुं मन रली ॥ १ ॥
उदयउ श्री 'उद्योतन' सूरि, 'वर्द्धमान' विद्या भर पूरि।
सूरि 'जिणेसर' सुरितरु समो, श्री 'जिनचन्द सूरीश्वर' नमइ ॥२॥
अभयदेव सूरि सुखकार, श्री 'जिनवल्लभ' किरिया सार।
युगप्रधान 'जिनदत्त सूरिंद', नरमणि मंडित श्री 'जिनचंद' ॥३॥
श्री 'जिणपति' सूरिश्वर' राय, सूरि जिगेसर प्रणमुं पाय।
'जिनप्रबोध' गुरु समरूं सदा, श्री 'जिनचन्द' मुनीश्वर मुदा ॥४॥
कुशल करण श्री 'कुशल' मुणिंद, श्री 'जिनपद्म सूरि' सुखकंद।
लब्धिवंत श्री 'लब्धि' सूरीस, श्री 'जिनचंद' नमुं निसदीस ॥५॥
सूरि 'जिनोदय' उदयउभाण, श्री 'जिनराज' नमुं सुविहाण।
श्री 'जिनभद्र' सूरीश्वर भलउ, श्री 'जिनचंद सकल गुण निलउ ॥६॥
श्री 'जिनसमुद्र सूरि' गच्छपती, श्री 'जिनहंस' सूरिश्वर यती।
'जिनमाणकसूरि' पाटे थयउ, श्री 'जिनचंद सूरिश्वर जयो ॥७॥
ए चउवीसे खरतर पाट, जे समरइ नर नारी थाट।
ते पामइ मनवंछित कोडि, 'समयसुंदर' पभणइ करजोडी ॥८॥

इति श्री खरतर २४ गुरु पट्टावली समाप्ता लिखिताच पं० समय-सुंदरेण ॥ सुन्दर बड़े बड़े अक्षरों में लिखित।

(जय० भं० नं० २५ गुटका)

कविवर गुणविनय कृत

(५) खरतरगच्छ गुर्वावली

प्रणमुं पहिली श्री 'वर्द्धमान', बीजो श्री 'गौतम' शुभ वान ।
त्रीजो श्री 'सुधरम' गणधार, चोथो 'जंबू' स्वामि विचार ॥१॥
पंचम श्री 'प्रभव' प्रभु थुंणुं, श्री 'शय्यंभव' छठो भणुं ।
'यशोभद्र' सत्तम गणधार, श्री 'संभूतिविजय' सुखकार ॥२॥
'कोसा' वेश्या वश नवि पड्यो, 'थूलभद्र' मुझ मनमें चढयो ।
दशम 'सुहस्तिसूरि' उदार, 'संयति' नृप प्रतिबोधनहार ॥३॥
श्री 'सुस्थित' मुनि इग्यारमो, 'इन्द्रदिन्न' बारम नितु नमो ।
तेरम 'दिन्नसूरि' दीपतो, 'सींहगिरी' सुर गुरु जीपतो ॥४॥
पनरम नरम वाणि जेहनी, रूप कला सोहइ देहनी ।
दस पूर्व धर धोरी जिस्यो, 'वयरिस्वामि' मुझ हीयडे वस्यो ॥५॥
सोलम लघुवय जिण व्रत लीध , 'वज्रसेन' स्वामि सुप्रसिद्ध ।
सतरम 'चन्दसूरि' मुणि चन्द, 'सामन्तभद्र सूरि' सुखकन्द ॥६॥
'देवसूरि' प्रगमुं सुपवित, 'कुमद्रचन्द्र'वादे जिण जित्त ।
वीसमो श्री 'प्रद्योतनसूरि',जगि उद्योत कियो जिणि भूरि ॥७॥
सप्रभाव 'शांतिस्तव' कारि, 'मानदेव' गुरु महिमा धारी ।
श्री'देवेन्द्रसूरि'गुण निलउ, सिव पह जिण देखाड्यो भलो ॥८॥
'भक्तामर' 'भयहर' हित धरी, स्तवन कीयो जिण करुणा करी ।
ते श्री 'मानतुंगसूरीश', 'वीरसूरि' राजे निसदीस ॥९॥

ढाल—श्री 'जयदेवसूरीसरु', पंचवीसम प्रभ जाणि रे।
'देवानन्द' वखाणियइ, छावीसम मनि आणी रे॥ १० ॥ए०
एहवा सद्‌गुरु गाइये, मन शुद्धि करीय त्रिकालो रे।
संयम सरवरि झीलता, पटकाया प्रतिपालो रे ॥११॥ ए०
'विक्रमसूरि' दिवाकरू, तसु पाटि 'नरसिंह सूरि' रे।
श्री 'समुद्र सूरीश्वरु', महकइ सुजस कपूर रे ॥ १२ ॥ ए०
'मानदेव' त्रीसम हुयो, श्री 'विबुधप्रभसूरि' रे।
'जयानन्द' बत्रीसमो, राजइ सुगुण पडूरि रे ॥ १३ ॥ ए०
श्री 'रविप्रभ' रवि सारखो, तेजइ करि 'मतिमद्र' रे।
'यशोभद्र' चउत्रीसमो, पइत्रीसम 'जिनिभद्र रे' ॥ १४ ॥ ए०
श्री 'हरिभद्र' छत्रीसमो, सइत्रीसम 'देवचन्द्र' रे।
'नेमिचन्द्र' अडत्रीसमो, उदयो जाणि दिणन्द रे ॥ १५ ॥ ए०
ढाल:—श्री 'उद्योतन' मुनिवरु, श्री वर्द्धमान महन्तो रे।
'विमल' दण्डनायक जिणे, प्रतिबोध्यो जयवन्तो रे ॥१६ ॥
युगप्रधान गुरु जाणिवा ॥
'खरतर' विरुद जिणइ लह्यो, 'दुर्लभ' राज नी साखइ रे।
सूरि 'जिणेसर' जगि जयो, कीरति सवि जसु भाखइ रे ॥१७॥यु
श्री 'जिनचन्द्र' यतीसरु, 'अभयदेव' गणधारो रे।
नव अंग विवरण जिणि कीया, जिण शासन सिणगारो रे॥१८॥यु
ढाल:—चामुंडा जिणि बूझवी, श्रुतसागर तसु पाटइ रे।
श्री 'जिनवलभ' गुरु थया, महीयल मोटइ थाटइ रे ॥१६॥ यु०॥
जीती चौसठ योगिनी, जिणि श्री' जिनदत्तसूरि' रे।
नाम ग्रहण तेहनो कीयउ, विकट संकट सवि चूरइ रे ॥२०॥यु०॥

श्री 'जिनचन्द्र सूरीसर' सांभलो, नरमणि मण्डित भालोजी।
तेहनइ पाटइ श्री'जिनपति'थया,सकल साधु भूपाल जी॥२१॥धन०॥
धन धन श्रीखरतर गच्छ चिरजयो, जिहां एहवा मुनिराजो रे।
शुद्ध क्रिया आगम में जे कही, ते भाखइ सिव काजो जी।२२।धन०।
सूरि 'जिणेसर' सरस्वति मुख वसइ, जसु महिमा नो निवासो जी।
'जिनप्रबोध' प्रतिबोधन जे करइ,अमृत वचन विलासोजी ॥२३॥धन०
'श्रीजिनचन्द्र' यतीसर तेहथी,'श्रीजिनकुशल' प्रधानोजी।
जसु अतिशय करि त्रिभुवन पूरियो,कुण हुवइ एह समानोजी॥२४॥ध
'वाल धवल सरस्वती' विरुदइ करी, लाधी जिण विख्यातो जी।
'पद्म सूरीसर' तसु पाटइ थयो, लब्धि सूरि सुब्दीतो जी ॥२५॥धन
श्री 'जिनचन्द्र' 'जिनोदय' यतीवरु, धीरम धर 'जिनरायो' जी।
श्री 'जिनभद्र' थयो सुविहित धणी, भवसागर वर पाजो जी ॥२६॥ध
'जिनचन्द्र' 'समुद्र' सूरीसर सारिखो,कुण हुवइ ऋषि गुण पूरि जी।
श्री 'जिनहंस' मुनीसर मानीयइ, श्री 'जिनमाणिक' सूरि जी ॥२७॥
पातिसाहि अकवर प्रतिबोधीयो, अमर पडह जगि दिद्धो जी।
पंचनदी जिणि साधी साहसइ, चन्द्र धवल जस सिद्धोजी ॥२८॥ध०
'युगप्रधान' पद साहइ जसु दीयो, श्री 'जिनचन्द' सूरिंदो।
उवारी 'खंभायत' माछली, चिरजयो जां रवि चन्दो जी ॥२९॥धन०
वीर थकी अनुक्रमि पट्टइ हुआ, जे जे श्री गच्छ धारो जी।
नाम ग्रही ते प्रभण्या एहना, कुग पामइ गुण पारो जी ॥३०॥धन०॥
'जेसलमेरु' विभूषण 'पास' जी, सुप्रसादइ अभिरामो जी।
श्री 'जयसोम' सुगुरु सीसइ मुदा, 'गुणविनय'गणि शुभ कामो जी॥३१

॥ इति ॥

॥ श्री जिनरंगसूरि गीतानि ॥

॥ ढाल—हंसला गीतनी जाति ॥

(१)

मनमोहन महिमा निलउ, श्री रंगविजय उवझायन रे ।
सेवत सुरतरु सम वड़इ, सवहि कइ मनि भाय न रे ॥१॥म०॥
संवत 'सोल अठहत्तरइ', जेसलमेरु मंझारि न रे ।
फागुण वदि सत्तमि दिनइ, संयम ल्यइ शुभ वार न रे ॥२॥म०॥
अनुपम रूप कला निला, ज्ञानचरण आधार न रे ।
भवियण नर प्रति बूझवइ, परिहर विषय विकार न रे ॥३॥म०॥
निज गच्छ उन्नति कारणइ, श्री जिनराज सुरिन्द न रे ।
पाठक पद दीधउ विधइ, प्रणमइ मुनि ना वृन्द न रे ॥४॥ म०॥
कुमति मतंगज केसरो, महिमागर मतिवन्त न रे ।
मानइ मोटा महिपती, महिमा मेरु महन्त न रे ॥५॥म०॥
'सिंधुड़' वंश दिनेसरू, 'सांकरशाह' मल्हार न रे ।
'सिन्दूर दे' उर हंसलउ, 'खरतरगच्छ' सिणगार न ॥६॥म०॥
वड़ शाखा जिम विस्तरउ, प्रतपउ ज्यां रवि चन्द न रे ।
"राजहंस" गणि वोनवइ, देज्यो परम आणंदन रे ॥७॥म०॥

॥ इतिश्री पाठक गीतम् , कृतं पं० राजहंस गणिना ॥

(२)

खरतर गच्छ युवराजियउ, थाप्यउ श्री जिनराज न रे।

पाठक रंगविजय जयउ, सब गच्छपति सिरताज न रे॥ १॥

भवियण वांदउ भावस्यूं, जिम पायउ सुख सार न रे।

रूप कला गुण आगलउ, निर्मल सुजस भंडार न रे॥२॥ भ०॥

सरस सुकोमल देसना, मोहइ सहूय संसार न रे।

कूड़ कपट हीयइ नहीं, सहुको नइ हितकार न रे॥३॥ भ०॥

होडि करइ गुरु नी जिके, ते जायइ द्रह बोड़ि न रे।

सुख पायइ ते सासता, जे सेव करइ कर जोड़ि न रे॥४॥ भ०॥

गुरु गुण गावइ मन सूधइ, नाम जपइ निशि दीश न रे।

'ज्ञानकुशल' कहइ तेहनी, पूजइ मनह जगीश न रे॥५॥ भ०॥

॥ युगप्रधान पद गीतम् ॥

(३)

'जिनराजसूरि' पाटोधरू, दसच्यार विद्या जाण।

वचन सुधारस वरसतौ, मानै सहुको आण॥ १॥

मोरी सही ए वांदोनी, जिनरंग, आणी मनमें रंग।

वाणी गंग तरंग। मो०

पातिशाह परख्यो जेहने, दीधो करि फुरमाण।

सात सोवे (सुबा ?) माहरो, करज्यो वचन प्रमाण॥२॥ मो०॥

तसु पुत्र दीपे पाटवी, 'दारा' स को सुलताण।

युगप्रधान पदवी तणो, करि दीधो निसाण॥३॥ मो०॥

'नेमीदास' 'सौंधड' जाणीजइ, 'श्रीमाली' जाति सुजाण ।
मा(सा?)ह पंचायण अति भलउ, गुरु रागी गुण जाण ॥४॥मो०॥
पैसारो भलिभांति सुं, कीयो निसाण रे काज।
हाथी सिणगार्यां भला, घोड़ा मुखमली साज ॥५॥मो०॥
वाजा बजाया तरा (?), नेजा वणाया तूर।
दान देइ याचक भणि, दादाजी रे हजूर ॥ ६ ॥मो०॥
श्रीपूज आया उपासरै, श्री संघ सगले साथ।
मन रंग महाजन लोकमें, नालेर दीधा हाथि ॥७॥ मो०॥
सूहव वधावै मोतीयै, गुहली गावै गीत।
केइ उवारै कापड़ा, राखै कुल री रीत ॥८॥ मो०॥
संवत 'सतरदाहोतरे', श्री संघ आणंद आण।
'युगप्रधान' पद थापीया, 'मालपुरै' मंडाण ॥६॥ मो०॥
वादी तणा मद जीपतो, महिमा तणो भंडार।
दूर कीया दुरजन जिणइ, खरतर गछ सिणगार ॥१०॥मो०॥
धन मात जस 'सिंदूर दे', धन पिता 'सांकरसीह'।
धन गोत्र 'सिंधुड' परगडो, धन मोरी ए जीह ॥११॥मो०॥
'कमलरत्न' इम वीनवे, मुझ आज अधिक आणंद।
चिरजीवो गुरु ऐ सही, जां लगि ध्रु रवि चन्द ॥१५॥मो०॥

———*———

॥ श्री कमलहर्ष कवि कृत ॥

श्रीजिनरतनसूरि निर्वाण रास

सरसति सामणि चरण कमल नमी, हीयड़इ सुगुरु धरेवि ।
श्री 'जिनरतन सूरीसर' गुरु तणा, गुण गाऊं संखेवि ॥ १ ॥
'श्रीजिनरतनसूरीसर' समरिये ॥
महियल मोटउ 'मरुधर' देस मइ, 'शुभ सेरुणा' गाम ।
धूना(धनो?)लोक वसइ सुखीयां जिहां,धरमी अति अभिराम ॥२॥श्री०॥
वसइ तिहां वर शाह 'तिलोकसी', चावउ चतुर सुजाण ।
'ओसवाल' वंशे उन्नति करू, जुगति करइ वखांण ॥ ३ ॥श्री०॥
तासु घरणि 'तारा दे' (दी) पती, सीलव्रती सुचंग ।
रूपवन्त शोभा में आगलो, सरस सुकोमल अङ्ग ॥ ४ ॥श्री०॥
रतन अमोलख जिणइ जनमियो, कुल मण्डण कुल भाण ।
मात-पिता वन्धव सहु हरखिया, जाणइ राणो राण ॥ ५ ॥श्री०॥
'आठ वरस' नइ मन माहि उपनो, लघु वय पिण वैराग ।
माया ममता सगली छांडिनै, दिन २ चढ़तइ वान (भाग?) ॥६श्री०॥
श्री 'जिनराज सूरिश्वरु' गुरु कन्है, आणी मन आणन्द ।
निज 'वांधव' 'माता' तीने मिली, लीधी दीख मुणिंद ॥ ७ ॥श्री०॥
शास्त्र अनेक भण्या थोडइ दिनइ, बुद्धि तणइ विस्तार ।
चउद वरस नइ संयम आदर्यो, सफल गिणी अवतार ॥ ८ ॥श्री०॥

निज उपदेसइ भवियण बूझवइ, करइ अनेक विहार।
पाल (इ) मन सुधइ मुनिवर भलउ, चारित्र निरतीचार ॥ ९ ॥श्री०॥
गुण अनेक सुणी श्री पुज्जजी, तेडावि निज पास।
'अहमदाबाद' नगर मांहे आपियउ, 'पाठिक पद' उल्हास ॥१०श्री०॥
जुगते भलिपर 'जयमल' 'तेजसी', अवसर लही एकन्त।
आणंद सुं उच्छव कीधउ तिहां, खरच्यउ धन धरि खंत ॥११॥श्री०॥
'पाटण' नगरइ पूज्य पधारिया, चतुर रह्या चउमास।
सूत्र सिद्धांत अनेक सुणावतां, सहु नी पूरइ आस ॥ ११ ॥ श्री०॥
संवत 'सतरइ सय' वरसइ भलइ, श्री 'जिनराज सूरिस'।
सइंहथ'रतन सूरीसर'थापीया,मनि धरि अधिक जगीस ॥१३॥श्री०॥
'अषाढ़ा सुदि नवमी' शुभ दिनइ, थिर निज पाटइ थापि।
श्री 'जिनराज' सरगि पधारिया, त्रिविधि खमावि पाप ॥१४॥श्री०॥
श्री 'जिनरतन' तणी मानी सहु, देस प्रदेशइ आण।
ठामि २ सिंघइ तेडावीया, गणिता जन्म प्रमाण ॥ १५ ॥ श्री० ॥

ढाल:—तूंगीया गिर शिखर सोहइ, एहनी।
चउमासि पारण करी सद्गुरु, कीयो तेथी विहार रे।
आविया 'पाल्हणपुरइ' पूजजी, कीयउ उच्छव सार रे ॥ १ ॥

आज धन 'जिनरतन' वांद्या, गया पातक दूर रे।
श्रीसंघ सगलउ मनि हरख्यउ, प्रकट पुण्य पडूर रे ॥२॥ आ०॥

'सोवनगिरी' श्री संघ आग्रहि, आवीया गणधार रे।
पइसार उच्छव सबल कीधउ, सीठ (सेठ?)'पीथइ' सार रे ॥३॥आ०॥

संघ नइ वांदिवि सुपरइ, पूज्यजी पटधार रे ।
विचरता 'मरुधर' देस मांहे, साधु नइ परिवार रे ॥४॥ आ०॥
संघ आग्रह आविया हिव, पूज्य 'बीकानेर' रे ।
'नथमल' 'वेणइ' उच्छव कीधउ, खरचीयो धन ढेर रे ॥५॥आ०॥
उपदेस निज प्रतिबोध श्रावक, करता उग्र विहार रे ।
'वीरमपुरइ' चउमास आव्या, संघ आग्रह सार रे ॥६॥ आ०॥
चउमास पारण आविया हिव, 'बाहडमेर' सुजाण रे ।
चउमास राख्या संघ मिलकर, पूज्यजी परमाण रे ॥७॥ आ०॥
तिहां थी विचरी 'कोटडइ' मइ, चतुर करी चउमास रे ।
पारणइ 'जेसलमेरु' श्रावक, तेडीया उल्हास रे ॥८॥ आ०॥
पइसार उच्छव 'गोप' कीधो, लीयउ लखमी साह रे ।
याचकां बहुलउ दान दीधउ, मन धरी उच्छाह रे ॥९॥ आ०॥
संघ आग्रह च्यारि कीधा, पूजजी चउमास रे ।
धन-धन'जेसलमेरि'श्रावक,लोक मय (नइ?)साबास रे॥१०॥आ०॥
'आगरा' नइ संघ आग्रह, घणा कीध विशेष रे ।
'आगरइ' गच्छराज आव्या, श्राविकां मन देख रे ॥११॥आ०॥
हुकम 'वेगम' तणउ पामी, 'मानसिंह' महिराण रे ।
पइसार उच्छव अधिक कीयउ, मेलीया रायराण रे ॥ १२ ॥आ०
हरखीया मन मांहि सहु श्राविक, वरतीया जयकार रे ।
याचकां वांछित दान दीधउ, प्रबल पुन्य प्रकार रे ॥१३॥ आ०॥
तप नियम व्रत पचखांण करतां, धारतां धर्म ध्यान रे ।
निज गुणे सगले श्रावकां मन, रंजीया असमान रे ॥१४॥आ०॥

चउमास चावी तिन कीधी, पूजजी परसिद्ध रे।
चउमास चौथी वले राख्या, संघ आग्रह किद्ध रे ॥१५॥ आ०॥
दिन दिन चढ़तउ सुजस महियल, गुण अधिकइ गच्छराज रे।
दुत्तर दुखसायर पडतां, जगत जाणे जिहाज रे ॥ १६ ॥ आ०॥

करजोडी इम विनवुं एहनो ढाल:—

इण विधि इम रहतां थकां, पूजजी नइ होडोलइ असमाधि।
कारण जोगइ उपनी, करमे पिण हो हिव अवसार लाध ॥ १ ॥
तुम्ह विण पूजजी किम सरइ।
'आषाढ़ा सुदि दसम' थी, वपु बाधी हो वेदन विकराल।
ध्यान एक अरिहन्त नो, मनि राखइ हो छांडी जंजाल ॥ २ ॥ तु०॥
वइरागइ मन वालियउ, नवि कीधा हो ओषध उपचार।
संवेगी सिर सेहरो, 'चउरासी' हो गच्छ मइं श्रीकार ॥ ३ ॥ तु०॥
अल्प आउखो जाणीनइ, पोतानउ हो पूजजी तिण वार।
सइंमुख अणशण आदर्यो, सवि छंडी हो पातक आचार ॥४॥ तु०॥
क्रोध लोभ माया तजी, तजीया वलि हो आठे मद मोह।
पापस्थानक सवि परिहर्या, जगमांहि हो अति बधती सोह ॥५॥तु०॥
मन वचन कायाइं करी, वलि लागा हो व्रत ना दूषण जेह।
ते आलोयां आंपणा, गच्छ नायक हो गिरुआ गुण गेह ॥ ६ ॥ तु०॥
सरण च्यारे उच्चरी, आराधी हो सूधा गुरु देव।
कलमल पाप पखालिनइ, षट् जीवन हो पाली नित मेव ॥ ७ ॥ तु०॥
जीव अनेक छोडाविया, याचक मिली हो धन खरची अनन्त।
दुखीयां दान दियउ घणो,धन २ धन हो मुनि लोक कहन्त ॥८॥तु०॥

संवत 'सतरइ सय भलइ, इग्यारे' हो 'श्रावणि बदि सार'।
'सोमवार' 'सातम' दिनइ, सोभागी हो पहले पहर मंझार ॥९॥तु०॥
'चउरासी' लख जीवनइ, खमावी हो आलोइ पाप।
'हरषलाभ'नइ हरखस्युं,निज पाटइ हो अविचल थिर थाप ॥१०॥तु०॥
निरमल चित नवकार नउ, मुखि कहतां हो धरता सुभध्यान।
श्रीपूज्यजी संवेगी हो, पहुंता अमर विमान ॥ ११ ॥ तु०॥
करे अनोपम कोकही, मांहों मुखमल हो बड़ सूफ विछाय।
चोया चन्दन अरगजा, कस्तूरो हो केसर चरचाय ॥१२॥ तु०॥
विधि विधि वाजित्र वाजता, वइसारी हो जाणे देव विमान।
हयवर गयवर हीसतां, सहु लोकहु (हो)करता गुण गान ॥१३॥तु०॥

ढाल—वाल्हेसर मुझ वीनती गोडीचा राय एहनी।

बइठो आमण दुमणो सोभागी,ए ताहरउ परिवार हो। सोभागी०।
परदेसी जिमि छांडिने सो०, जइये किम गणधार हो। सो०। १।
दरसण द्यो गुरु माहरां सो०,
सहु श्रावक श्राविका। सो०। जोवइ तुमची वाट हो। सो०।
ए वेला नहीं ढील नी सो०, सुन्दर रूप सुघाट हो। सो०। २।
वेला थइ वखाणनी सो०, मिलीया सहु रायरांण हो। सो०।
आवी वइसो पूठीयइ सो०, वार म ल्यावो जाण हो। सो०। ३।
आवी वइठा एकठा सो०, पंडित पूछण काज हो। सो०।
वेगउ उत्तर द्यउ तुम्हें सो०, गरुआ श्री गच्छराज हो। सो०। ४।
एक वेली सुविचार नइ, वोलउ वोल रसाल हो। सो०।
वाट जोवइ जिम मेह नी सो०, उभा वाल गोपाल हो। सो०। ५।

इतना दिवस लगइ हुंती सो०, मन मइं सहु नइ आस हो । सो० ।
तइं तउ भूल तिका करी सो०, चाल्या छोडी निरास हो । सो० । ६ ।
शिष्य सहु बालावी नइ सो०, फेरयउ माथइ हाथ हो० । सो० ।
ते वेला स्युं वीसरी सो०, करि बीजा नउ हाथ हो । सो० ।७।
आवण अवधि न कही सो०, नाण्यउ मन मइ नेह हो । सो० ।
अनवइ (?) जेम विचारी नइ सो०, छिनमें दीधी छेह हो ।।सो०।।८।।
चउमासु पिण जाणि नइ सो०, संक न आणी कांइं हो ।सो०।
अधविचइ म मकी करी सो०, कुण कहु छांडो जाइ हो ।सो०।६।
देव विमाने मोहीयउ सो०, पूठी खबरि न कीध हो । सो० ।
इहां तो लोभ न को हुंतो सो०, तिहां लोभइ चित दीध हो ।सो०।१०।
आलस किण ही बात नउ सो०, नवि हुंतउ तिल मात हो । सो० ।
दोष तुम्हारउ को नहीं सो०.............................।।११।।
मन थी भावन मूंकतउ सो०, एक समइ पिण एम हो । सो० ।
ते पिण भाव विसारियउ सो०, बीजा सुं धरे प्रेम हो० ।।सो०।१२।
पल भर (पिण) सरतो नहीं सो०, पूज पखइ निसदीस हो । सो० ।
जमवारोकिम जाइस्यइ सो०, महि मोटा जगदीस हो ।सो०।१३।
खिण २ मइं गुण संभरइ सो०, आठ पोहर दिन राति हो । सो० ।
कुण आगलि कहि दाखवुं सो०, तेहनी वीगत बात हो ।सो०।१४।
वीसार्यां निवि वीसरइ सो०, सद्गुरु ना गुण गाम हो । सो० ।
समरइ सहु साचइ मनइ सो०, नित नित लेइ नाम हो ।सो०।१५।
परतिख इग पंचम अरइ सो०, सूरि सकल सिरताज हो । सो० ।
तुझ सरिखउ जग को नहीं सो०, वइरागी मुनिराज हो ।सो०।१६।

गच्छपति तो आगइ हुआ सो०, होस्यइ वलि छइ जेह हो ।सो०।
पिण तो सम संसार मइ सो०,नवि दीसइ गुण गेह हो ।सो०।१७।
वखतावर विद्यानिलउ सो०, सूत्र सिद्धांत प्रवीण हो । सो० ।
कलियुग माहे जुवतां सो०, अधिको धरम धुरीण हो ।सो०।१८।
तइं तउ ताहरउ निरवाहीयउ सो०, जनम लगइय समान हो ।सो०।
सींहण पण व्रत आदर्यो सो०,पाल्यउ सींह समान हो ।सो०।१९।
त्रिभुवन मइ ताहरी क्षमा सो०, साराहइ संसार हो० । सो० ।
कलि मांहे इक तुं हूओ सो०, निरलोभी गणधार हो ।सो०।२०।
महियल मइ यश ताहरो सो०, कहतां नावे पार हो । सो० ।
गुण अधिका गच्छराज ना सो०, केता करूं वखाण हो ।सो०।२१।
रास सरस इम आदिस्यउ सो०, पूज्य तणउ निरवाण हो ।सो०।
भाव घणइ परमोद सु सो०, करज्यो खेम कल्याण हो ।सो०।२२।
'श्रावण सुदि इग्यारसइ' सो०, थिर शुभ थावर वार हो । सो० ।
'मानविजय' सोस इम भणइ सो०,'कमलहरष'सुखकार हो ।सो०।२३।
अति जयवंतउ 'आगरइ' सो०, खरतर संघ सुखकार हो । सो० ।
सुख संपत देज्यो सदा सो०,धरि मन शुद्ध विचार हो ।सो०।२४।
भणतां गुणतां भावस्यु सो०, रास सरस इक चित्त सो० ।
नवनिधि सिद्धि महिमां बधइ सो०,था(य)इ जन्म पवित्र हो ।सो०।२५।

॥ इति श्री श्री जिनरतनसूरि निर्वाण रास समाप्तम् ॥

सं० १७११ वर्षे कार्तिक सुदि ७ दिने सोम वासरे लिखतं पाटण मध्ये मानजी करमसी कस्य लिखतं ॥ साध्वी विद्यासिद्धि साध्वी समयासिद्धि पठनार्थं । पत्र ३

(वीकानेर बृहद्-ज्ञानभंडार)

श्री जिनरतनसूरि गीतानि

(१)

काल अनन्तानन्त एहनो ढाल—

'श्री जिनरत्न सूरीश', पूज वांदेवा हो मुझ मन छइ सही ।
देखण तुझ दीदार, आवइ चतुर्विध हो श्रीसंघ सामउ उमही ॥ १ ॥
गुरुया श्री गच्छराजा, खरतर गच्छ मइं···पूज दीपइ सदा ।
प्रतपइ अधिक पडूर, जिण मुख दीठइ हो सुख होवइ मुदा ॥ २ ॥
'लुणिया' वंश विख्यात, साह 'तिलोकसी' हो कुल सिर सहेरउ ।
'तेजल' देवि मल्हार, हंस तणी परि हो सद्गुरु अवतर्यउ ॥ ३ ॥
'पाटण' नयर प्रसिद्ध, श्री 'जिनराजइ' हो सइं हथि थापीयउ ।
संवेगी सिरदार, अधिकउ जाणी हो गुरु पद आपियउ ॥ ४ ॥
मुख जिसउ पूनिमचंद, वाणि सुधारस हो निज मुख वरसतउ ।
करतउ उग्र विहार, भव्य जीवानइ हो नित प्रतिबोधतउ ॥ ५ ॥
ताहरी त्रिभुवन मांहि, मस्तक आणज्ञ हो मन सूधी धरइ ।
युगवर वीर जिणन्द, तेह तणी परि हो उत्कृष्टी करइ ॥ ६ ॥
(प्रण) मइ भवियण लोक, तुझ मुख देख्यां हो पाप सवे टल्या ।
'राजविजय' गुरु शिष्य, 'रूपहर्ष' भणि हो वंछित मुझ फल्या ॥ ७ ॥

(२) रागः—ढाल—नायकारी

श्री गच्छ नायक सेवियइ रे, 'श्री जिनरतन' सूरिंद रे । सुगुरुजी ।
पूज्य नइ वधावउ मोतिया रे लाल, आणी मन आणंद रे ।सुगुरुजी।१।

आवउ तुम्ह इण देस मइ रे लाल० । आ० ।
'लूणिया' वंसइ लखपती रे, तिलोकसी' साह मल्हार रे ।सु०।
'तारादे' उरि हंसलउ रे लाल, कामगवी अनुहार रे । सु० ।२। आ०।
श्री 'जिनराज सूरीसरइ' रे, सईहथ दीधउ पाट रे । स० ।
चड वखती वइरागीयउ रे लाल, कलि गौतम नउ घाट रे ।स०।३।आ०।
शीलइ करि थूलभद्र समउ रे, रूपइ वइर कुमार रे ।स०।
पालइ पंच महाव्रतू रे लाल, लोभ तउ नहीय लिगार रे ।स०।४।आ०।
वाणी सुधारस वरसतउ रे, सजल जलद अनुहार रे । स० ।
आगम सूत्र अरथ भरयउ रे लाल, श्री खरतर गणधार रे ।स०।५।आ०
श्री संघ हरष अछइ घणउ रे, वंदिवा तुम्हारा पाय रे । स० ।
तुझ मुख कमल निहालिवा रे लाल, चाह धरइ राणाराय रे ।स०।६।
'जिनराज' पाटइ चिर जयउ रे, सूहव द्यइ आसीस रे । स० ।
'खेमहरष' मुनि इम भणइ रे, लाल जीवउ कोडि वरीस रे ।स०।७।आ०

(३) रागः—मल्हार, ढाल व दूलो री

'श्री जिनरतन' सूरिंदा, दीपइ मुख पूनिम चंदा। सहगुरु वंदउ वे ।१।
'लूणीया' वंस विराजइ, दिन २ ए अधिक दिवाजइ । स० । २ ।
'पाटण' मइं पद पायउ, सव श्रावक जन मन भायउ । स० । ३ ।
'तिलोकसी' शाह मल्हारा, 'तारा दे' उरि अवतारा । स० । ४ ।
गुणे गौतम गणधारा, गुरु रूपइ वइरकुमारा । स० । ५ ।
शीलइ तउ थूलभद्र सोहइ, छत्रीस गुणे मन मोहइ । स० । ६ ।
आगम अरथ भंडारा, जिण शासण मइ सिणगारा । स० । ७ ।

वाणी सुधारस वरसइ, सुणिवा कुं जन मन तरसइ । स० । ८ ।
इम 'खेमहरष' गुण बोलइ, पूज्यजी के कोइ न तोलइ । स० । ९ ।
(किरहोरमें श्राविका रजी पठनार्थ कविके स्वयं लिखित पत्र ३ संग्रहमें)

(४) ढाल—पोपट पंखियानी

सुण रे पंथिया कब आवइ गच्छराज, सफल विहाणउ आज ।
सरिया वंछित काज, भेट्या श्री गच्छराज ।
सुणि रे पंथिया कब (आवइ) गच्छराज । आंकणी ।
उभी जोवूं वाटडी, आइ कहइ कोई मुझ ।
सोवन जीभ वधामणी, देसुं पंथी हो तुझ । १ । सु० ।
सुमति गुपति धरता थका, पालइ शुद्ध आचार ।
किरिया आचरता थका, साथइ बहु अणगार । २ । सु० ।
'लूणीया गोत्रइ दीपता, साह तिलोकसी जाणि ।
'तारादे' जननी भली, सुत जनम्या गुण खानि । ३ । सु० ।
भावइ संजम आदर्यउ, जननी सुत सुखकाजि ।
जिणवर भाषित मारगइ, दीख्या श्री 'जिनराज' । ४ । सु० ।
संवत 'सतरहिसइ' भलइ, मास 'आषाढ़' प्रमाण ।
श्री 'जिनराजइ' थापिया, सुकलइ 'सप्तमि' जाणि । ५ । सु० ।
गामागर पुर विहरता, जलधर नी परि जाणि ।
भवियण नइ पडिबोधता, भेटउ ऊगत भाण । ६ । सु० ।
'कनकसिंह' गणिवर कहइ, दिन दिन द्युं आसीस ।
श्री जिनरतन सुरिंदजी, प्रतपउ कोडि वरीस । ७ । सु० ।

इति श्री गुरु गीतम् (पत्र १ हमारे संग्रहमें तत्कालीन लि०)

निर्वाण गीतम्

(५) ढाल—पोपट पंखीया जाति

'श्री जिनरतन' सूरीसरो, लघु वय संयम धार।
उद्यत विहार संचर्या, 'उग्रसेन पुर' सिणगार ॥ १ ॥

सुहगुरु पूज्य जी, मुखि बोलउ इक बात।
प्रीतम सहगुरू, कांइ निसनेह अपार।
वल्लभ पूज्यजी तुं मुझ प्राण आधार।
जीवण पूज्यजी तुम विण कवण आधार ॥ आंकणी ॥

धन पिता 'तिलोकसी', 'तेजलदे' उर धार।
जिणइ एहवउ पुत्र जनमीयउ, सयल जीव सुखकार ॥२॥

'श्रावण वदि सातिम' दिनइ, कीध (अणशण) उच्चार।
चउविहार सुध भावस्युं, पाल्यउ निरतीचार ॥३॥

श्रावक आवइ वांदिवा, ओसवाल अनइ श्रीमाल।
दरसण दीठां सुख हुवइ, नावइ आल जंजाल ॥४ ॥

च्यार प्रहर लगि तिहां धरी, छोड्याज राग न (इ) द्वेष।
सहु जीवसु तिहां खामणइ, पाम्या स्वगना सुख ॥५॥

आंसु जल चउसर वहइ, छोड्या केस कलाप।
देह पछाडइ भूमिस्युं, शिष्य करे रे विलाप ॥६॥

हिव पर्व पजूसण आवीया, धरम कहउ मन कोडि।
श्री संघ जोवइ वाटडी, वांदणि उपरि कोडि ॥७॥

तुम्ह सरिखा संसार मइ, देख्या नहीं दीदार।
लोचन तृपति पामइ नहीं, जुवुं हुं सउवार ॥८॥सहु० मी० ॥

युग प्रधान श्री पूज्यजी, श्री 'जिनरतन' सुरिंद।
सयल संघनइ सुखकरू, 'विमलरतन' आणंद ॥९॥

(पं० मानजी लि० पत्र १ से)

॥ जिन रत्नसूरि पट्टधर जिनचन्द्रसूरि गीतानि ॥

(१)

'श्री जिनचन्द सूरीसरू' रे, गच्छ नायक गुण जाण रे । सोभागी ।
महियल मई महिमा घणो रे लाल, जाणइ राणो राण रे सो०॥१॥श्री०
सुन्दर रूप सुहामणो रे, बखतावर बड़ भाग रे । सो० ।
'बार वरस' नइ ऊपनउ रे लाल,लघुवइ मनि वइ राग रे सो०॥२॥श्री
श्री 'जिनरत्न' सूरीसर आपियउ रे, सइं हथ संयम भार रे ॥सो०॥
श्री संघइ उच्छव कियउ रे लाल, 'जेसलमेर' मझार रे सो० ॥३॥श्री
गौतम जिम गुण गहगहइ रे, साह 'सहसमल' नन्द रे । सो० ।
'गणधर गोतइ' गुग निलो रे लाल,दरसण परमानन्द रे । सो॥४॥श्री
श्री 'जिनरत्न सूरीसरइ' रे, दीधउ अविचल पाट रे । सो० ।
वधतइ वरस 'अढार' मइ रे लाल, सेवइ मुनिवर थाट रे ।सो॥५॥श्री
'सिन्दूर दे' सुत चिर जयउ रे लाल, गच्छ खरतर सिणगार रे ।सो०।
शीतल चन्द तणी परइ रे लाल, संवेगो सिरदार रे । सो० ॥६॥श्री०
श्री 'जिनरत्न' पटोधरू रे, सहुनो पूरइ आस रे । सो० ।
धर मन हर्ष ऊमाहलउ रे लाल, पभणइ 'विद्याविलास' रे ।सो०॥७॥श्री

॥ इति श्री वर्तमान श्री जिनचन्द्र सूरि गीतम् ॥
॥ साध्वी रत्नमाला वाचनार्थम् ॥

(२)

श्री'जिनचन्द' सूरीश्वर वंदीयइं रे, गरूयउ गछपति गुणमणि गेह रे ।
मोहनगारी मूरति ताहरी रे, घडीय विधाता सइंहथि एह रे । १।श्री०
वदनि कमल सरसति वासउ कीयो रे,
अड सिद्धि 'आवि रही जसु हाथि रे ।

कर दाहिण सिर थापइ जेहनइ रे,ते नर पामइ वंछित आथि रे ।२।श्री०
ईति उपद्रव को न हुवइ किहां रे, जिहां किणि विचरइ श्री गछराज रे ।
घरि २ मंगल होवइ नवनवा रे, जावइ भावठि सगली भाज रे ।३।श्री०
धन-धन श्रावक नइ वलि श्राविका रे, भावइ आवि सुणइ उपदेस रे ।
पामी धरमलाभ गुरु आसिका रे,शाता सुखनउ जाणि निवेस रे ।४।श्री०
जोतां नयणे बीजा गच्छपति रे, ते नावइ जुगवर ताहरी जोडि रे ।
खजूया कोडि मिलइं जउ एकठा रे,तउकिम थायइ सूरिज होडि रे।५।श्री०
श्री'जिनरतन' आदेसइ आविया रे, रंगइ 'राजनगर' चउमास रे ।
वयणे* सगुरु तणे पदवी लही रे,च्चिहु दिशि प्रगट्यउ पुण्य प्रकाश रे ।६।
'नाहटा'वंशइ'जइमल''तेजसी'रे,देव गुरू भगती माता तास रे ।
हरखइं 'कसतूरां' उछव करी रे, शोभा वधारी जगमइं खास रे।७।श्री०
कुल उजवालक 'गणधर' गोतमइ रे,'सहस करण' सुपीयार दे' नंद रे ।
सुप्रसन्न हुइ जोवइ जिण सामुंहउ रे, तेहना जावइ दोहग दंद रे ।८।
ध्रू शशि गिर अविचल जांलगइ रे, तां लगि प्रतपउ गच्छाधीश रे ।
वाचक'रूपहरष'सुपसाउले रे,'हरषचन्द' पभणइ अधिक जगीस रे ।९।

इति श्री गुरु गीतम् (सं० १७३० आसू वदि ८ बीकानेरे लि० पत्र २ हमारे संग्रहमें)

(३)

जीहो पंथी कहि संदेसडउ, जीहो पूज्यजी नइ पाइ लागि । जीहो० ।
गुरु दरसण तू देखतां जीहो, जागस्यइ तुरा भागि । १ ।

*मानजीकृत गीतमें भी
सहमुख (इ)श्रीपूजजी रे, अमृत एहवी वाणि ।
पाटइ एहनउ थापज्यो रे, करेज्यो वचन प्रमाण । ४ । मे० ।

चतुर नर वंदु श्री 'जिनचन्द्र'
जीहो अमृत श्रावणी देस ना , जीहो सांभलता दुख जाय ।
जीहो तिण कारणि तूं जाई नइ.जोहो करेज्यो वचन प्रमाण ।२।जी०
वचन प्रमांण कीधा हुंता जी, घर माहि नवि निधि थाइ । जी० ।
गुरु प्रणम्यां सुख संपजइ, जीहो कुमति कदाग्रह जाइ । ३ । जी
'वीकानयरइ' जाणीयइ रे, जी० वहु रिधिनउ भंडार । जी० ।
तिणगाम मांहि दीपतउ जी, 'सहसकरण' सुखकार । ४ । जी०
'राजलदे' कुखि उपनउ जी हो, नामइ 'श्री जिनचन्द' । जीहो ।
वइरागि तिणि व्रत लीयउ, मनि धरि अधिक आणंद । ५ । जी०
विद्या सुरगुरु सारिखउ जी हो, रूपइ वइरकुमार ।
श्री 'जिनरत्न' पाटइ सही, वहु सुखनउ दातार । ६ । व० । जी०
चिर जीवउ गछ राजीयउ, खरतर गछ नउ इन्द्र । जी० ।
पण्डित 'करमसी' इम कहइ जी, प्रतपउ जां रवि चन्द्र । ७

---

(४)

सुगुरु बधावउ सूहव मोतियां, श्री 'जिणचंद' मुणिन्द ।
सकल कला करि शोभता, जाण कि पूनम चन्द ॥ १ ॥ सु० ।
लघु वय संयम जिण लीयउ, सूत्र अरथ नउ जाण ।
पूज पद पायउ जिण परगड़उ, पूरव पुण्य प्रमाण ॥ २ ॥ सु० ।
'श्री जिनरत्न सूरि' सइ हथइं, श्री संघ तणइ समक्ष ।
पाटइ थाप्या हे प्रेम सुं, मति मन्त जाणि नइ मुख्य ॥ ३ ॥ सु० ।
'चोपड़ा' वंशइ चिर जयउ, 'सहिसू' शाह सुतन ।
मात 'सुपियारे' जनमियउ, सहुको कहइ धन धन्न ॥ ४ ॥ सु० ।
श्री 'जिन कुशल सूरि' सानिधइ प्रतिपउ कोडि वरीस ।
बधतइ दावइ गुरु बधो, 'कल्याणहर्ष' द्यइ आशीस ॥ ५ ॥ सु० ।

(५)

पंचनदी साधन कवित्त

उछलती जल अकल बोल, कल्लोल छिलंती ।
वलती वलती वेल झाग अत्थाग झिलंती ।
भमरेटे भयभीत भभकती तटे भिडंती ।
पडती जुडती पवन ज अनम जड ऊथेंडती ।
जप जाप आप परताप जप, सूरि मंत्र सानिध सबल ।
'जिनरतन' पाट 'जिणचन्द' जुगत, 'पंच नदी' साधी प्रबल । १ ।
॥ कवित्त पंचनदी साधी तिण समय रो (१८ वीं शताब्दी लि०)

बाचक अमरविजय गुण वर्णन

कवित्त

साच शील संतोष, साधु लछन सकजाई ।
बरषत अमृत बचन, विपुल विद्या वरदाई ।
'उदयतिलक' गुरु आप, हरप सुं दीयो बोध हित ।
पुन्य थान निज परसि, चौपडै कीयो विमल चित्त ।
सज्जन सुभाव सुख सुं सदा, शास्त्र हेत बूझे सकल ।
वाचक वदां वखतैत वर, 'अमरसिंह' तुझ यश अचल ॥१॥
(जयचन्दजी के भण्डारस्थ उपरोक्त पत्र से)

श्री जिनसुखसूरिजी

(बाबू विजय सिंहजी नाहरके सौजन्यसे)

जिन सुखसूरि गीतम्

—-—**—-—

(१)

ढाल:—रसोयानी

सहु मिलि सूहव आवउ मन रली, गावौ गुरु गच्छराय । सोभागी० ।
विधि सुं वंदौ 'जिनसुख सूरि' नइ, जसु प्रणम्या सुख थाय ।सो०।१।स
'बहरा' गोत्र विराजइ अति भला, 'रूपचंद' शाह मल्हार । सो० ।
'रतनादे' माता उर ऊपनउ, खरतरगछ सिणगार ।२। सो० ।सहु०।
श्री 'जिनचंद्र' सूरीसर सईहथइ, थाप्या अविचल पाट । सो० ।
'सूरत' विंदर श्री संघ नी साखइ, सुविहित मुनि जन थाट ।३।सो०।
चारित लघुवय माहे आदरयउ, तप जप सुं बहु लीन । सो० ।
आगम अरथ विचार समुद समउ, विद्या चउद प्रवीण ।४।।सो०।।
सोभागी गुण रागी अति घणुं, वड वखती गुण खाणि । सो० ।
कठिन क्रिया सुविहित गछ साचवइ, मीठी अमृत वाणि ।।५।।सो०।।
सोम पणइ करि चंद सुहामणा, प्रतपइ तेज दिणंद । सो० ।
रूप कला करि अधिक विराजतउ, मोहइ भवियण वृन्द ।।६।।सो०।।
सूरि गुणे छत्तीसे शोभता, वड वखती वड मान । सो० ।
लोक महाजन माने वड वडा, राउ राणा सुलतान ।।७।।सो०।सहु०।
दिन २ वधतो दउलति सुं वधउ, कीरति देस प्रदेश । सो० ।
सुजस चिहुं खंड चावउ विसतरउ, आण अधिक सुविशेष । ८ सहु०।

संघ मनोरथ पूरण सुरतरु, 'जिन सुखसूरि' महंत । सो० ।
इणपरि 'सुमतिविमल' असीस द्यइ, पूरवइ मननी रे खंति । ६सहु०।

॥ इति श्री 'जिनसुख सूरि' गीतम् , श्राविका जगीजी वाचनार्थं ॥

(तत्कालीन लि० पत्र २ हमारे संग्रहसे)

(२)

उदय थयो धन धन दिन आजनो, प्रगट्यउ पुण्य पडूरो जी ।
वंद्या आचारिज चढ़ती कला, नामे 'जिनसुख सूरो' जी ॥उ०॥१॥
'सूरत' शहरे हो जिनचंद सूरिजी, आप्यो आपणो पाटो जी ।
महोत्सव गाजै बाजै मांडिया, गीतांरा गहगाटो जी ॥ उ० ॥ २
'पारिख' शाह भला पुण्यातमा, 'सामीदास' 'सुरदासोजी' ।
पद ठवणो कीधो मन प्रेम सुं, वित्त खरच्या सुविलासो जी ॥उ०॥३॥
रूड़ी विध कीधा रातीजुगा, साहमी वत्सल सारो जी ।
पट्टकूले कीधी पहिरामणी, सहु संघ नइ श्रीकारो जी ॥ उ० ॥ ४ ॥
संवत 'सतरै बासठै' समै, उच्छव बहु 'आसाढो' जी ।
'सुदि इग्यारस' पद महोत्सव सज्यो, चंद कला जस चाढो जी ।उ।५।
'सहिंःचा' 'बहुरा' जगि सलहिये, 'पीचो' नख परसंसो जी ।
मात पिता 'रूपचंद' 'सरूपदे', तेहनइ कुल अवतंसो जी ॥ उ० ॥६॥
प्रतपो एहु वगा जुग गच्छपति, श्री 'जिनसुख सुरिन्दो' जी ।
श्री 'धरमसी' कहुं श्री संघ नइ, सदा अधिक करो आणंदो जी ।उ०।७।

जिनसुखसूरि निर्वाण गीतम्

(३)

ढाल—झूबकडानी

सहीयां चालो गुरु वांदिवा, सजि करि सोल सिंगार।
सहेली भाव सुं केसर भरीय कचोलडी, महि मेली घनसार।स०।१।
'सतरैसै असीयै' समे, 'जेठ किसन' जग जांण। स०।
अणशण करि आराधना, पाम्यौ पद निरवांण। स०।२।
'जिनचन्द सूरि' पाटोधरू, 'श्री जिनसुख सूरिन्द'। स०।
दरसण दौलति संपजै, प्रणम्यां परमाणंद। स०।३।
पद थाप्यौ निज हाथ सुं, 'श्री जिनभक्ति' सूरीस। स०।
खरचै संघ धन खांति सुं, इह कहै आसीस। स०।४।
'रिणी' नगर रलीयामणो, श्रावक सहु विधि जांण। स०।
देस प्रदेशै दीपता, मन मोटैं महिराण। स०।५।
थूंम तणी थिर थापना, मोटै करै महिराण। स०।
हरप घणै संघ हेतु सुं, आसत अधिकी आण। स०।६।
'माह शुकल छट्ठ' नै दिनें, शुभ महूरत सोमवार। स०।
'श्री जिनभक्ति' प्रतिष्ट्रिया, हरख्या सहू नर नार। स०।७।
सहीय सहेली सवि मिली, पहिर पटम्बर चीर। स०।
गुण गावो गछराय ना, मेरु तणी परे धीर। स०।८।
नामै नवनिधि संपजै, आरती अलगी थाय। स०।
कर जोड़ी 'वेलजी' कहै, लुलि २ लागे पांय॥ सहेली भाव सुं० ६॥

जिनभक्तिसूरि गीतम्

ढाल:—आषाढै भैरूं आवै ए देशी।

'जिनभक्ति' जतीसर वंदौ, चढती कला दीपति चंदौ रे। जि०।
खरतर गच्छ नायक राजै, छत्रीस गुणे करि छाजै रे। १। जिन०।
श्री 'जिणसुख सूरि' सनाथै, दीधौ पद आपणें हाथे रे। जि०।
श्री 'रिणीपुर' संघ सवायौ, महोछव कीधो मन भायौ रे। २ जि०।
'सेठीया' वंसै सुखदाई, श्री जिन धर्म सोभ सवाई रे। जि०।
'हरिचन्द' पिता धर्मधीरौ, 'हरिसुखदे' उदरै हीरौ रे। ३। जि०।
लघुवय जिण चारित लीधौ, सद्गुरु नै सुप्रसन्न कीधो रे। जि०।
विद्या जसु हुइ वरदाइ, पुन्यै गुरु पदवी पाई रे। ४। जि०।
प्रगटयौ जश देस प्रदेसै, वरते आज्ञा सुविसेसै रे। जि०।
वांटै सहु देस बधाइ, खरतर गच्छपति सुखदाई। ५। जिन०।
संवत 'सतरै उगुण्यासी, जेष्ट वदि त्रीज' पुण्य प्रकासी रे। जि०।
सहु सुजस रिणी संघ साध्या, इम कहै 'धर्मसी' उपाध्या रे। ६ जि०

ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह

श्री जिनभक्तिसूरिजी

(बाबू विजय सिंहजी नाहरके सौजन्यसे)

॥वाचनाचार्य सुखसागर गीतम्॥

राग —कड़खारी

वाचनाचार्य 'सुखसागर' वंदियै,
सुगुण सोभाग जसु जगि सवायो ।
अङ्ग उच्छरङ्ग धरि नारि नर नित नमै,
कठिन किरिया करण इलि कहायो ॥ १ ॥ वा० ॥
पूज्य आदेश वलि 'थंभणो' वांदिवा,
नयरि 'खंभाइतै' अधिक सुख वास ।
संघ नी आण सुप्रमाण करि पड़िकम्या,
चतुर चित चंग सूं चरम चौमास ॥२॥वा०॥
करिय चोमास अति खाश आणंद सूं,
निज वचन रंजव्या सकल नर नारी ।
ज्ञान परमाण निज आयु तुच्छ जाणिन,
साधु व्रत साचवइ वलिय संभारि ॥ ३ ॥ वा० ॥
प्रथम पोरसि अनै वलिय (सं० १७२५) 'मिगसर', तणी
'कसिण चवदस' अनै 'सोम' (शुभ) वार ।
ऊंचो चढूं एहवउ वयण मुख सुं कह्यो,
ऊंच गति जाणना एह आचार ॥ ४ ॥ वा० ॥
करिय अणसण अनै वलिय आराधना,
सकल जीव राशि शुभ चित खमावी ।
मन वचन काय ए त्रिकरण शुद्ध सुं,
भाव धरि भावना बार भावी ॥ ५ ॥ वा० ॥

एक मन भजन भगवंत नउ करतहिं,
सुणतहिं उत्तराध्ययन वाणि ।
सावचेत आप श्री संघ बैठा थकां,
स्वर्ग गति लहिय पुण्यवन्त प्राणी ॥ ६ ॥ वा० ॥

वादियां गंजणो सकल जण रंजणो,
प्रगट घट ज्ञान बहु जाण पूरो ।
दुःख दालिद्र हरि सुख संपति करइ,
सुप्रसन्न सेवकां हुइ सनूरो ॥ ७ ॥ वा० ॥

भाग बड़ भेटयइ राग मन लाइ नइ,
गाइ नइ सुगुण शोभा बड़ाई ।
कुंकमे केसर पूजतां पादुका अधिक,
धरि ऋद्धि नव निद्धि आई ॥ ८ ॥ वा० ॥

संघ सुखदाय मन लाय सुख सागरा,
नागरा नित नमइ शीस नामी ।
गणि 'समयहर्ष' नित सुगुरु गुण गावतां
सिद्धि नव निद्धि बहु वृद्धि पामी ॥ ९ ॥ वा० ॥

॥ इति गुरु गीतम् ॥

हीरकीर्त्ति परम्परा

॥ कवित्त ॥

'पदमहेम' गुरु प्रवर, सदा सेवक सुख आपै ।
'दानराज' दिल साच, सेवतां संकट कापै ॥
'निलय सुन्दर' वाचक सुगुरु, साहिब सुखकारी ।
'हर्षराज' गुणवन्त, 'हीरकीरति' हितकारी ॥
पांचे सुगुरु पांच मेरु सम, पंचानुत्तरनो परै ।
दीजियै सुख संतान रिद्धि, 'राजलाभ' वीनति करै ॥१॥
वाचक प्रवर 'राम जो', वडो मुनिवर वखतावर ।
नामै नवनिधि होइ, 'राजहर्ष' गुण आगर ॥
पण्डित चतुर प्रवीण, जुगति जाणन जोरावर ।
'तिलक पद्म' 'दानराज,' 'हीरकीरति' पाटोधर ॥
इम ऋद्ध वृद्धि आणंद करो, सुख सन्तति द्यौ संपदा ।
'राजलाभ' कहै गुरु जी हुज्यो, सेवक नुं सुप्रसन्न सदा ॥२॥

॥ संवत १७५० वर्षे मिती माघ सुदि ५ दिने ॥

॥ श्री गुरुभ्यो नमः ॥

वा० हीरकीर्त्ति स्वर्गगमन गीतम्

श्री 'हीरकीरति' वाचक प्रणमो, सुर मणि सुरतरु सुरधेन समो ।
अरियण दुख दोहग दूरि गमइ, घरि नवनिधि लिखमो रंग रमइ ।१।
सुख संपति दायक उपगारी, सेवक जन नइ सानिध कारी ।
लबधइ गुरु गोयम गणधारी, नित ध्यान धरू हुं बलिहारी । २ ।
गुरु चरण करण ब्रह्म व्रत पालइ, तप जप करि अशुभ करम टालइ ।
पूरव मुनिवर मारग चालइ, निज देव सुगुरु मनि संभालइ । ३ ।
श्री 'गोलवछा' वंसइ दीपइ, तेजइ करि दिनकर नइ जीपइ ।
महियल मंडल महिमा जागइ, सेवक लुलि पाये लागइ । ४ ।
सिद्धंत अरथ गुण भंडार, छ(व) काय वछल प्रति हितकार ।
सुमिती अजव मद्दव सार, मुत्ती संजम तप निरधार । ५ ।
अणदीधउ न लीयइ साच बदइ, आकिंचन (दश) विध सील हवइ ।
आहार तणा दूषण टालइ, वइतालीस सुद्धि क्रिया पालइ । ६ ।
शाखा जगगुरु जिनचन्द्र तणइ, महिमा जस वास संसार थुणइ ।
गणि 'दानराज' पाटै उदयो, वाचक वर 'हीरकीरति जयो । ७ ।
संवत 'सतरइ गुणतीस' समइ, रहिया चौमासउ अंत समय ।
'श्रावण सुदि चउदस' जोधाणइ' ज्ञानइ करि आऊखो जाणइ । ८ ।
चोरासी योनि खमावि सहू , लख पाप अठार आलोय बहू ।
अपनै मुख अणशण आदरीयो, निज चित्तमें ध्यान धरम धरीयो ।९।
नवकार महामंत्र संभाली, गति असुभ करम दूरे टाली ।
अणशण पहुर वि आराधी, सुह झांणइ सुर पदवी लाधी । १० ।

सतरइ 'गुणतीसइ' 'माह' मासइ, 'तेरस' दिवसइ मन उल्हासइ।
'वदि' महुरत शशि सुभ वार, पगला 'थाप्या' जयजय कार। ११।
श्री 'पदमहेम' वाचक प्रवरू; श्री 'दानराज' सोहाग करू।
श्री 'निलयसुंदर' 'हरपराज' मुदा, प्रणमो श्री 'हीरकीरति' सदा।१२।
पांचै गुरुना पगला सोहइ, (पंच) परमेसर जिम मन मोहै।
समयां सेवक दरसण दीजै, सुख संतति उदै उन्नति कीजै। १३।
पांचे गुरुणा पूज्यां ! पगला, दुख आरति रोग ! टलइ सगला।
घरि वइठां आइ मिलइ कमला, गुरु तूठां थोक सहू सवला। १४।
पय पूजो गुरु हिय भाव करी, केसर चन्दन सु चित्त धरी।
सदगुरु सुपसायइ रंगरली, लहे पुत्र कलत्र समृद्ध वली। १५।
दिन दिन आणंद सुमति दाता, गुरु चरणै अहनिस जे राता।
मनवंछित पूरण कामगवी, सेवक सुखदायक अधिक छवी। १६।
साचउ साहिव तुंहिज मेरो, हुं खिजमतगार भगत तेरो।
सुपसायइ गुरु नव निह संप(ज)इ, गणि 'राजलाभ' सेवक जंपइ। १७।

॥ इति श्री ॥

उपा० भावप्रमोद स्वर्गगमन गीतम्

नं० १

जिसौ भाव जोगी जती जोग तत्त जांणतौ, वैण वखाणतौ अमृत वाणि ।
साझीयौ तिसौ अवसाण २ सिध, जंपै अरिहंति मनि अंति जाणी॥१॥
व्याकरण तर्क सिद्धंत वेदन्त री, जीह वदतौ सदा भेद जुओ ।
भाव शिष 'भाव परमोद' चो भाव सुद्ध,
हुं तौ आछौ तिसौ मरण हुओ ॥२॥
गछै चोरासीये न छै कोइ ईयै गुणि, श्रवण सुनीयो न को एम सीधो ।
(भावपरमोद) जिम मुखा भगवंत भणै,
लीयां जस लाह स्वर्गलोक लीधो ॥३॥
वरसि 'जुग वेद मुनि इंद १७४४ 'गुरु' 'माह वदि',
बात अखियात जुग सात बचिसी ।
बड पाठक तणी घणी महिमा वसु,
रात दिन वडा कवि पात रचिसी ॥४॥

नं० २ कड़खामें

विरदे वखाणी जै जी 'भावपरमोद' कुल रो भाण ।
जग मांहि जाणिजै जी, परधान पुरुष प्रमाण । टेक
परधांन सुजस निधान प्रगडउ, वाधतै मुखि वांन ।
असमान मांन गुमांन अमली, मांण दीयण सु दांन ।
ऊनधां नाथणा नडण अनडां, पूजतै निज प्रांण ।
दीपतो सरव गुण जाण दीपै, खरतरै दीवांण ॥१॥वि०॥

व्याकरण वेद पुरांण वदतौ, सकल जैन सिद्धन्त ।
ब्रह्मज्ञान आतम धरम वित्त, उपधान जोग विधन्त ।
आगम पेंतालीस अरथे, कथे कांइ न कांण ।
पाठक पदवी धार पृथि(वि) में, एहवै अहिनाण ॥ २ ॥ वि० ॥
थूलभद्र नारद जिसौ धीरम, सील सत्त सरुप ।
'जिनरतन' सूरि पडूरि जैनू, इखै बुद्धि अनूप ।
तिम 'चंद' रै पिण छंदि चलतौ, वडिम आगेवाण ॥
पाट पति छत्रपति पाव पूजैं, रीझवै रावराण ॥ ३ ॥ वि० ॥
'जिनराज सूरि' जिहाज जिन धरम, भट्टारक मुनिभूप ।
शिष्य तास 'भावविजै' समो भ्रम, गच्छ चोरासी रूप ।
'भाव विनय' तिणरै पाट भणिजै, वडिम गुण वखांण ।
एतलां वंस राजहंस ओपम, सलहिजै सुविहाण ॥ ४ ॥ वि० ॥
वांचतो वाणि वखांणि अविरल, अमृत धारा एम ।
नव नवा नव रस वचन निरुपम, जलहरां ध्वनि जेम ।
जस सुजस पंकज वास पसरी, प्रथ्वी रै परिमाण ।
रवि चंद नै ध्रू(व) मेरु रहिसी, सुजस रा सहिनांण ॥ ५ ॥ वि० ॥
जिण-बाल वय ब्रह्म चारु चारित्र, लीयो जती व्रत योग ।
वय तरुण पण मन में न वंछया, भला वंछित भोग ।
तत पंच साव्रत नेम जत सत, वाच रुद्र ब्रह्मांण ।
मुकीयो नहीं अरिहंत मुख हूं, अंत रै अवसाण ॥ ६ ॥ वि० ॥
आराधना सीधंत उचरै, शुद्ध सरणा च्यार ।
मनि क्रोध कपट मिथ्यात मूंके, लोभ नहींय लिगार ।

नहीं कोइ बैर विरोध किणसुं, मोह नहीं अतिमांण।
परलोक इंद्रापुरि पहोतो, पचखि भव (पच)खाण ॥ ७ ॥ वि० ॥
संवत 'सतरैसे चमाले', 'माह वदि' गुरुवार।
'पंचमि' तिथ वलि पहुर पिछलै, सीख मति करि सार।
भरि वीख लांबो चरम भव चवी, देवता जिम डांण।
तप जप चै परताप पर-भवि, पहुंचस्यै निरवाण ॥ ८ ॥ वि० ॥

इति श्री भावप्रमोदोपाध्यायनामंत्यावस्थायामुपरि अष्टकं संपूर्ण।

(कृपाचंद्र सूरि ज्ञान भंडारस्थ गुटकेसे)

❀ जैनयती गुण वर्णन ❀

केइ तो समस्त न्याय ग्रन्थमें दुरस्त देखे,
फारसीमें रस्त गुस्त पूभै छत्रपती है।
किस्त करै तपकी प्रशस्त धरै योग ध्यान,
हस्त कै विलोकवै कुं सामुद्रिक मती है।
पूज कै गृहस्तके वस्त्रके जु ग्राहक हैं,
चुस्त है कलामें, हस्त करामात छती है।
'खेतसो' कहत षट्दर्शनमें खबरदार,
जैनमें जबर्दस्त ऐसे मस्त 'जती' हैं।

(१८ वीं शताब्दी लि० पत्र जय० भं०)

कविवर जिनहर्षजीकी हस्तलिपि

(कविके स्वयं रचित स्तवनादि संग्रहकी प्रतिका मध्य पत्र)

कविवर जिनहर्ष गीतम् ।

॥ दोहा ॥

सरसति चरण नमी करी, गास्युं श्री ऋषिराय ।
श्री 'जिनहरष' मोटो यति, समय अनुसार कहिवाय ॥१॥
मंद मतोने जे थयो, उपगारी सिरदार ।
सरस जोडिकला करी, कर्यो ज्ञान विस्तार ॥२॥
उपगारी जगि एहवा, गुणवंता व्रत धार ।
तेहना गुण गातां थकां, हुइ सफल अवतार ॥३॥

वाडी ते गुडां गामनी ॥ देशी ॥

श्री जिनहरष मुनीश्वर गाईये, पाईयै वंछित सीद्ध ।
दुसम काल मांहि पणि दीपती, किरिया शुद्धो कीध ॥१॥ श्रीजि० ॥
शुद्ध क्रिया मारग अभ्यासता, तजता मायारे मोस ।
रोस धरइ नही केहस्युं मुनीवरू, सुंदरु चित्तइं नही सोस
॥२॥श्रीजि०॥
पंच महाव्रत पालै प्रेमस्युं, न धरै द्वेष न राग ।
कपट लपेट चपेटा परिहरइ, निरमल मन मैं वइराग ॥३॥श्री॥
सरल गुणै दूरि हठ जेहनें, ज्ञाने शठता (र) दूरि ।
ममता मान नही मनि जेहने, समता साधु नुं नूर ॥४॥श्री॥

मंदमती नें शास्त्र वंचावता, आपता ज्ञान नो पंथ ।
जोडिकला मांहि मन राखतो, निरलोभी निग्रंथ ॥५॥श्री॥
शत्रुंजयमहातम आदि भला, तेहना कीधा रे रास ।
जिन स्तुति छंद छप्पया चउपई, कीधा भल भला भास ॥६॥श्री॥
निज शकतिं इम ज्ञान विस्तारीयु, अप्रमत्त गुणना निवास ।
ईर्या सुमति मुनिवर चालता, भाषासुमति स्यु भाष ॥७॥श्री॥
एषणासुमति आहारइं चित्त धरयु, नही किहांइं प्रतिबंध ।
निरीह पणै मन लूखू जेहनु, नही को कलेशनो धंध ॥८॥श्री॥
गच्छनो ममत्व नही पण जेहनें, रुडा निस्पृह वंत ।
शांतो दांत गुणे अलंकरु, शोभागी सत्यवंत ॥९॥श्री॥

(२)

श्रीजिनहरष मुनीश्वर वंदीइ, गीतारथ गुणवंत ।
गच्छ चुरासीइं जाणइ जेहने, मानइं सहु जन संत ॥१॥
पंचाचार आचारइं चालता, नव विध ब्रह्मचर्यधार ।
आवश्यकादिक करणी उद्यमइं, करता शकति विस्तारि ॥२॥
आज कालिनारे कपटी थया, मांडी डाक डमाल ।
निज पर आतमने धूतारता, एहवो न धरयोरे चाल ॥३॥
आज तो ज्ञान अभ्यास अधिकछै, किरिया तिहां अणगार ॥
ते 'जिनहरप' मांहि गुण पामीइ, निंदै तेह गमार ॥४॥
आप मती अज्ञान क्रिया करी, त्रा(द?)डूकइ जिम सांड ।
हुं गीतारथ इम मुख भाखता, खुलनु थाइरे षांड ॥५॥

कामिनि कांचन तजवां सोहिलां, सोहलुं तजवुं गेह ।
पणि जन अनुवृत्ति तजवी दोहली, 'जिनहरषइं' तजी तेह ॥६॥
श्रीसाहायिक पणि सुभ आवी मल्या, श्री'वृद्धिविजय' अणगार ।
व्याधि उपन्नइरे सेवा बहुं करी, पूरण पुण्य अवतार ॥७॥
आराधना करावइ साधुनै, जिन आज्ञा परमाण ।
लख चुरासीरे योनि जोव मावतां, ध्याता रूडुंख ध्यान ॥८॥
पंच परमेष्टीरे चित्तइ ध्याइतां, गया स्वर्गे मुनिराय ।
मांडवी कीधोरे रुडी श्रावके, निहरण काम कराय ॥९॥
'पाटण' मांहिरे धन ए मुनिवरुं, विचर्या काल विशेष ।
अखंडपणै व्रत अंत समइ ताइं, धरता सुभ मति रेख ॥१०॥
धन 'जिनहरष' नाम सुहामणु, धन २ ए मुनिराय ।
नाम सुहावइ निस्पृह साधनुं, 'कवीयण' इम गुणगाय ॥११॥

* कवियण कृत *

देव विलास ।

(देवचंद्रजी महाराजनो रास)

सुकृत प्रेमराजी वने,—प्रोल्लासन चिदूहंस ;

ते तेम रि(हृ?)दये अक्षता, 'आदिनाथ अवतंस ॥ १ ॥

'कुरु' देशें करुणानिधि, उत्पन्न 'श्रीजिनशान्ति',

शांति थइ सवि जनपदे, कार्त्तस्वर जस कान्ति ॥ २ ॥

ब्रह्मचारीचूडामणि, योगीश्वरमें चंद ,

तारक राजुलनारिनो, प्रणमुं 'नेमिजिणंद' ॥ ३ ॥

यशनामिक कृत्य ताहरुं, पुरीसादाणी बिरुद,

वामाकुल वडभागीयो, 'पारसनाथ' मरद्द ॥ ४ ॥

जिनशासननो भूपति, 'वर्द्धमान' जिनभाण,

दूषम पंचम आरके, सकल प्रवर्त्ते आण ॥ ५ ॥

पंच परमेष्ठि जिनवरा, प्रणमु हुं त्रिणकाल,

अन्य एकोनविंशति जिना, तस प्रणमुं सुविशाल ॥ ६ ॥

सरसती व(र)सती मुखकजे, 'माघ' कविने साध्य,

'कालिदास' मूरख प्रतें, कीयो कवि कीधा पद्य ॥ ७ ॥

'मल्लवादो' तुज सांनिधे, जीत्या बौद्ध अनेक,

तुज दरिसणे पद लब्धिनी, उत्पन्न थइ विवेक ॥ ८ ॥

तिम माताना सहाय्यथी, गाजी मर्द 'देवचंद्र',

'देवविलास' रचुं भलुं, खरतरगच्छ दिणंद ॥ ९ ॥

कोइ देवाणुप्रिय कहे, ए स्तवना करे किम,

स्या ? गुण जोइ वरणवे, श्युं? बोले जिम तिम ॥ १० ॥

पंचमकाले 'देवचंद' ना, गुण दाखिवनें यत्र,

यथार्थपणे (कहो) मुज प्रतें, तो सत्य मानु अत्र ॥ ११ ॥

सांभलि मूढशिरोमणि, अछता गुण कहे जेह,

प्रशंस किम कोविद करे, गुण कहुं सांभलि तेह ॥ १२ ॥

पंचमकाले 'देवचंद्रजी', गंधहस्ति जे तुल्य,

प्रभावक श्रीवीरनो, थयो अधुना बहुमूल्य ॥ १३ ॥

रत्नाकरसिंधु सदृश, चतुर्विध संघ जिन भूप,

कही गया ते सत्य छे, सांभल तास सरूप ॥ १४ ॥

ढाल—कपुर होये अति उजलुंरे ए देशी ।

श्री देवचंद्रजीना गुण कहुंरे, सांभल ! चतुर सुजाण ।

घटता गुणनो प्ररूपणारे, कहेवाने सावधानरे । ॥ १ ॥

भविका सांभलो मूकी प्रसाद । टंक ।

प्रथम गुणे सत्य जल्पनारे१, बीजे गुणे बुद्धिमान ।

त्रीजे गुणे ज्ञानवंततारे३, चोथे शास्त्रमें ध्यानरे ४ ।भविका०। सां० ।२।

पंचम गुणे निःकपटतारे५, गुण छठ्ठे नही क्रोध६ ।

संजल नो ते जांणीयेरे, नही अनंता नी योधरे ।भवि०॥ सां० ॥३॥

अहंकार नही गुण सातमेरे, ७ आठमे सूत्रनी व्यक्ति ८ ।

जीवद्रव्यनी प्ररूपणारे, जाणे तेहनी युक्तिरे ॥ भ० ॥ सां० ॥४॥

सकल आगम हृदये रम्यारे, तेहना भांगा जेह ।
'कर्मग्रंथ' 'कम्मपयडी' ना रे, स्वप्नमां अर्थना नेह रे । भ०।सां० ५ ।
नवमें सकल ते शास्त्रना रे, ९ पारंगामी पूज्य ।
अलंकार कौमुदी भाष्यजे रे, अष्टादश कोश ना गुह्यरे ।भ०। सां० ।६।
सकल भाषामें प्रवीणतारे, पिंगल कृत शेष नाग ।
काव्यादिक नैषध भलां रे, स्वरोदय शास्त्रे अथाग रे । भ० । सां० ।७।
जोतिष सिद्धान्त शिरोमणि रे, न्यायशास्त्रे प्रवीण ।
साहित्य शास्त्रे सुरतरु रे, स्वपरशास्त्रे लीण रे । भ० । सां० ।८।
दशमे गुणें दानेश्वरी रे, १० दीनने करे उपगार ।
एकादशे विद्यातणी रे, ११ दानशालानो प्यार रे । भ० । सां० । ९ ।
गछ चोरासी मुनिवरु रे, लेवा आवे विद्यादान ।
नाकारो नही मुखथकी रे, नय उपनां विधान रे । भ० । सां० । १० ।
अपर मिथ्यात्वी जीवडारे, तेहनी विद्यानो पोस ।
अपूर्व शास्त्रनी वाचना रे, देतां न करे सोस रे । भ० । सां० । ११ ।
विद्यादानथी अधिकता रे, नही कोइ अवर ते दान ।
न करे प्रमाद भणावतां रे, व्यसन ना नही तोफान रे । भ० ।सां०।१२।
पुस्तक संचय द्वादश गुणे रे, १२ जीर्णने करे नूतन ।
स्वगणमें अपर गणे रे, प्रतिष्टाधारक जन रे । भ० । सां० । १३ ।
वाचक पदवी त्रयोदश गुणे रे, १३ चौदमे वादीजीत, १४
पनरमे जेहना उपदेशथी रे, १५ चैत्यंनूत(न)नो प्रीति ।भ०। सां० ।१४।
सोलमे वचनातिशयथो रे, १६ द्रव्य (ख)रचाव्यो धर्मथान ।
सप्तदशे राजेन्द्र पाय नम्यो रे, आज्ञा माने प्रधानरे । भ० । सां० ।१५।

मारि उपद्रव टालीओ रे, अष्टादशे गुणे जेह १८
देश देशे गुण कीर्त्तिनी रे, प्रवर्त्त विख्यातनुं गेह रे। भ०। सां०। १६।
एकोनविंशति गुणगणे रे, आजानबाहु देवचंद्र १६।
क्रिया उद्धार वीसमे गुणे रे, अवधि जाणे सुरेन्द्र रे। भ० ।सां० ।१७।
जिम शेषनागने शिरमणि रे, तेहना गुण छे अनन्त।
तिम देवचंद्र मणि मंजुरे,(मस्तकेरे)एकवीस गुण महंत रे।भ०।सां०।१८।
प्रभाविक पुरुष आगे थयारे, अधुना तेहने तुल्य।
ए गुण बावीस स्थूलतारे, सूक्ष्म गुण बहुमूल्य रे। भ०। सां०। १६।
पढम ढाल ए गुणतणी रे, कवियणे भाखी जेह।
अल्पभवी हस्ये ते सद्हेरे, एहवा पुरिस थोडा जगरेहरे ।भ०।सां०।२०

दुहा—

प्रथल ढाल ए गुणतणी, कवियण भाखी जेह,
विपक्षीने जाणवा, मनमें जाणे तेह। ॥ १ ॥
गुणतो सर्वत्र प्रगट छे, देश विदेश विख्यात ,
कवियणनी अधिकाइता, स्युं ? एहमे छे वात। ॥ २ ॥
कवियण कहे एक जीभतें, किम गुणवर्णन जाय,
सागरमें पाणी घणो, गागरमें (न) समाय ॥ ३ ॥
वली कोइ भवि पुछस्ये, कवण ज्ञाति कुण जाति,
मातपिता किहां एहनां, ते संभलावो भांति ॥ ४ ॥
देश किहां किहां जन्मभू, कुंण गुरुना ए शिष्य,
कुण श्रीपूज्य वारे हुवा, भली उलटे लीधि दीक्ष ॥ ५ ॥

विद्याविशारद किहां थया, किम सरस्वती प्रसन्न,
किहां साधना कीधी भली, सुणतां चित्त प्रसन्न ।। ६ ।।
देवचन्द्रना वचनथी, किम खरचाणो द्रव्य,
किम भूपति पाये नम्या, ते विरतंत कहु भव्य ।। ७ ।।
सर्व गुण गणनी वारता, भाषे कवियण जेह,
सांभलजो भविजन तुमे, पावन थाये देह ।। ८ ।।

देशी हमीरानी ।

थाली आकारे थिर भलो, जंबुद्वीप विदीत । विवेकी ।
तेह में भरतक्षेत्र रम्यता, आरज देश सुप्रतीत ।। वि० ।। १ ।।
भवियण भाव धरो सुणो ।। वि० ।।
मरुस्थल देश तिहां सुन्दरु, तेह में 'विकानेर' द्रंग ।। वि० ।।
तेहने निकट एक रम्यता, ग्राम अछे सुभ चंग ।। वि० ।। २ ।। था० ।।
रिद्धिवंत महाजन घणा, रिद्धेकरी समृद्ध; ।। वि० ।।
अमारीशब्दनी घोषणा, सुखीआ जन सुबुद्धि ।। वि० ।। ३ ।। था० ।।
'ओशवंशे' ज्ञाति जाणीये, 'लुंणीयो' गोत्र सुजात ।। वि० ।।
साह श्री 'तुलसीदासनो', धर्मबुद्धि विख्यात ।। वि० ।। ४ ।। था० ।।
'तुलसीदास' नी भार्या, 'धनबाइ' पुन्यवंत । विवेकी ।
शील आचारे सोभती, सत्यवक्ता क्षमावंत ।। वि० ।। ५ ।। था० ।।
यथाशक्ति क्रय विक्रयता, व्यवहारनुं जे धाम ।। वि० ।।
दम्पती प्रीतिपरम्परा, धर्मे खरचे दाम ।। वि० ।। ६ ।। था० ।।
सुविहितगच्छमें जामली, वाचकमें शिरदार ।। वि० ।।
वाचक 'राजसागर' सुधी, जैन काजी मनोहार ।। वि० ।। ७ ।।था०।।

अनुक्रमे गुरु तिहां आवीया, वांदवा दम्पति ताम ॥ वि० ॥
'धनवाइ' श्री गुरुने कहे, सुणो गुरु सुगुणनु धाम ॥ वि०॥ ८॥था०॥
पुत्र हस्ये जेह माहरे, वोहरावीस धरी भाव ॥ वि० ॥
यथार्थ वयण नी जलपना, सुगुरुये जाण्यो प्रस्ताव ॥ वि० ॥६॥था०॥
विहार करे गुरु तिहां थकी, गर्भ वधे दिन दिन ॥ वि० ॥
शुभयोगे शुभमुहूरते, सुपन लह्यु एक दिन ॥ वि० ॥ १० ॥ था० ॥
शय्यामें सुतां थकां, किंचित् जागृत निंद ॥ वि० ॥
मेरु पर्वत उपरे, मिली चौसठ इन्द्र ॥ वि० ॥
जिन पडिमानो ओछव करे, मिलीया देव ना वृन्द ॥वि० ।११ ।था०।
अर्चा करता प्रभुतणी, एहवु सुपने दीठ ॥ वि० ॥
ऐरावण पर वेसीने, देता सहूने दान ॥ वि० ॥ १२ ॥ था० ॥
एहवु सुपन ते देखीने, थया जाग्रत तत्काल ॥ वि० ॥
अरुणोदय थयो ततक्षिणे, मनमें थयो उजमाल ॥ वि० ॥१३॥ था०॥
उत्तम सुपन जे देखीउ, पण प्राकृतने पास ॥ वि० ॥
कहेवु मुजने नवि घटे, जे बोले तेह फले आस ॥ वि० ॥१४॥था०॥
दृष्टांत इहां 'मूलदेव नो, सुपन लह्यु हतु चन्द्र ॥ वि० ॥
मुखकजमें प्रवेशतां, ते थयो नरनो इन्द्र ॥ वि० ॥ १५ ॥ था० ॥
जटिल एके ते चंद्रमा, मुखमें करतो प्रवेश ॥ वि० ॥
मूरखने फल पुछतां, भोजन लह्यु सुविवेक ॥ वि० ॥ १६ ॥ था० ॥
यादृश तादृश आगले, सुपन तणो अवदात ॥ वि० ॥
कहे (ते)ने पश्चात्ताप उपजे, ए शास्त्रे विख्यात । वि० । १७ । था०।

अनुक्रमे विहार करताथका, 'श्री जिनचंद' सूरीश । ।।वि०।।
तेह गामे पधारीया, जेहनी प्रबल जगीस । । वि० । १८ ।था०।
विधिस्युं वांदे दंपति, 'धनबाइ' कहे तास । । वि० ।
हस्त जूओ स्वामी मुजतणो, आगल सुखनुं धाम(वास?)।वि०। १९ था०
एक पुत्र विद्यमान छे, अन्य सगर्भा दीठ । । वि० ।
श्रुतज्ञाने जाणीओ, पुत्र दुजो हशे इष्ट । । वि० । २० ।था०।
ए बीजा पुत्रने अम देज्यो, पण वाचकने दीधु वचन । वि० ।
बीजी ढालमें कवि कहे, मन मां(न्या) नानुं मन्न । ।वि०। २१।था०।

दूहाः—सोरठा

दंपती श्री गुरुपास, करजोडी करे विनती,
तुम उपर विश्वास, यथार्थ कहो श्रीस्वामीजी ।। १ ।।
सुपनाध्यायना ग्रन्थ, काढ्या गुरुए ततखिणे,
सत्य बोले निग्रन्थ, लाभानुलाभ ते जोइने ।। २ ।।
श्री गुरु शिर धुणावीयुं, चमत्कृति थइ चित्त ,
सामान्य घर ए सुपन स्युं ? पण इहां एहवि थीति ।। ३।।
हे देवाणुप्रिय ! सांभलो, सुपन तणो जे अर्थ ,
शास्त्र अनुसारे हुं कहुं, नवि बोलुं अमे व्यर्थ ।। ४ ।।

देशी—मनमोहनां जिनराया

तुम धरणीमे गजपतिदीठो, तेतो शास्त्रे कह्यो गरीठोरे ।
कुंवर थास्ये लाडकडो, हांरे सुपनप्रभावे थास्येरे ।
गज पर वेसीने दान, वलि अनमिष सेवे विधानरे । ।१ कुं०।

दोय कारण छे ए सुपने, देवे जो प्रभावे ए तप(म?)नेरे। कुं०
छत्रपति थाये ए पुत्र के, पत्रपति धर्मनुं सूत्ररे। कुं०॥२॥
जो राज राजेसरी थास्ये, सर्वदेशनो ईश इल्लास। कुं०
जो पत्रपतिनुं पद पामे, तो देश विहार सुठामेरे। कुं०॥३॥
गुरु तब ते जाणो गजराज, तेपरि वेससें शिरताजरे। कुं
देवतारूप जन चाकरीये, सिंह वालकने वली पाखरीयेरे। कुं०॥४॥
दान देस्ये ते विद्यादान, वुद्धि अभयदान निदानरे। कुं०
जिन ओछव करता इन्द्र, दीठुं वृन्दारक वृन्दरे। कुं०॥५॥
जिनशासननो होस्ये थंभ, विद्यानो होस्ये सर कुंभ। कुं०
चैत्य न्युतन पडिमा थापन, तेजस्वीमें तपननो तापनरे। कुं०॥६॥
दंपति कहे मुनिराज, सांभलता न धरस्यो लाजरे। कुं
क्रोधभाव न आणस्यो चित्त, पुत्र तेजस्विमें आदित्यरे। कुं०॥७॥
तुम रांक तणे घर रत्न, रहेस्ये नही करस्ये यत्नरे। कुं०
दंपति मनमांहि चिंते, थायुं छे वोहरावानुं निमित्तरे। कुं०॥८॥
संवत सत्तर (४६)छेताला वरषे, जन्म्यो ते पुत्र छ(छे?) हरषेरे। कुं०
गुण निष्पन्न ते नाम निधान, 'देवचंद्र' अभिधानरे। कुं०॥६॥
वरस थया ते पुत्रने आठ, धारे ते विज्ञानना पाठरे। कुं०
कवियण भाखी त्रीजी ढाल, आगल वात रसालरे। कुं०॥१०॥

दूहा

अनुक्रमे विहार करता थका, आव्या पाठक तत्र,
'राजसागर शिरोमणि', अर्भक प्रसन्यो यत्र ॥ १ ॥

गुरु देखी हर्षित थया, वहुराव्यो पुत्र रतन,

धर्मलाभ गुरु तव दीये, करजो पुत्र जतन ॥ २ ॥

वाचक श्री 'राजसागरु', कोविदमें शिरताज,

दिन केतलाएक गया पछी, मन चिंत्यु शुभकाज ॥३॥

दीक्षा देवी शिष्यने, सुभ महुरत जोइ जोस,

सुभ चीघडीए देखीने, तो थाये संतोष ॥ ४ ॥

संघ सकलने तेडीने, दीक्षानी कही वात,

वचन प्रमाण करे तिहां, उलस्यां सहूनां गात्र ॥ ५ ॥

शुभ ओछव महोछवे, दीक्षा दीये गुरुराय,

संवत 'छपने' जाणीये, लघु दीक्षा दीये गुरुराय ॥ ६ ॥

श्री 'जिनचंदसूरीश्वरे', वडी दीक्षा दीये सार,

'राजविमल' अभिधा दीउ, श्रीजीनो घणो प्यार ॥७॥

'राजसागरजी'ये हितधरी, सरस्वतीकेरो मंत्र,

आपुं शिष्य 'देवचंद ने', मनमें कीधो तंत्र ॥ ८ ॥

गाम 'वेलाडु' जाणीये, 'वेणातट' सुभरम्य,

भूमिगृहमें राखीने, साधन करे तारतम्य ॥ ९ ॥

थइ प्रसन्न सरस्वती, रसनाग्रे कीयो वास,

भणवानो उद्यम करे, श्री गुरुसाहाज्य उलास ॥ १०॥

देशी—वारी म्हारा साहिबा

देवचंद्र अणगारने हो लाल, सुभ शास्त्र तणा अभ्यासरे,

देखीने ठरे लोयणा।

प्रथम षडावश्यक भणे हो लोल, के(ते?)पछी जैनशैलीनो वासरे। दे०॥१॥

सूत्र सिद्धान्त भणावीया हो०, वीरजिनजीए भाख्या जेहरे। दे०
स्वमार्गमें पोपक थया हो०, टाले मिथ्यामतनुं गेहरे। २ दे०
अन्यदर्शनना शास्त्रनो हो०, भणवाने करता उद्यमरे। दे०
वैयाकरण पंचकाव्यना हो०, अर्थ करे करावे सुगम्यरे। ३ दे०
नैपध नाटक ज्योतिप शिखे हो०, अष्टादश जोया कोपरं। दे०
कौमुदी महाभाष्य मनोरमा हो०, पिंगल स्वरोदय तोपरे। ४ दे०
भाखा (भाष्य ?) ग्रन्थ जे कठिणता हो०,

तत्वारथ आवश्यकवृहद्वृत्ति हो। दे०

'हेमाचार्य'कृत शास्त्रनारे, हो०, 'हरिभद्र' 'जस' कृत ग्रन्थ चित्तरे।५दे०
पट्कर्मग्रन्थ अवगाहता हो०, कम्मपयडोये प्रकृति संबंधरे। दे०
इत्यादिक शास्त्रे भला हो०, जैन आम्नाये कीध सुगंधरे। ६ दे०
सकलशास्त्रे लायक थया हो०, जेहने थयुं मइ सुइ ज्ञानरे। दे०
संवत् सतर चुमोतरे (१७७४) हो०,वाचक 'राजसागर' देवलोकरे।७ दे०
संवत् सतर पंचोतरे (१७७५) हो०, पाठक ज्ञानधर(म) देवलोकरे।
मरट '(मरोट?)' ग्रामे गुरुये भलो हो ला०, 'आगमसार' कीधो ग्रन्थरे।
'विमलदास' पुत्री दोय भली हो०,'माइजी' 'अमाइजी' शुभ पुष्परे।८दे०
दोय पुत्रीने कारणे हो०, कीधो ग्रन्थ ते आगमसाररे। दे०
संवत् सतर सीतोतरे (१७७७) हो०,गुजरात आव्या देवचंदरे।९ दे०
पाटण मांहि पधारीया हो०, व्याख्याने मिले जनवृन्दरे। १० दे०
कवियण कहे चोथी ढालमें हो०, कह्यो एह विरतंत प्रसिद्धरे। दे०
आगल हवे भवि सांभलोरे हो०, धर्मकरणीनी वृद्धिरे। ११ दे०

दूहा

पाटणमें देवचंदजी, जैनागमनी वाणि,
वांची भवीजन आगले, स्याद्वाद युक्त वखाण ॥ १ ॥
'श्रीमाली' कुलसेहरो, नगरशेठ विख्यात,
रायैं राणा जस आज्ञा करे, प्रमाण सर्वे वात ॥ २ ॥
नामे 'तेजसी' 'दोसीजी', धन समृद्धे पूर,
श्रावक 'पूर्णिमागच्छ' नो,—जैनधरमनुं नूर ॥ ३ ॥
कोविद्में अग्रेसरी, श्री 'भावप्रभसूरि',
पुस्तकनो संप्रदाय बहुल,—छात्र भण्या जिहां भूरि ॥४॥
ते गुरुना उपदेशथी, भराव्यो सहसकूट,
'तेजसी' 'दोसीने' घरे, ऋद्धि समृद्ध अखूट ॥ ५ ॥
ते सेठ 'तेजसी' घरे, 'देवचंद्र' मुनिराज,
तव तिहां शेठ प्रत्ये कहे, हे देवाणुप्रिय ताज ॥ ६ ॥
सहसकूटना सहस जिन, तेहना जे अभिधान,
गुरु मुखे तमे धार्या हस्ये, के हवे धारस्यो कान ॥७ ॥
मीठे वयणे गुरु कहे, सांभलीयुं तव सेठ,
स्वामी हुं जाणुं नहीं, चमत्कृति थइ द्रढ ॥ ८ ॥
एहवे अवसरे तिहां हता, संवेगी शिरदार,
'ज्ञानविमल सूरिजी', तिहां गया शेठ उदार ॥ ९ ॥
विधिस्युं वांदी पुछीयुं, सह(स)कूट सहस्रनाम,
आगमें थी पृथकता, निकासो सुभधाम ॥ १० ॥

'ज्ञानविमलसूरि' कहे, सहसकूटनां नाम,
अवसरे प्राये जणावस्युं, कहेस्युं नाम ने ठाम ॥११॥
सकलशास्त्रे उपयोगता, तिहां उपयोग न कोइ,
आगम कुंची जाणवी, ते तो विरला कोइ ॥ १२ ॥

ए देशी :—माहरी सहीरे समाणी।

एक दिन श्री 'पाटण' मझार, 'स्याहानी पोलि' उदार रे।
सहसजिननो रसीयो, 'देवचन्द्र' वयणे उलसीयो रे ॥ १स०॥ टेक ॥
ते पोलि चोमुखवाडी पास, सहुनी पूरे आस रे ॥स०॥१॥
सतरभेदी पूजा रचाणी, प्रभु गुणनी स्तवना मचाणी रे ।स०।
'ज्ञानविमल सूरि' पूजामें आव्या, श्रावकने मन भाव्या रे ॥स० २॥
तिहां वली यात्राये 'देवचन्द्र', आव्या बहुजनने वृन्द रे ।स०।
प्रभुने प्रणाम करीने बेठा, प्रभुध्यान धरे ते गरीठा रे ॥स० ३॥
एहवे तिहां शठ दर्शन करवा, संसार समुद्रने तरवा रे ।स०।
प्रश्न करे शेठ 'ज्ञानविमलने', सहसकूट नाम अमलनेरे ॥स०४॥
बहु दिन थया तुम अवलोकन करतां, इम धर्मनां कार्य किम सरतांरे।स०
प्राये सहसकूटना नामनी नास्ति, कदाचि कोइ शास्त्रे अस्तिरे ।स० ५।
ज्ञानसमसेर तणा झलकारा, देवचन्द्र बोल्या तेणिवाररे ।स०।
श्रीजी तुमे मृषा किम बोलो, चित्तथी वात ते बोलोरे (खोलोरे)॥स०६॥
प्रभु मन्दिरमें यथार्थनी व्यक्ति, किम उपजे श्रावक भक्तिरे ।स०।
तुमे कोविदमें कहेवाओ श्रेष्ठ, अयथार्थ कहो ते नेष्टरे। ॥स०७॥

तव 'ज्ञानविमलजी' त्र्क्की बोल्या, तुमे शास्त्र आगम नवो खोल्यारे ।
तमे तो मरुस्थलीयाना वासी, तुमे वाक्य बोलोने विमासीरे ॥स०८॥
शास्त्र अभ्यास कर्यो होय जेहने, पूछीये वाक्य ते तेहनेरे ।स०।
तुमे एह वार्त्तामां नही गम्य, अमे कहीये ते तुम निसम्येरे । ॥स०६॥
इम परस्पर वाद करतां, तब शेठ बोल्या हर्ष भरमांरे ।स०।
श्रीजी तमे अयथार्थ न बोलो, एह बातनो करवो निचोलोरे ॥स०१०॥
'ज्ञानविमल' कहे सुणो 'देवचंद', तुमने चर्चानो उपछंदरे ।स०।
जो तुमे बोलो छो तो तुमे लावो, सहसकूट जिन नाम संभलावोरे ॥११॥
तब 'देवचंद' कहे सुगुरु पसाये, सत्य युक्ति हवे न खसायरे ।स०।
तव 'देवचंदजी' शिष्यने साहमुं, जोइ लावो सहसजिननुं नामुंरे॥स०१२॥
सुविनीत सूलक्षने विद्वान, गुरुभक्तिमांही निधानरे ।स०।
'मनरुपजी' रजोहरणथी, पत्र आपे गुरुजीने तत्ररे । ॥स०१३॥
'ज्ञानविमलसूरि' तव वांची, एह 'खड(र?) तरे' मारो फांचीरे ।स०।
सत्कुलगुरुनो एह छे शिष्य, जेहनी जगमांहि छे अभिख्यरे ॥स० १४॥
शास्त्रमयार्दाये सहसनाम, साखयुक्त ते नाम सुठामरे ।स०।
मौन रहीने पुछे ज्ञान, तुमे केहना शिष्य निधानरे ।स० १५॥
'उपाध्याय' राजसागरजीना शिष्य, मिंठी वाणी जेहवी इक्षुरे ।स०।
नम्रता गुण करी बोले ज्ञान, 'देवचंद्र' ने आप्या मानरे ।स० १६।
तुम वाचकतो जैनना काजी, तुमे जैनना थंभ छो गाजीरे ।स०।
आदि घर छे ते(त?)मारुं भव्य, तुमे पण किम न होये कव्यरे ।स०१७॥
इणिपरे परस्पर युक्तिं मिलीया, शेठ 'तेजसी'ना कारज फलीयारे ।
सहसकूटनां नाम अप्रसस्ति(द्धि?)देवचंद्रे कीधा प्रसस्तिरे । (प्रसिद्धि)

प्रतिष्टा तिहां कीधी भव्य, ओच्छव कीधा नवनव्यरे । स० ।
'क्रियाउधार' कीधो 'देवचंद्र', काढ्या पाप परिग्रहफंदरे ।स० १६।
ढाल कही ए पांचमो रुडी, ए वात न जाणस्यो कूडीरे । स० ।
कवियण कहे आगल संबंध, वली सोनुंने सुगंधरे ।स० २०।

दोहा ।

क्रिया उद्धार 'देवचंदजी', कीधो मनथी जेह,
एह परिग्रह सवि कारिमो, अंते दुःखनु गेह ॥ १ ॥
नव नंद नी नव डुंगरी, कीधो सोवनराशि,
साथे कोइ आवी नहीं, जूठी धरवो आसि ॥ २ ॥
धन धन श्री 'शालिभद्रजी', धन धन धन्नो सुजात,
अगणित ऋद्धिने परिहरी, ए कांइ थोडी वात ॥ ३ ॥
बत्रीस कोटिसोवनतणी, 'धन्नो' काकंदी जेह,
मूकी श्री जिन 'वीरनी', दीक्षा लीधी नेह ॥ ४ ॥
देवचंद मनमें चिंतवे, हुं पामर मनमांहि,
मूर्छा धरु ते फोक सवि, सत्य प्रभु मारग वांहि (मांहि ?) ॥ ५ ॥
संवत 'सतरसत्यासीये', आव्या 'अमदावाद,'
लोक सहु तिहा वांदवा, आव्या मन आल्हाद ॥ ६ ॥
'नागोरीसरा(य)' जिहां अछे, तिहां ठवीया मुनिराज,
निर्लोभो निष्कपटता, सकल साधुशिरताज ॥ ७ ॥
साधु श्री 'देवचंदजी', स्यादवादनो युक्ति,
जीवद्रव्यना भावने, देखाडे ते व्यक्ति ॥ ८ ॥

तेहवे देशना सांभलो, श्रावक श्राविका जेह।
वाणी जल आषाढ सम, वरसे ध्वनि घन गेह ॥ ९ ॥
पापस्थान अढार छे, ते मूको भविजन्न,
जिनवरे भाष्यां जे अछे, ते सुणीये एक मन्न ॥ १० ॥

ढाल—अलगी रहेनी, ए देशी

वीर जिणेसर मुखथी प्रकासे, पापस्थान अढार,
तेहथी दूर रहो भवि प्राणी, मु(सु?)णीये आगार अणगार ॥ १ ॥
जिनवर कहेजी, कहेजी, २ जिनवर कहेजी । टेक ।
